ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06 ● विक्रम संवत 2079 ● शनिवार, 11 फरवरी 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-12 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



गोरी कैसे हुई, पूछने वाले ट्रोलर्स... पेज 12 पर

## ऐतिहासिक चूक : गहलोत ने पढ़ा पुराना बजट

○ पहली बार बजट भाषण के दौरान सदन स्थगित

○ विपक्ष का आरोप- सरकार ने लीक किया बजट

**भारी हंगामे के बाद विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आ गए**

**विपक्ष के हंगामे को देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही कर दी स्थगित**

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान विधानसभा में सरकार का बजट पेश होने से पहले ही विपक्ष ने भारी हंगामा किया है। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अपने तीसरे कार्यकाल का आखिरी बजट पेश करने के दौरान विपक्ष ने भाषण शुरू होने के साथ ही हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने बजट लीक किया है और मुख्यमंत्री ने बजट की पुरानी लाइनें पढ़ीं हैं। भारी हंगामे के बाद विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आ गए और विपक्ष के हंगामे को देखते हुए स्पीकर सीपी जोशी ने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी।

राजस्थान विधानसभा के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान सदन की कार्यवाही स्थगित की गई है। सीएम ने अपना बजट भाषण शुरू करते ही कहा कि कर्म में अगर सच्चाई है तो कर्म सफल होगा, हर एक संकट का हल होगा, आज नहीं तो कल होगा। वहीं, इसके बाद सीएम ने बजट घोषणाओं को पढ़ना शुरू किया। दरअसल, राजस्थान विधानसभा सदन में सीएम अशोक गहलोत अपने बजट भाषण के दौरान अचानक अटक गए। मालूम हो कि गहलोत ने सुबह 11 बजे बजट भाषण पढ़ना शुरू किया और थोड़ी ही देर बाद वह बजट पढ़ते-पढ़ते अटक गए। गहलोत को 125 दिन शहरी रोजगार गारंटी योजना की जानकारी बजट में आते ही गलती का एहसास हुआ। इस दौरान मंत्री महेश जोशी ने सीएम के पास जाकर यह गलती बताई और इस पर सीएम ने माफी मांगते हुए कहा कि गलती हो जाती है। वहीं, विपक्ष ने सवाल पूछा कि बजट के पेपर में पुराने बजट के कागज कैसे आ गए। बीजेपी नेता गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि सीएम ने पुराना बजट भाषण पढ़ा है।



## जलजला : तुर्की व सीरिया में विनाशकारी भूकंप के बाद

# मृतकों की संख्या 23 हजार के पार



**विशेषज्ञों ने कहा, मलबे में दबे लोगों के बचने की संभावना बहुत कम**

**एजेंसी। अंकारा/दमिश्क**

तुर्की और सीरिया में चार दिन पहले आए विनाशकारी भूकंप में मरनेवालों की संख्या 23 हजार से अधिक हो गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सीरिया में सरकार के कब्जे वाले क्षेत्रों में 1,678 लोग मारे गए और विपक्ष के कब्जे वाले क्षेत्रों में मरने वालों की संख्या 2,190 तह पहुंच गई। भारत व चीन समेत दुनियाभर के देश भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य में लगे हैं।

बचाव दल भूकंप से ढही इमारतों के मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब उनके बचने की संभावना बहुत धूमिल होती जा रही है। तुर्की के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) के अनुसार विनाशकारी भूकंप से देश में मरनेवालों की संख्या 23 हजार से अधिक हो गई है। 10 प्रांतों में खोज के प्रयास समाप्त होने के बाद हताहतों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने कहा कि मलबे में दबे लोगों के बचने की संभावना बहुत कम हो गई है। फिर भी कुछ जीवित लोग मलबे से बाहर निकाले गए हैं, जो किसी चमत्कार से कम नहीं है।

## NEWS इन ब्रीफ

### ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं शिबू सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि उनकी किडनी रिपोर्ट पूरी तरह ठीक है। लंग्स की परेशानी दवा चलने के बाद ठीक हो रही है। उन्हें दो लीटर प्रति घंटे की औसत से ऑक्सीजन दिया जा रहा है। शिबू सोरेन को दो दिनों तक अस्पताल में रखकर हालत को मॉनिटर किया जाएगा। गौरतलब है कि शिबू सोरेन को गुरुवार को लंग्स और किडनी की शिकायत के बाद मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था।

### हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगाई फटकार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए कदम न उठाए जाने पर राज्य सरकार, रांची जिला प्रशासन और पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने इस मामले में सरकार द्वारा अदालत में शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर भी सख्त नाराजगी जताई। रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर दाखिल एक पीआईएल की सुनवाई करते हुए जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की कोर्ट ने शुक्रवार को मौखिक रूप से कहा कि रात में 10 बजे के बाद किसी भी हालत में रांची शहर में लाउडस्पीकर नहीं बजना चाहिए।

### पांच मार्च को होगी नीट-पीजी की परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट-पीजी 2023) पांच मार्च को आयोजित की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। मंडाविया ने कहा कि नीट पीजी 2023 को स्थगित नहीं करने का फैसला कोविड-19 के कारण परीक्षा और काउंसलिंग प्रक्रिया में और देरी से बचने के लिए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए लिया गया है।

# सख्त शिकंजा

## 15 लाख के इनामी नक्सली मिथिलेश ने किया सरेंडर

**तीस वर्षों से पुलिस के लिए था मोस्ट वांटेड**

**104 नक्सली वारदात का है आरोपी**

**पुलिसकर्मियों के हथियार लूटने सहित हत्या, आगजनी, लेवी वसूली के हैं कई आरोप**

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**

कुल 104 नक्सली वारदात के आरोपी 15 लाख के इनामी माओवादी नक्सली कमांडर मिथिलेश सिंह उर्फ दुर्योधन महतो उर्फ बड़ा बाबू ने शुक्रवार को रांची में झारखंड पुलिस एवं सीआरपीएफ के अफसरों के समक्ष सरेंडर कर दिया। मिथिलेश पिछले तीस वर्षों से पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड था। उस पर पुलिस स्टेशन और सीआरपीएफ कैंप पर हमला बोलकर पुलिसकर्मियों के हथियार लूटने सहित हत्या, आगजनी, लेवी वसूली के आरोप हैं। इन दिनों पुलिस और सुरक्षा बलों के लगातार बढ़ते दबाव और नक्सल प्रभावित इलाकों की घेराबंदी के बाद वह पुलिस अफसरों के संपर्क में आया और हथियार डालने की इच्छा जताई। शुक्रवार को जब उसने रांची रेंज के आईजी कार्यालय में सरेंडर किया, तब झारखंड पुलिस के आईजी अभियान एवी होमकर, रांची रेंज के आईजी पंकज कंबोज सहित राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के कई आला अधिकारी मौजूद थे। पुलिस अफसरों ने बताया कि झारखंड के उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत ऊपरघाट, झुमरा पहाड़, विष्णुगढ़ और रामगढ़, बोकारो आदि इलाकों में नक्सली गतिविधियों की कमान दुर्योधन के जिम्मे थी। वह 90 के दशक में छात्र संगठन से जुड़कर माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। समय गुजरने के साथ ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



**साल 2023 का यह 11वां आत्मसमर्पण**

**झारखंड** पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ राज्यभर में अभियान चला रही है। लगातार अभियान की वजह से नक्सली संगठन में दहशत का माहौल है। यही वजह है कि छोटे से लेकर बड़े नक्सली आत्मसमर्पण करने का मन बना चुके हैं। जनवरी 2023 से लेकर अब तक झारखंड पुलिस के सामने 11 नक्सली हथियार डाल चुके हैं।

### चतरा में हाई लेवल इंटरस्टेट मीटिंग

**चतरा।** झारखंड में नक्सलियों पर काबू के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार कोशिशें कर रही हैं। उनके खिलाफ व्यापक स्तर पर रणनीति बनाई जा रही है। इसी अभियान के तहत चतरा पुलिस अब विभिन्न राज्यों के सुरक्षा एजेंसियों के साथ को-ऑर्डिनेशन बनाकर नक्सलियों पर नकेल की तैयारी में जुटी है। चतरा पुलिस के वरीय अधिकारियों ने झारखंड से सटे बिहार के गया और औरंगाबाद जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ मैराथन मीटिंग की। इस दौरान एसपी राकेश रंजन ने दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों को को-ऑर्डिनेशन पर जोर देते हुए नक्सलियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान तेज करने को कहा।

### लोहरदगा से पीएलएफआई के दो उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पुलिस ने कुडू थाना क्षेत्र के हेंजला कालीपुर जंगल से खदेड़कर पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों नक्सली पीएलएफआई के हार्डकोर नक्सली कृष्णा यादव दस्ता के सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस कप्तान आर रामकुमार ने इस संबंध में बताया कि पिछले दिनों कुडू थाना क्षेत्र के मकान्दू स्थित क्रशर प्लांट में पीएलएफआई के नाम पर पोस्टरबाजी की गई थी और संबंधित क्रशर मालिक से लेवी की मांग की गई थी। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी लेवी के लिए लोगों को फोन किए जा रहे थे। इसी दस्ते के द्वारा 15 नवम्बर 2022 को कुडू थाना अन्तर्गत लक्ष्मीनगर में विकास साहु की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में कुडू थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इन सभी घटनाओं को गंभीरता से लिया और इसके लिए एक टीम थाना प्रभारी के नेतृत्व में बनाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एक रांची जिला के चान्हो थाना क्षेत्र के बलसोकरा का निवासी है, जिसका नाम सुरेश है। दूसरा लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा गांव का निवासी है, जिसका नाम मुन्ना है। इन दोनों के पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, 315 का कारतूस, नक्सली पर्चा और बाइक बरामद किया गया है।

**मैट्रिक व आईटीआई पास है मिथिलेश, बेरोजगारी में बना था नक्सली**

**पूछताछ** के दौरान मिथिलेश ने बताया कि उसने मैट्रिक करने के बाद फीटर ट्रेड से आईटीआई किया था। वह बेरोजगार था और उसके गांव में नक्सलियों का आना-जाना था, तब 1991 में वह नक्सली संगठन में शामिल हो गया था। नक्सली संगठन में उसे हथियार चलाने से लेकर विस्फोटक प्लांट करने तक का प्रशिक्षण मिला। विभिन्न नक्सल अभियानों में वह शामिल रहा। वर्ष 2004 में उसे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पुनः वर्ष 2013 में जेल से छुटने के बाद दोबारा नक्सली बना था।

## कोलकाता पुलिस को राहत नहीं

### कैशकांड : एफआईआर निरस्त करने को लेकर गई थी सुप्रीम कोर्ट

**कोलकाता पुलिस पर सीबीआई ने दर्ज की है एफआईआर**

**कारोबारी अमित अग्रवाल और कोलकाता पुलिस के अज्ञात अफसर हैं आरोपी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में अवैध खनन व शेल कंपनियों में निवेश से जुड़ी याचिका को प्रभावित करने के लिए हुई घूसखोरी में कोलकाता पुलिस को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सीबीआई ने याचिका को प्रभावित करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को घूस देकर ट्रैप करने के मामले में कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और कोलकाता पुलिस के अज्ञात अफसरों को आरोपी बनाया था। सीबीआई दिल्ली एंटी करप्शन में दर्ज केस के खिलाफ कोलकाता पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को राहत नहीं दी।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या फैसला सुनाया :** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता पुलिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सीबीआई इस मामले की अनुसंधान जारी रखे, इस मामले में पुलिस की भूमिका पर भी जांच होगा। लेकिन जांच पूरी होने तक कोलकाता पुलिस के किसी कर्मी या ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### पूजा सिंघल को मिली दो महीने की अंतरिम जमानत



**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**

मनरेगा की योजनाओं में घोटाले के जरिए अवैध कमाई और मनी लॉड्रिंग मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षतावाली बेंच ने शुक्रवार को मेडिकल ग्राउंड पर दो महीने की सशर्त अंतरिम जमानत दे दी। उन्होंने अपनी पुत्री के स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की गुहार लगाई थी। अदालत ने अंतरिम जमानत देते हुए शर्त लगाई है कि इस अवधि के दौरान वह झारखंड में नहीं रहेंगी। इसके अलावा कुछ अन्य शर्तें भी लगाई गई हैं। इसके पहले बीते तीन जनवरी को भी सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इसी आधार पर एक महीने की अंतरिम जमानत दी थी और वह लगभग आठ महीने के बाद पहली बार जेल से बाहर आई थीं। इसके बाद बीते 4 फरवरी को अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने पर उन्होंने सरेंडर किया था और तब से वह जेल में हैं।

## जमीन विवाद में बुजुर्ग को जिंदा जलाया, मौत

**अपने झोपड़ीनुमा मकान में सो रहे थे बुजुर्ग**

**रिश्तेदारों ने ही पेट्रोल डालकर झोपड़ी में लगा दी आग**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के साहिबगंज जिले के रामपुर दियारा गांव में जमीन विवाद में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग को जिंदा जला दिया गया। बुजुर्ग का नाम मटरू सिंह है। वह अपने झोपड़ीनुमा मकान में सो रहे थे, तब उनके ही रिश्तेदारों ने झोपड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग की लपटों से घिरे मटरू सिंह ने जब शोर मचाई तो लोग बचाने दौड़े। उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन कुछ ही देर में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र रुदल सिंह ने वारदात को लेकर जिले के मुफस्सिल थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें उसने अपने चचेरे भाई छंगूरी सिंह, सूरज सिंह, अवधेश सिंह सहित पांच अन्य लोगों को नामजद किया है।

एफआईआर के मुताबिक, मटरू सिंह ने किसी से एक बीघा खेत तीन हजार रुपये सालाना किराए पर खेती के लिए ली हुई है। कुछ दिन से गांव के उनके रिश्तेदार जमीन खाली करने की धमकी दे रहे थे। बुधवार को इसे लेकर उनके साथ मारपीट भी की गई थी। इसके अगले दिन गुरुवार को घर में आग लगाकर उन्हें जिंदा जला दिया गया। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### पुलिसकर्मी ने की हर्ष फायरिंग, एफआईआर

**रांची।** बोकारो में एक शादी के दौरान हर्ष फायरिंग करनेवाले पुलिसकर्मी और पिस्तौल लेकर डांस करनेवाली महिलाओं का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू की है। इस मामले में बोकारो स्टील सिटी थाने की पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शादी समारोह के दौरान पुलिसकर्मी ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग कर रहा है, वहीं कुछ महिलाएं हाथ में पिस्तौल लेकर डांस कर रही हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो बोकारो के नया मोड़ स्थित एक होटल का है, जहां पिछले छह या आठ फरवरी को एक वैवाहिक समारोह का आयोजन किया गया था। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा ने बताया कि थाना प्रभारी महेश कुमार सिंह के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## इसरो का एसएसएलवी-डी2 प्रक्षेपण सफल, तीनों उपग्रह कक्षा में स्थापित

**एजेंसी। श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का शुक्रवार सुबह सतीश धवन स्पेस सेंटर से किया गया सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी-डी2 के दूसरे संस्करण का प्रक्षेपण सफल रहा। इससे पहले गुरुवार आधी रात बाद 02:48 बजे शुरू हुई साढ़े छह घंटे की उल्टी गिनती के बाद सुबह 09:18 बजे एसएसएलवी-डी2 ने पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरी।

इसरो का यह इस साल का पहला मिशन है। उड़ान के 15 मिनट पूरे होने के बाद 119 टन वजनी 34 मीटर लंबे एसएसएलवी ने 156.3 किलोग्राम वजनी ईओएस-07, अमेरिकी कंपनी अंटारिस के 10.2 किलोग्राम के जानूस-1 उपग्रह और चेन्नई के स्पेस किड्ज इंडिया निर्मित 8.8 किलोग्राम के आजादीसैट-2 उपग्रह को 450 किलोमीटर लंबी कक्षा में 37.2 डिग्री के झुकाव पर स्थापित किया। आजादीसैट को देश के ग्रामीण इलाकों की 750 लड़कियों ने मिलकर बनाया है। इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इस मौके पर वैज्ञानिकों को संबोधित किया। उन्होंने मिशन की सफलता के लिए इसरो की पूरी टीम को बधाई दी है।



**भारत ने इतिहास रचा : अमित शाह**

**सबसे** छोटे रॉकेट एसएसएलवी-डी2 की लॉन्चिंग के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसरो को सलाम करते हुए कहा कि यह लॉन्च भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करेगा। अमित शाह ने ट्वीट करते हुए कहा कि टीम इसरो को सलाम। भारत ने अपने अमृत काल के आगमन पर एसएसएलवी-डी2/ईओएस-07 मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि यह लॉन्च भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## अडाणी मुद्दा : कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने की नारेबाजी

# विपक्ष ने रास में जेपीसी की मांग दोहराई

**विपक्षी सांसदों के भाषण के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही बेंचों ने जम कर की नारेबाजी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में शुक्रवार को विपक्ष ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा अडाणी समूह की जांच की मांग दोहराई। अडाणी समूह पर अमेरिकी फर्म द्वारा अपनी रिपोर्ट में स्टॉक हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। उच्च सदन में शुक्रवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सदन में विपक्षी सांसदों के भाषण के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही बेंचों ने जम कर नारेबाजी की। मोदी-मोदी और हमें जेपीसी चाहिए जैसे नारे लगाए गए।



हंगामे को अस्वीकार करनेवाले धनखड़ ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका व्यवहार जांच के दायरे में था। मांगें पूरी नहीं होने पर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सांसद वेल में पहुंच गए और नारेबाजी की। उपराष्ट्रपति ने के.सी. वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला, दीपेंद्र हुड्डा समेत कांग्रेस के कई सांसदों का आह्वान करते हुए सांसदों से अपनी सीट पर लौटने की अपील की।

कांग्रेस अध्यक्ष ने धनखड़ को संबोधित करते हुए कहा, अगर मेरी (सदन की) सदस्यता रद्द भी हो जाती है, तो भी मैं अपने दिल की बात जरूर कहूंगा। हम सरकार से नाराज हैं..आप से नहीं। खड़गे ने कहा कि आपत्तिजनक शब्द न होने के बावजूद उनके भाषण के कुछ हिस्सों को हटा दिया गया। खड़गे ने अपने उस बयान को भी दोहराया जिसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था।

### ईवीएम-वीवीपैट चुनाव प्रक्रिया में किसी भी नेटवर्क से नहीं जुड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के चुनाव आयोग ने सूचित किया है कि चुनाव प्रक्रिया के किसी भी चरण में ईवीएम-वीवीपैट किसी भी नेटवर्क से नहीं जुड़ा है। कानून और न्याय मंत्रालय ने एक उत्तर में शुक्रवार को कहा : सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को वीवीपैट पर उम्मीदवारों के विवरण को लोड करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उपयोग कमीशनिंग (तैयारी) के समय उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विवरण लोड करने के लिए किया जाता है। कमीशनिंग के चरण से पहले ईवीएम और वीवीपैट को दो बार रेंडमाइज किया जाता है। एसएलयू, ईवीएम/वीवीपैट प्रणाली से संबंधित एक सुरक्षित उपकरण है, जो चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों के नाम, क्रम संख्या और प्रतीकों जैसे डेटा को वीवीपैट में कमीशनिंग के समय लोड करता है। वीवीपैट पर लोड होनेवाले प्रतीक या उम्मीदवार के विवरण को वास्तविक समय के आधार पर एक बड़ी स्क्रीन या मॉनिटर पर प्रदर्शित किया जाता है ताकि उम्मीदवारों और प्रतिनिधियों को एक साथ सत्यापित किया जा सके।

NEWS इन ब्रीफ

### जेके इंटरनेशनल स्कूल फाइनल में

**रांची।** आरडीसीए के तत्वाधान में शाखा मैदान में खेले जा रहे हैं वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूनामेंट के तहत आज जेके इंटरनेशनल स्कूल आगडु की टीम ने करैली स्कूल को 121 रनों से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया आप फाइनल में जेपी स्कूल का मुकाबला विवेकानंद विद्या मंदिर के साथ होगा ज्ञातव्य कि इन दोनों टीमों ने पिछले वर्ष भी फाइनल में खेले थे जेके इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.1 ओवर में 240 रन बनाए जिसमें देवेश ने 66 तोहिद ने 47 वेदांत ने 39 अभिराज ने 26 और सौरभ ने 23 रनों का योगदान किया तेजस श्रेयांश रक्षित और अविनाश को दो दो विकेट मिले।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक 12 फरवरी को

**रांची।** विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयन्ती समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 12 फरवरी रविवार को प्रातः11:00 बजे से विधानसभा सभागार, धुर्वा, रांची में आयोजित की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा जी करेंगे।आगे समाज के प्रदेश संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने बताया इस बैठक में मुख्यरूप से राँची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित की जाने वाली विश्वकर्मा अधिकार रैली की तैयारी को लेकर विशेषरूप से चर्चा की जाएगी।इस रैली में झारखण्ड के सभी 24 जिला से विश्वकर्मा समाज के लाखों की संख्या में विश्वकर्मा बंधुगण शामिल होंगे।विश्वकर्मा अधिकार रैली ऐतिहासिक होगी।

### पीएनबी बैंक के क्रेडिट कार्ड से फर्जी तरीके से 1.4 लाख रुपये निकाले

**रांची।** फर्जी तरीके से खाते से 1.4 लाख रुपये निकालने के मामले में पीड़ित मनोज कुमार ने सदर थाना में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि 30 जनवरी को खाते से एक दिन में 21 बार में 1.4 लाख रुपये निकले गए। आरोपित ने पीड़ित का मोबाइल हैक कर रुपये निकाले हैं। मनोज कुमार को मोबाइल नंबर 7384436803 से बिजली बोर्ड के बकाए और बिजली काट देने का मैसेज आया। फिर 7852942602 से राहुल शर्मा नाम से फोन आया और क्विक सपोर्ट और कस्टमर सपोर्ट नामक दो एप डाउनलोड करवाया। 7001235897 नंबर से लिंक के लिए व्हाट्अप भी किया। इसके बाद खाते से रुपये निकाल लिये। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# ईडी के समन पर हाजिर नहीं हुए थानेदार

### पुलिस मुख्यालय को रांची पुलिस ने दी समन मिलने की जानकारी

### अनूप सिंह के द्वारा दर्ज जीरो एफआईआर मामले में भेजा गया था समन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में सरकार गिराने की साजिश से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में अरगोड़ा थानेदार विनोद कुमार सिंह को समन भेजा था। लेकिन अरगोड़ा थानेदार ईडी के समन पर एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। अरगोड़ा थानेदार ने ईडी को जानकारी दी कि इस मामले में वरीय अफसरों के मंतव्य मिलने के बाद वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित होंगे। वहीं रांची पुलिस ने थानेदार को समन मिलने की जानकारी पुलिस मुख्यालय को दी है। इस मामले में पुलिस मुख्यालय भी गृह विभाग से पत्राचार करेगा। उच्च अधिकारियों की सहमति के बाद ही थानेदार को एजेंसी के समक्ष भेजा जाएगा। इस मामले में अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। जीरो एफआईआर को लेकर भेजा नोटिस : पश्चिम बंगाल में 48 लाख नकदी के साथ कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में तीनों विधायकों के खिलाफ अरगोड़ा थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी। अरगोड़ा थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर ही तीनों विधायकों को बंगाल पुलिस ने जेल भेजा था। ईडी इस मामले में शिकायतकर्ता अनूप सिंह, आरोपी इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी से एक एक बार पूछताछ कर चुकी है। सभी के बयानों को एक दूसरे से क्रास कराया जा रहा है। वहीं ईडी यह जानना चाहती है कि किसके आदेश से और क्यों अरगोड़ा थाने की एफआईआर बंगाल भेजी गई। वहीं इस मामले में ही अरगोड़ा थाने में एफआईआर क्यों हुई।

# सांसद ने राज्यसभा में उद्योग की स्थापना के संबंध में पूछे सवाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को राज्यसभा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के संबंध में सवाल पूछे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने उत्तर में कहा कि विगत तीन वर्षों में झारखंड से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। दीपक प्रकाश ने पूछा कि झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए विगत तीन वर्षों के प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा उसमें कितनी धनराशि खर्च हुई है? इसका उत्तर देते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गत तीन वर्षों में मंत्रालय द्वारा जारी किए गए विज्ञापनों के उत्तर में झारखंड से खाद्य प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इससे संबंधित सुविधाओं की स्थापना के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएमकेएसवाई की विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत सभी उप योजनाएं मांग संचालित हैं। जिनमें समय-समय पर जारी की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों या संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

## आदित्य साहू ने अवैध खरीद-बिक्री का मामला उठाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने शुक्रवार को राज्यसभा के शून्यकाल में झारखंड में गैर मजरूआ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री और ओरमांझी प्रखंड के मोटा ग्राम के गरीबों से जमीन की लूट के प्रयास का मामला उठाया। साहू ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की बात करने वाली झारखंड सरकार में आज खान खनिज और बालू के साथ सरकारी जमीन की लूट मची है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है सरकार दलालों और बिचौलियों को बचाने के लिए मामलों में शिथिलता बरत रही। सरकारी योजनाओं के लिए जमीन खोजने से जल्द नहीं मिलते हैं। साहू ने वर्ष 1980-82 में रांची जिलांतर्गत ओरमांझी प्रखंड के मूटा ग्राम में सरकार द्वारा भूमिहीनों को दिए गए 100 एकड़ जमीन को दबंगों द्वारा अवैध कब्जा के प्रयासों एवम भूमि मालिकों को डराने धमकाने का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि आज जमीन के मालिक दबंगों से डरे सहमे हुए हैं। साहू ने इसकी जांच कराकर दलालों, बिचौलियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराने की मांग की।

## डीएवी स्कूल ओरमांझी में फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन

# नैतिक शिक्षा से ही मिलेगी सही दिशा : पूनम




**नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी**

डीएवी स्कूल ओरमांझी में शुक्रवार को फेवरेबल का आयोजन किया गया। वही दस क्लास के छात्र छात्राओं को फेवरेबल एव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत वह नृत्य पर स्कूल के स्टूडेंट जमकर थिरके। मौके पर मुख्य अतिथि डीएवी स्कूल के प्राचार्या पूनम दूबे ने कहा कि आप सभी स्टूडेंड मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपना स्कूल का नाम रोशन करें। और आगे उन्होंने बताया कि नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिकता से ही युवा पीढ़ी को सही दिशा और दशा मिल सकती है। नैतिक शिक्षा से ही माननीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है। नैतिक से हमारे व्यवहार संस्कार में निखार आता है। नैतिक शिक्षा से समाज में फैली हुई घृणा,नफरत,विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि चरित्रवान बनना विकार, एब्सन,नशा और बुराइयों से स्वयं को मुक्त करना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य है। ज्ञान ज्ञान रूपी जानकार से ज्योति या प्रकाश की ओर सत्यता से सत्य की ओर ले जाए वही सच्चा ज्ञान है। आज का बच्चे कल का समाज है।अगर कल के समाज को अपराध मुक्त बनाना चाहते हैं। तो वर्तमान के बच्चों को नैतिक शिक्षा से संस्कारित करने की आवश्यकता है। मौके पर मुख्य रूप से रिंकी कुमारी, इन्दु कुमारी, ज्योति कुमारी, अफसाना परवीन,कुसुम कुमारी, माला कुमारी, कुलदीप कुमारी, बब्लू कुमार, संगीता कुमारी, रेखा कुमारी, रिया कुमारी, निशा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग का छापा, अवैध विदेशी शराब बरामद

**रांची।** उत्पाद विभाग की टीम ने रांची के नगडी थाना क्षेत्र के बांध टोली में अवैध विदेशी शराब के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान दिलीप कुमार महतो के घर से 225 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया है। यह छापेमारी गुरुवार देर रात की गई। विदेशी शराब पर फोर सेल इन अरुणाचल प्रदेश लिखा है। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 225 लीटर शराब बरामद किए गए हैं।

# रेलवे कॉलोनी मैदान में मैच का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

रेलवे कॉलोनी ए टाइप मैदान मे रेल कर्मियों के द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच का शुभारंभ रेलवे संस्थान मुरी के द्वारा इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूनार्मेंट का किया गया। पहला मैच ऑपरेटिंग बनाम मेडिकल के बीच खेला गया जिसमें ऑपरेटिंग के खिलाड़ियों ने जीत हासिल किया वही मैन ऑफ द मैच विरेंदर कच्छप को दिया गया। दूसरा मैच एडीईएन मुरी बनाम सिग्नल के बीच खेला गया जिसमें एडीईएन मुरी की टीम ने जीत और मैन ऑफ द मैच ए के तिवारी को दिया गया। तथा तीसरा मैच मुरी पी डब्ल्यू 2 बनाम कमर्शियल के बीच खेला गया जिसमें पीडब्ल्यू आई मुरी 2 के खिलाड़ियों ने जीत हासिल किया और मैन ऑफ द मैच संजीत मिस्त्री को दिया गया। इस मौके पर एडीईएन मुरी, एडीएसटीई मुरी, दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के सेक्रेटरी पीडी तिवारी संजीत मिस्त्री समेत दर्जनों रेलकर्मी मौजूद रहे।

# सांसद ने लोस में उठाया पहाड़ी मंदिर का मामला

### पहाड़ी मंदिर का है धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को लोकसभा में पहाड़ी मंदिर से जुड़ा मामला उठाया और उसके संरक्षण और संवर्धन की मांग भारत सरकार से की। शून्यकाल के दौरान सांसद श्री सेठ ने सदन में कहा कि भारत में ऐसे बहुत कम स्थान हैं, जिनका धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व साथ-साथ है। ऐसे ही स्थानों में है रांची का पहाड़ी मंदिर।

हिमालय से भी पुरानी इस पहाड़ी पर साक्षात भगवान शिव का वास है। यहां आदिवासी समुदाय से जुड़े बंधु भी पूजा करते हैं, इनके पाहन यहां पूजा करवाते हैं और सबसे बड़ा ऐतिहासिक महत्व यह है कि कई स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी की सजा दी गई है, इसलिए इसे फांसी टुंगरी के नाम से भी जानते हैं। सांसद ने कहा कि वर्तमान समय में इस पहाड़ी की स्थिति बहुत जर्जर हो चुकी है। हमारे पर्यावरणविद नीतिश प्रियदर्शी जी ने कई बार रिपोर्ट किया है। उन्होंने बताया है कि यह पहाड़ी हिमालय से भी पुरानी है और भुरभुरी मिट्टी की है। हमेशा यह आशंका बनी रहती है कि यह कभी भी धंस सकती है।

इतना बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थान को अब संरक्षण और संवर्धन की जरूरत है। ताकि इसकी ऐतिहासिकता, सांस्कृतिक छवि और आस्था सब कुछ बरकरार रह सके। उन्होंने सरकार से निवेदन किया कि पहाड़ी के चारों तरफ मजबूत घेराबंदी हो। इसे लोहे की जाल से या बाड़ा लगाकर मजबूती से बांधा जाए ताकि इसके धंसने का खतरा कम हो सके और पहाड़ी सुरक्षित हो सके। श्री सेठ ने इसे राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित कर इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य किए जाने की मांग की।


## कार्यालय-प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।

**सुचना (NIT) निविदा संख्या 04/22-23**

प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा संख्या 04/22–23 PR-287874 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23(D) विज्ञापन अन्तर्गत बोलेरो के लिये निविदा खोलने की तिथि दिनांक 10.02.2023 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ट 12.30 बजे निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से बैठक स्थगित किया जाता है। उक्त बैठक दिनांक 15.02.2023 को 12.30PM पुर्व निर्धारित स्थान पर किया जायेगा।

पूर्व प्रकाशित सूचना की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,
पलामू।

PR 289730 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/LOHARDAGA/E-41/2022-23 PR No. 288888 (Lohardaga)22-23*D के ग्रुप संख्या 1 से 6 के निविदा अभिलेख जो कि वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर अपलोड है के निविदा अभिलेख में अंकित कार्य कराने की अवधि 03 माह को 06 माह पढ़ा जाय।

निविदा सूचना की शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लोहरदगा

PR 289864 Lohardaga (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/LOHARDAGA/E-40/2022-23 PR No. 288883 (Lohardaga)22-23*D के ग्रुप संख्या 1 से 5 के निविदा अभिलेख जो कि वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर अपलोड है के निविदा अभिलेख में अंकित कार्य कराने की अवधि 03 माह को 06 माह पढ़ा जाय।

निविदा सूचना की शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 289861 Lohardaga(22-23)#D

## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
O/o General Manager cum Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area
Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670
E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

**Short tender**

Online tenders are invited from reputed and experienced manufacturers having adequate manufacturing capability & best testing facilities or authorized dealers / financially sound & reputed supplier/ firms authorized by such principal manufacturers for supply of under mentioned materials:-

| NIT no. | Sl. No. | Particulars of Material | Unit | Quantity | Estimated Cost | EMD | Cost of BOQ including GST |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 231/PR/JBVL/ 2022-23 | 1 | Polycarbonate Seal Bit with Sealing wire | No | 6,00,000 | 31,80,000.00 | 63,600.00 | 5,900.00 |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | From 10.02.2023 to 24.02.2023 upto 17.00 Hrs |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | From 10.02.2023 to 24.02.2023 upto 17.00 Hrs |
| 3 | Last date and time of submission of original DD towards Cost of BOQ & EMD etc. | :- | 25.02.2023 upto 17:00 Hrs |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno Commercial Cover) i.e Cover-I - | :- | 27.02.2023 at 03:00 PM. |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Bidders in order to participate in the bidding process have to get "Digital Signature Certificate (DSC), as per information Technology Act 2000 to participate in online bidding. This certificate will be required for digitally signing the bid. Bidders can get the above mentioned digital signature certificate from any approved vendors CCA (Controller of Certifying Authorities). Bidders, who already possess valid Digital Certificate, need not procure new Digital Certificate.
4. Bidder have to submitted their bids online in electronic format with digital Signature. Bids without digital signature will not be accepted. No proposal (bid) will be accepted in physical form.
5. Bidders should be ready with the scanned copies of cost of documents & EMD as specified in the tender document. Before submission of online bids, bidders must ensure that scanned copies of all necessary documents have been attached with bid.
6. Bidders have to produce the original Demand Draft in favour of Accounts Officer, Electric Supply Area, Ranchi towards **tender fee & EMD** as mentioned in NIT to the Accounts Officer, Electric Supply Area, Ranchi and collect the money receipt before the cutoff date & time as mentioned in the NIT failing which bid will not be accepted. The details of cost of documents, EMD specified in the tender documents should be the same as submitted online (scanned copies) otherwise tender will summarily be rejected.
7. Uploaded documents of the successful bidder will be verified with the original before signing the agreement. The successful bidder has to provide the originals to the concerned authority.
8. The department will not be responsible for any delay in online submission due to any reason what so ever. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by the bidder. Bidder are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
9. All required information for bid must be filled and submitted online.
10. Other details can be seen in the bidding documents.
11. The undersigned reserves the right to extend the date of submission of tenders or reject any or all tenders without assigning any reason thereof.
12. The undersigned reserves the right to distribute the orders to participating SSI units at L-I rates as per Industrial Policy of the State if will be applicable.
    1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
    2. For any clarification please contact : 0651-2490550 / 2490116 /9431135609 /9534218638

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-CE
Electric Supply Area, Ranchi

PR 289833 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (22-23)_D

## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 78/RI/2022-23/RWD/CHATRA दिनांक :- 10.02.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/ CHATRA/03/ 2022-23 | मुख्य पथ गोलकाबर से बेलहरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 5.600 कि0मी0) | 3,00,94,352.00 | तीन करोड़ चौरानवे हजार तीन सौ बावन रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 13.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 20.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि:– 21.02.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 22.02.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO. 289909 Rural Work Department(22-23):D

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सहभागिता जरूरी : अपर मुख्य सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार द्वारा आज से राज्य के 15 फाइलेरिया प्रभावित जिलों (लोहरदगा, हजारीबाग, बोकारो, देवघर, धनबाद, गुमला, कोडरमा, पाकुड़, रामगढ़, साहिबगंज, सिमडेगा, गढवा, पू. सिंहभूम, प० सिंहभूम और रांची ) में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य), अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सिमडेगा को छोड़कर बाकी सभी 14 जिलों में 2 दवाओं डीईसी और अल्बेंडाजोल एवं सिमडेगा जिले में 3 दवाओं डीईसी, अल्बेंडाजोल के साथ आईवरमेंक्टिन की निर्धारित खुराक दवा प्रशासकों द्वारा बूथ एवं घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी। यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। ये दवाएं 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं दी जाएंगी। रैपिड रिस्पांस टीम दवा के सेवन के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं के साथ मौके



पर सक्रिय रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता सामुदायिक भागीदारी से ही सुनिश्चित की जा सकती है और फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए हम

**किसी भी कार्यक्रम की सफलता सामुदायिक भागीदारी से ही सुनिश्चित की जा सकती है**

**फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और यह विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है**

सभी को एक साथ मिलकर इस लड़ाई को जीतना होगा। राज्य के अभियान निदेशक डॉ. भुवनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य स्तर से जिला स्तर तक समन्वय बनाकर, मास ड्रग कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सुनियोजित रणनीति के अनुसार कार्य किया जा रहा है ताकि कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पादित होने वाली गतिविधियाँ गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जा सकें और कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाईयों और मानव संसाधनों की कोई कमी न हो। इस कार्यक्रम की प्रतिदिन राज्य स्तर पर समीक्षा की जायेगी और कार्यक्रम के दौरान आने वाली हर समस्या का तुरंत समाधान किया जायेगा। हमारा लक्ष्य है कि इस बार 100 प्रतिशत लाभार्थियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सुनिश्चित किया जाये। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और यह दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। किसी भी आयु वर्ग में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया के कारण चिरकालिक रोग जैसे हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन), लिम्फेडेमा (अंगों की सूजन) व काइलुरिया (दूधिया सफेद पेशाब) से ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार का बोझ सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। राज्य में वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार लिम्फेडेमा के 5691 मरीज चिन्हित किए गए हैं और कुल हाइड्रोसील के 11713 मरीज हैं। जिसमें से 9365 (80%) मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। इसके साथ ही 41680 फाइलेरिया मरीजों को एम.एम. डी. पी. किट निशुल्क प्रदान की गयी है। इस कार्यक्रम के सफल किर्यन्वयन हेतु उपरोक्त समस्त जिलों के कुल 1,45,60,220 लाभुकों को दवा सेवन का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम की निगरानी हेतु पर्यवेक्षकों को भी लगाया गया है, तथा किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु चिकित्सक के नेतृत्व में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर रेपिड रेस्पान्स टीमों का भी गठन किया गया हैं।

## महिला ने पति के खिलाफ थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची।** सदर थाना में शुक्रवार को एक महिला ने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि धोखे में रखकर उसने शादी की और शादी के बाद मारपीट कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। सदर थाना इलाके के प्रगति नगर की रहने वाली महिला ने कहा कि उसकी शादी 18 फरवरी, 2021 को बड़गाई निवासी युवक से सरना रीति के अनुसार हुई थी। शादी के एक महीने बाद से ही पति उसके साथ मारपीट करने लगा। शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि पति का समलैंगिक संबंध किसी अन्य लड़के के साथ है। इसके अलावा जानवरों के साथ भी वो सेक्स करता है। 25 दिसंबर, 2022 को पति के फोन में अन्य पुरुषों से संबंध बनाने का वीडियो, फोटो और मैसेज देखा। इस संबंध में पूछने पर मारपीट किया और गंदी गंदी गालियां दी।

**5 सूत्री मांग पत्र सौंपा , कहा- गणित की कॉपी फिर से जांच की जाये**

# कोर्डिनेटर शीघ्र नियुक्त हो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयोजक अभिषेक झा के नेतृत्व में कई मांगों को लेकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी की एवं कुलपति को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा जिसमें मुख्य मांगे इस प्रकार है: सीए विभाग सेशन 2021-24 के सेमेस्टर वन के गणित विषय में 50 प्रतिशत से अधिक छात्र फेल होने के कारण क्या है इसकी जांच हो एवं सभी विद्यार्थियो की कॉपी फिर से जांच की जाए। सीए सेशन 2022-25 सेम 1 में गणित की कक्षा रेगुलर हो। सीए/ आईटी विभाग के कोर्डिनेटर का कार्यकाल पूरा हो चुका है इसलिए अविलंब नए कोर्डिनेटर को नियुक्त किया जाए ताकि विभाग के सभी कार्य सुचारू रूप चल से सके। वश्वविद्यालय के प्लेसमेंट को अति



शीघ्र दुरुस्त कर सेल में स्पेशल प्लेसमेंट ऑफिसर की नियुक्ति अविलंब की जाए ताकि विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में बैठने का मौका मिले एवम अच्छे कंपनियों रोजगार मिल सके। विश्वविद्यालय में ड्रेस कोड को सख्ती से लागू किया जाए एवं सभी मुख्य द्वार में आई कार्ड अनिवार्य रूप से चेक किया जाए ताकि विश्वविद्यालय में बाहरी छात्रों का प्रवेश बंद हो और भयमुक्त माहौल बना रहे।

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के संयोजक अभिषेक झा ने कहा विश्वविद्यालय प्रशासन यहां के छात्र छात्राओं एवं उनके भविष्य से किसी भी तरह का मतलब नहीं है, विश्वविद्यालय के कई विभागों में सही तरीके से कक्षाएं संचालित नहीं की जा रही है, प्लेसमेंट सेल जीरो है साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना किसी रोक-टोक के विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश कर जाते हैं और आए दिन किसी न किसी तरह की घटनाएं सामने आती है जो आजसू कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। आजसू पूर्व में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्राओं के लिए ऐसी कई मांगे रखी थी पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उसे अबतक पूरा नहीं कर पाई परंतु अब अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) विश्वविद्यालय प्रशासन को 7 दिनों का अल्टीमेटम देती है की अगर इन सभी मांगों को संवेदनशीलता के साथ विचार कर 7 दिनों के भीतर सकारात्मक पहल पूरी की नही की जाती है, तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्रहित विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। वही मौके विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार सांडिलय ने आजसू के सदस्यों को पूरा भरोसा दिलाया की 7 दिनों के अंदर ही बैठक बुला कर आजसू के सभी मांगों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## तेजस्वी यादव का होगा रांची में भव्य स्वागत : राजद

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि बिहार के माननीय उप मुख्यमंत्री व युवाओं के हृदय सम्राट तेजस्वी प्रसाद यादव का आज बिरसा मुंडा की धरती रांची में आगमन है। 12 फरवरी को प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल द्वारा कार्निवाल हॉल हरमू रोड रांची में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने सभी राज्य के विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं, प्रकोष्ठ के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि माननीय नेता तेजस्वी यादव जी का स्वागत हेतु अधिक से अधिक संख्या में बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पहुंच कर समय 11 बजे अपने नेता का जोरदार स्वागत करे।

# सरला बिरला स्कूल की प्रदर्शनी शानदार रही




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल छात्रों ने हरियाणा में आयोजित सी.बी.एस.ई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस कार्यक्रम में देश भर के लगभग 458 विद्यालयों ने भाग लिया। आठवीं कक्षा के विनायक कुमार और कुमार दिव्यांशु राज ने अपने रचनात्मक विचारों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। जिसमें छात्रों ने समुद्र की लहरों के ऊपर नीचे होती तरंगों के माध्यम से विद्युत उत्पन्न करने की प्रक्रिया प्रस्तुत की। छात्रों को रु० 5000 नगद पुरस्कार के साथ मेरिट प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मेंटर शिक्षक श्री संजय कुमार को प्रशंसा प्रमाण पत्र मिला। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने प्रतिभागियों के वैज्ञानिक कौशल की प्रशंसा की और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बालिका टीम को स्वर्ण पदक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 5वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के हॉकी मैच में पयर्टन, कला, संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के अधिनस्थ भाग लेते ग्वालियर में आयोजित हॉकी मैच में झारखंड की बालिका हॉकी टीम ने फाइनल में मध्यप्रदेश को पेनल्टी में 4-3 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, उपनिदेशक खेल साझा देव शंकर दास , हॉकी इंडिया के भोला सिंह, चीफ डी मिशन उमेश लोहरा , मुख्य प्रबंधक संतोष कुमार,खेल परामर्शी देवेन्द्र सिंह ने हॉकी बालिका टीम की सदस्यों रजनी केरकेट्टा,प्रमोद्नी लड़का, नीरू कुल्लू, रश्मि होरो, निक्की कुल्लू,अंकिता डुंग डुंग,बिनिमा धान, एडलिन बागे, फुलमनी भेंगरा, सेलेस्टीना होरो, संजना होरो, बालो होरो, निशा मिंज, संगीता, अनुपमा होरो, पूर्णिमा बरवा, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो टीम कोच, मैनेजर - मनोहर टोपनो, प्रतिमा, संतोष कुमार, हिमांशु, आदम होरो को बधाई दी।

## झारखंड को मिला सात पदक

**रांची।** दक्षिण झारखंड संभाग के 33 बच्चों ने 5-6-7 फरवरी को लखनऊ में आयोजित राष्ट्रस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया और बहुत ही उम्दा प्रदर्शन किया है। छः खिलाड़ी 7 पदक लाने में सफल रहे। शुक्रवार सुबह 6 बजे पूरी टीम लखनऊ से वापस लौटी। सुबह साढ़े दस बजे उनका स्वागत व हौसलाअफजाई करने के लिए कोठी नं. 38 मारवाड़ी आरोग्य भवन में एक लघु कार्यक्रम आयोजित की गयी, जहां विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही जो बच्चे इस बार जीत नहीं सके उन्हें भी उपहार दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में खेल निदेशक सरोज निलकड़ा थीं जिन्होंने विजेताओं को ट्रैक्सूट, टीशर्ट देने की घोषणा की। इस मौके पर वनबंधु परिषद रांची के अध्यक्ष रमेश धरणीधारका, रेखा जैन, दीपक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विशेष केडिया, अनुपमा राजगरिया, राज राजगड़िया साथ अन्य उपस्थित थे।

**विजेताओं की सूची :** 200 मीटर बाल वर्ग बालिका- सावित्री कुमारी - प्रथम स्थान, हाई जंप शिशु वर्ग बालिका नैंसी कुमारी-प्रथम स्थान, 600 मीटर बाल वर्ग बालिका निशा कुमारी-दूसरे स्थान, 400 मीटर शिशु वर्ग बालिका रीना मांझी - तीसरे स्थान पर रहीं।

# अमानत ने दामोदर को हरा दर्ज की पहली जीत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को पहले मुकाबले में अमानत ने दामोदर के 7 विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की वहीं दूसरे मुकाबले में सकरी ने शंख को 31 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। बीएयू मैदान में खेले गए पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दामोदर ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 115 रन बनाए। सुमित ने 42 और संजय सिन्हा ने 11 रन बनाए। अमानत की ओर से ओम ने 2 और अमित सिंह ने एक विकेट लिया। 116 रन के विजयी लक्ष्य को राजेश सिंह के नाबाद 45 रन की बदौलत अमानत ने 12.5 ओवर में प्राप्त कर लिया। मोहम्मद इमरान ने 37 और ओम ने 16 रन का योगदान दिया। दामोदर की ओर से कमलेश मिश्रा ने 2 और संजय व शिव ने एक-एक विकेट लिए। दिन के दूसरे मुकाबले में सकरी ने आसिफ नईम के 69 और मोनू कुमार के 55 रन की बदौलत निर्धारित ओवरों में 157 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दोनों बल्लेबाजों ने अपनी पारी में 4-4 गगनचुंबी छक्के लगाए। मोईजुद्दीन और विरेन्द्र को एक एक विकेट मिला। 158 रन के विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए शंख की टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 126 रन ही बना पाई और मुकाबला 31 रन से हार गई।

# सच्ची साधना करें तो ही मिलते हैं भगवान : पंडित मधुसूदन शास्त्री

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अयोध्या के मशहूर कथावाचक पंडित मधुसूदन शास्त्री ने कहां की कलयुग में मनुष्य यदि सच्ची साधना के साथ भगवान की आराधना करें तो सेवक के रूप में भी भगवान मिलते हैं श्री शास्त्री शुक्रवार को पलामू जिले के तरहसी प्रखंड स्थित टंडवा नौगढ़ ग्राम में श्रीराम महायज्ञ के अवसर पर श्रद्धालुओं को कथा वाचन के क्रम में उपरोक्त प्रसंग का उद्धरण किया उन्होंने भगवान श्री राम के वात्सल्य रूप का अनुपम ढंग से वर्णन कीए टंडवा ग्राम में पिछले 8 फरवरी से 9 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का संचालन किया जा रहा है प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा के उपरांत कथा का श्रवण करने क लिए पहुंच रहे हैं उदयपुरा नौगढ़ सॉनपुरा सहित कई पंचायत के हजारों श्रद्धालु दिन-रात यज्ञ में आकर अयोध्या से आए हुए प्रवक्ता किरण शास्त्री और संत शिरोमणि श्री श्री 1008 बलराम शरन बापू का भी प्रवचन सुन रहे हैं रात्रि 9:00 बजे के बाद अयोध्या से आए हुए मशहूर



कलाकारों द्वारा रामलीला का बेहतर प्रस्तुति की जा रही है रात्रि में रावण का अत्याचार प्रसंग का बहुत ही मनोरम ढंग से कलाकारों ने मंचन किया यज्ञ में धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता भी पहुंचकर अपनी आहुति दे रहे हैं और संत शिरोमणि से आशीर्वाद ले रहे हैं इस क्रम में डॉ भीम प्रभाकर ने संत शिरोमणि बलराम शरण बापू से आशीर्वाद लिया यज्ञ में स्थानीय लोगों द्वारा भरपूर सहयोग किया जा रहा है 24 घंटे का अखंड कीर्तन के साथ-साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

**धरना** **अवैध कॉस्मेटिक बनाने वाली कंपनियों पर हो छापेमारी**

# जीर्णोद्धार समिति ने दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति द्वारा लोवर चुटिया इक्सवी महादेव मंदिर परिसर में अवैध कॉस्मेटिक के निर्माण को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। स्वर्णरेखा जीनोउद्धार समिति के अध्यक्ष मक्खन पाठक ने कहा कि अवैध कॉस्मेटिक बनाने वाले ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जाए। औषधीय निदेशालय द्वारा छापेमारी मात्र एक नमूना है। रांची में बड़े पैमाने पर अवैध कॉस्मेटिक और नकली दवाई बनाने का कारोबार चल रहा है। यहां सारे अवैध नकली कॉस्मेटिक और दवाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने की बड़ा स्कैन चल रहा है। इस बड़े स्कैम में कई बड़े व्यापारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगर बड़े पैमाने पर छापेमारी



की जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है। रांची समेत राज्य भर में कई सैकड़ों कंपनियां अवैध कॉस्मेटिक बनाने का काम कर रही है जिस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। यह पूरी तरह से आम आदमी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। अगर अवैध कॉस्मेटिक निर्माण पर पाबंदी नहीं स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के संरक्षक राजीव रंजन ने कहा कि अवैध कॉस्मेटिक और दवाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने का काम चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नकली और असली कॉस्मेटिक पहचानने की क्षमता लोगों में नहीं होती है जिसके कारण लोग ब्रांडेड कॉस्मेटिक समझकर अवैध नकली कॉस्मेटिक थोड़ा लेट से इस्तेमाल कर रहे हैं। यह पूरी तरह से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लोगों के जीवन के साथ या खिलवाड़ हो रहा है जिस पर पाबंदी लगाने बेहद जरुरी है। औषधीय निदेशालय द्वारा बड़े पैमाने पर छापेमारी की जाए। अगर छापेमारी लगातार नहीं की गई तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। इसका असर पूरे राज्य भर में देखने को मिलेगा। स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के बैनर तले शुक्रवार को अवैध कॉस्मेटिक मामले में एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसमें शिवम सिंह, राजा महतो, शशि बादल, राज सिंह कुणाल भोक्ता, विक्रम साहू, संतोष मिश्रा, राज सिंह, चंदन साहू, संदीप साहू, राजीव रंजन सिंह, छेदी सिंह, पिंटू शर्मा, रितेश सिन्हा, राहुल कुमार, अभय सिंह मौजूद थे।

## इंफोर्समेंट टीम मामले में लगाया आरटीआई

**रांची।** रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम के संदर्भ में कई तरह के मामले सार्वजनिक रूप से सामने आ रहे थे, और प्रेस-मीडिया में इसका प्रकाशन हो रहा था, जिसके आलोक में दीपेश कुमार निराला ने सूचना का अधिकार कानून का प्रयोग करते हुए 9 बिंदुओं पर रांची नगर निगम के जन सूचना पदाधिकारी से सूचना की मांग की है, जिसमें मुख्य रुप से दिनांक 05.08.2022 को महापौर के द्वारा इंफोर्समेंट टीम के कार्यों और उनके संदर्भ में मिले शिकायतों की गई समीक्षा के संबंध में और नगर आयुक्त शशि रंजन को 12 चिन्हित इंफोर्समेंट टीम के कर्मियों के विरुद्ध दिए कार्रवाई के निर्देश क्या लोक में हुए कृत-कार्रवाई की सूचनाओं और उनके सर्टिफाइड कॉपी की मांग की गई है, साथ ही इनके पुलिस के सामान खाकी वर्दी पहनने के मामले में प्रावधान की भी सूचना की मांग की गई है।

# पंचायती राज निदेशक मुखिया के अनुरोध पर आयेंगी पड़रिया गांव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय राजस्व सेवा की अधिकारी निशा उरांव ने पंचायती राज निदेशक का प्रभार पिछले दिनों ग्रहण किया। प्रभार लेते ही ग्राम पंचायत पड़रिया की उपमुखिया किरण कुमारी के आग्रह को स्वीकार किया और भरोसा दिया है कि वह पंचायत जरूर जाएंगी। बताया जा रहा है कि पहली बार कोई पंचायती राज निदेशक बिरनी प्रखंड के पड़रिया ग्राम पंचायत में पहुंचेगी। सीएससी संचालक किरण कुमारी ने ट्वीट कर पंचायती राज निदेशक को बधाई दी और पूछा कि क्या मैं अपने ग्राम पंचायत कि समस्या को लेकर आपसे संपर्क कर सकती हूं इसके साथ ही निदेशक को अपने ग्राम पंचायत में आने का न्योता दिया, ताकि वे गांव की समस्याओं



को स्वयं देख सकें और उनका अनुभव कर सकें। इस पर निशा उरांव ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुआ कहा कि वह जरूर आएंगी। बता दें कि पडरिया पंचायत के वृदां की सीएससी संचालिका किरण कुमारी निर्विरोध वार्ड सदस्य बनीं और उपमुखिया चुनाव में भी निर्विरोध जीत दर्ज की है। इसके साथ ही उन्हें डिजिटल इंडिया में बेहतर कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया गया है। किरण ने बताया कि वह स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से समर्पित कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के दिशा में काम करना चाहती हैं। साथ ही ग्रामीण महिलाओं द्वारा सैनिट्री पैड निर्माण एवं स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रति समर्पित हूं।

# बोकारो में मशरूम की खेती कर आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** जिले में बटन मशरूम की खेती से महिलाओं को तरक्की की राह दिखा रही है। महिलाएं पूरे वर्ष मशरूम का उत्पादन कर रही हैं। इससे वे अच्छा मुनाफा कमाकर आत्मनिर्भर भी हो रही हैं। साथ ही क्षेत्र की कई महिलाएं मशरूम की खेती के लिए कम्पोस्ट तैयार कर उत्पादकों को भी इसकी बिक्री कर रही हैं। जिले के बेरमो एवं चंदनकियारी प्रखंड में पैदा होने वाले मशरूम एक अलग पहचान दे रहे हैं। जिला प्रशासन के पहल पर जिले में मशरूम की खेती को बढ़ावा मिला। इससे यहां विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने मशरूम की खेती को आजीविका के रूप में उत्पादन कार्य सीखने का मन बनाया। वर्ष 2022 में जिला ग्रामीण विकास विभाग एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी ने चिन्हित एसएचजी दीदीयों को एक्सपोजर भ्रमण के दौरान बिहार के गया जिला स्थित बुद्धा मशरूम प्लांट ईथारी का भ्रमण कराया। साथ ही आरसेटी संस्था द्वारा जिले में भी मशरूम उत्पादन की बारीकियों से महिला समूह की दीदीयों को अवगत कराया। पूरे प्रशिक्षण सत्र में बेरमो एवं चंदनकियारी प्रखंड की महिला समूह की दीदीयों ने मशरूम उत्पादन से जुड़ी बातों को जाना और उसके बाद जिला प्रशासन के सहयोग से पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुल 312 दीदीयों को मशरूम उत्पादन के लिए 13,075 बैग बुद्धा मशरूम प्लांट ईथारी द्वारा उपलब्ध कराया गया। दीदीयों ने छोटे-छोटे समूह में मशरूम की खेती शुरू की। इसके बाद मशरूम उत्पादन का कार्य बेरमो एवं चंदनकियारी प्रखंडों के विभिन्न गांव में शुरू हुआ।



# पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** पुलिस ने नक्सली प्रभावित क्षेत्र के जंगलों में अफीम की खेती को नष्ट कर नक्सलियों के आय के स्रोत को धात पहुंचाई है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बतलाया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देश पर एसडीपीओ बालूमाथ के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बालूभांग के बूढ़ी सखुवा आदि स्थानों पर लगभग 6 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया है ।यह विनष्टीकरण एक अभियान के तहत की जा रही है। जब तक पूरी तरह से खत्म ना हो जाए तब तक निमित जारी रहेगी।और इससे जुड़े जो भी लोग हैं उन्हें जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा बता दें कि नक्सलियों का यह प्रभावित इलाका में वर्षों से अफीम की खेती होती रही है और पिछले कई वर्षों से पुलिस निरंतर इन अफीम की खेती को नष्ट कर रहे हैं फिर भी जंगली क्षेत्रों में अफीम की खेती की जा रही है जिसे पुलिस हर संभव नष्ट करने कर रही है। अफीम की खेती करने में ग्रामीण सहयोग ना करें ना लगाएं और ना किसी को लगाने दें। अगर कोई ऐसा करता है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें ।जिसके लिए ग्रामीणों को पुलिस आए दिन जागरूक करते भी नजर आते हैं । वही इस विनष्टीकरण अभियान में थाना प्रभारी के अलावे एसआई बिंदेश्वर महतो रवि कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## गोड्डा में 25 लाख का अवैध शराब बरामद तीन गिरफ्तार

**गोड्डा।** बिहार और गोड्डा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को विभिन्न ब्रांड के 1700 पेटी अवैध शराब बरामद किया गया। शराब के अवैध कारोबार में शामिल तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस अवैध शराब की कीमत 25 लाख के आसपास बतायी जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों में अनिल ठाकुर, अनुज ठाकुर और मोनू कुमार महतो शामिल हैं। हालांकि, मुख्य आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। टाउन थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार महतो ने बताया कि सूचना मिली थी कि टाउन थाना क्षेत्र के अमरपूर स्थित बड़गड़हा टोला में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। सूचना पर बिहार पुलिस पुलिस और गोड्डा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में संतोष ठाकुर और अनिल ठाकुर के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी में संतोष ठाकुर के घर के पीछे बने गोदाम से 1700 पेटी शराब बरामद किया गया। शराब को बिहार में खपाने की तैयारी थी। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# डुमरी में फंदे से झूलता मिला युवक का शव

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** डुमरी थाना इलाके के पंचवटी नगर के समीप घर में गृहस्वामी के बेटे विनय का शव सीलिंग पंखे में फंदे से झूलता मिला। डुमरी थाना इलाके की यह घटना गुरुवार का ही बताया जा रहा है। लेकिन देर रात युवा गृह स्वामी का शव फंदे से झूलता हुआ विनय के भाड़ेदार और बैंक कर्मी संजीव कुमार ने देखा। इस दौरान बैंक कर्मी ने ही घटना की जानकारी डुमरी थाना पुलिस को दिया। तो पुलिस भी पंचवटी नगर के विनय कुमार के घर पहुंची। और शव को पोस्टमार्टम में भेज कर जांच में जुट गई। वैसे गृहस्वामी के बेटे विनय ने आत्महत्या किया है या उसकी हत्या हुआ। ये फिलहाल स्पष्ट नही हुआ है। क्योंकि मृतक के जेब से ऐसा कोई पर्ची नही मिला। जिसे आत्महत्या के कारणों का पता चल सके। लेकिन घटना की जानकारी मृतक की पत्नी को हुआ तो उसकी पत्नी भी घर पहुंची। पति के शव को देखते ही पत्नी बेहोश हो गई। जानकारी के अनुशार उसकी पत्नी गुरुवार को डुमरी से बाहर गई हुई थी। पति का शव कमरे में मिलने की जानकारी होने के बाद वो घर लौटी। जानकारी के अनुशार मृतक विनय जब बीते गुरुवार दोपहर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला, तो उनके भाड़ेदार संजीव ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नही खुला। इसके बाद संजीव अपने ड्यूटी पर बैंक चले गए। देर शाम जब लौटे, तो देखा की दरवाजा बंद ही है। इसके बाद संजीव ने अकेले दरवाजा तोड़ा, तो देखा की उनके मकान मालिक के बेटे का शव फंदे से झूल रहा है। इस दौरान संजीव ने डुमरी थाना पुलिस को घटना की जानकारी दिया। और उनकी पत्नी को भी पति के मौत की मौत की बात बताई। न्यूज विंग भी लोगो से अपील करता है किसी कारणवश आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। अंधेरा है तो जीवन में उजाला आना तय है।

## चाईबासा में आज राष्ट्रीय लोक अदालत

**चाईबासा** । पश्चिम सिंहभूम जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 11 फरवरी को चाईबासा स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में बैंकिंग संबंधी मामलों, मोटर दुर्घटना दावा वाद, दीवानी, राजस्व, खनन, बिजली व पानी तथा दूरभाष से संबंधित मामलों सहित विभिन्न प्रकार के वादों का निष्पादन किया जाएगा। प्राधिकार के सचिव राजीव रंजन सिंह ने अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेकर सुलहनीय वादों का निष्पादन करवाने की अपील की है।

## 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**साहिबगंज** । तालझारी प्रखंड के सकरभंगा गांव से एमडीए कार्यक्रम की शुरूआत हुई । यह एमडीए कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू होकर 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे साथ ही यह दवा सभी सरकारी अस्पतालों पर मुफ्त भी उपलब्ध है। इस साल जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत 294345 लोगों को इसकी दवा खिलाई जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 1778 बूथों में दवाई देने का लक्ष्य रखा गया है। शुक्रवार को उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है जिसका बचाव पहले ही संभव है एक बार फाइलेरिया हो जाने के बाद इसका कोई इलाज नहीं होता इसलिए इसके प्रति अत्यधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

## हाथियों ने मचाया उत्पात, ग्रामीण भयभीत

**बालूमाथ।** प्रखंड थाना क्षेत्र के मुरपा पंचायत अंतर्गत बलबल गाँव में गुरुवार की देर रात जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए रामजीत उरांव,रामलखन भगत,रामेश्वर गंझू,विरसा भगत के घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज चावल,गेहूं,आलू को चट कर दिया। जिससे पीड़ित परिवार को हजारो रूपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए प्रशासन से जंगली हाथियों के झुंड को जल्द से जल्द गांव से दूर भगाने की मांग की है ताकि भयमुक्त होकर अपना जीवन यापन कर सके।

## जल यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु



**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मनातू गाँव के नव निर्मित शिव मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जल यात्रा निकाली गई । मनातू से चलकर हजारों या सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पैदल पद यात्रा करते हुए बुल बुलवा नदी जा पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ जल अभिषेक कर कलश में पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचे । इस दौरान सड़कों पे श्रद्धालुओं ने जयकारा लगाए और जयकारे से पूरा वातावरण क्षेत्र भक्तिमय हो गई इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे अशोक साव, प्रवीण लोहरा, छत्रु साव, जय प्रकाश सिंह बालदेव साव, उमा देवी सहित अन्य श्रद्धालू मौजूद थे।

## नामकुम थाना में तीन दारोगा को दी गई विदाई



**नामकुम।** नामकुम थाना में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नामकुम पदस्थापित सब इंस्पेक्टर आकाश कुमार, अनिमेष शांतिकारी को अरगोड़ा व रंजीत कुमार मुरी ओप व दिलीप कुमार पदोन्नति जमादार पद पर होने पर सभी को थानेदार इस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में माला पहनाकर एवं उपहार भेंट प्रदान किया। बेहतर कार्य के लिए स्थानीय उपस्थित लोगों ने भी उपहार देकर विदाई दी। मौके पर थानेदार ने कहा कि सभी को इमानदारी पूर्वक मेहनत करते हुए कार्य करने को कहा विदाई ले रहे अधिकारियों ने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। मौके पर समाजसेवी रमेश पाण्डेय, भाजपा के वरीय नेता मनोज सिंह सहित पुलिस एसोसिएशन के सदस्य एवं थाना के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## देशी शराब के खिलाफ चला जांच अभियान

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार के निर्देश पर एएसआई हरेंद्र सिंह, एएसआई इंद्रजीत समद और एसआई अनजन मंडल के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ ताबड़ तोड़ सर्च अभियान चलाया गया । वहीं मौके पर अवैध शराब के खिलाफ कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोम्बाकेरा, टुंगरीटोली में लगभग 80 किलो के जावा महुआ एवं 7 लीटर तैयार शराब को विनस्ट किया गया। कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया की सिमडेगा जिला पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश अनुसार सिमडेगा जिला में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया जाना है ताकि पूर्ण रूपेण अवैध शराब का कार्य बंद हो सभी अवैध शराब निर्माण कारोबारियों के शक्त अपील किया गया अवैध शराब का कार्य अविलंब बंद करे अन्यथा पकड़े जाने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नशा पान करने से कई लोग आपराधिक कार्य को अंजाम देते हैं कई घटनाओं को अंजाम देते हैं।लडाई झगड़ा मार पीट, हत्या एवं कई प्रकार के अपराध कर बैठते हैं।

# जिलों में वित्तीय साक्षरता व जागरूकता अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली के संदर्भित पत्र के अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सभी जिलों में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु अभियान शुरू करने का आदेश दिया गया है। यह अभियान 2 जनवरी 2023 से 15 अगस्त2023 तक की समय अवधि में चलाया जाएगा। इस संदर्भ में जिले के सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा की उपस्थिति में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन अभियान का शुभारंभ किया गया ।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है डिजिटल लेनदेन के तहत बीसी सखी के द्वारा घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी देना है। एवं सेवा भी प्रदान करना है। इस दौरान यह भी बताया गया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर शिविर के माध्यम से किया जाना है वित्तीय साक्षरता के तहत ग्रामीणों को वित्तीय सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जरूरत को बताना है। एवं साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडा जाना है ।इस कार्यक्रम को गांव गांव जाकर पहुंचाने के लिए सिमडेगा जिले में 52 एफएल सीआरपी, 44 बैंक मित्र, 83 डीजी पे सखी को आरसेटी में प्रशिक्षित किया गया है ।इस कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड निलेश कुमार, आरसेटी निदेशक सनीश अभिजीत मींज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा अजय कुमार रजक, बिनीता बाड़ा, बीएन भगत,डीपीएम जीसेलपीएस सिमडेगा मनीषा मालिनी सांचा, सिमडेगा तेज कुमार कांडुलना सिमडेगा अभय कुमार, संजीता केरकेट्टा आदि शामिल थी।

## टंडवा में बढ़ा चोरों का आतंक, लोग परेशान

**टंडवा।** टंडवा थाना क्षेत्र के बसरिया रोड में दिन दहाड़े चोरों ने एक फेरी वाले से साइकिल समेत 9000 रूपए एवं बेचने वाले पुरे कपडे लूट लिए। भुगतभोगी मो. सलीम ने बताया की चोरों ने पॉकेट में रखे आधार कार्ड तक नहीं छोड़ा, घटना गुरुवार देर शाम की है। भुगतभोगी फेरी वाले ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही घटना के बाद फेरीवाले के सामने घर जाने की समस्या उत्तपन हो गई तो जानकारी मिलने पर मो. सलीम ने कामता अंजुमन ने फेरीवाले को मदद कर घर भेजा। ज्ञात हो कि इन दिनों थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है।

# नियोजन नीति जल्द लागू करे सरकार अन्यथा भाजपा करेगी आंदोलन : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्तमान में नियोजन नीति नहीं होने के कारण राज्य की स्थिति भयावह हो गई है। गांव के नौजवान रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। जब से वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में बनी है। तब से यहां के लोग बेरोजगार हो रहे हैं। बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने सरकार की अकर्मण्यता पर बोलते हुए कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से राज्य की हालत ठीक नही है। राज्य में लीगल काम बंद हो गया है। गैरकानूनी कार्य धड़ल्ले से जारी है। इन गैरकानूनी कार्यों में दलाल और बिचौलिया हावी है। लोग बेरोजगार हो रहे है और रोजगार की तलाश में दूसरे प्रदेश की ओर पलायन कर रहे हैं। लेकिन इसकी चिंता राज्य सरकार को नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कानूनी रूप से पत्थर, कोयला का खनन होता है। बालू घाटों की नीलामी कानूनी रूप से होती है तो स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध होता है। मरांडी ने राज्य सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि पलायन को रोकने के लिए राज्य सरकार पत्थर खदानों की लीज जमीन मालिक को दे और बालू घाटों की नीलामी शराब दुकानों का टेंडर करने का अधिकार उपायुक्तों को दे देना चाहिए, जिससे स्थानीय लोग नीलामी में भाग ले सकें।



# विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम** नामकुम प्रखण्ड में अपने विधायक निधि से ग्राम कोईनझारी में रांची-खूंटी रोड से प्राथमिक विद्यालय तक पी.सी.सी. पथ का निर्माण एवं निश्चितपुर नयाटोली में तोता उरांव के बारी से भदवा उरांव के घर तक पी.सी.सी. पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप ने विधि विधान से किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि खिजरी विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य देखने को मिल रही है। हर तरह की विकास योजना धरातल पर दिख रही है जैसे सरना मसना घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी, रोड, नाली, स्वास्थ्य केंद्र भवन, चेकडैम, तालाब सुन्दरीकरण/जीर्णोद्धार। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, पंचायत समिति सदस्य कल्याण लिण्डा, मांगरा कच्छप, डुंगरी मुखिया जीता कच्छप, हुड़वा पंचायत मुखिया शिवचरण कच्छप, माधो कच्छप, तेलोस्फोर मिंज, इरफान अंसारी, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



## सुरक्षा-व्यवस्था | जलडेगा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द में मनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
**जलडेगा।** थाना परिसर में शिवरात्रि और रंगों का त्योहार होली को लेकर शुक्रवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई। सीओ डॉ खगेन महतो की अध्यक्षता और थाना प्रभारी हीरालाल महतो के संचालन में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में शिवरात्रि और होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की। साथ ही शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। कहा गया कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा बड़ा कारण बनता है, इसे प्रशासन विशेष ध्यान दें। इसके अलावा हाई स्पीड बाइकर्स पर लगाम लगाने की भी मांग की। जिसे सीओ ने गंभीरता से लेते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने बैठक के माध्यम से वैसे अभिभावकों जिन्होंने अपने बच्चों को स्पीड बाइक थमा दी है, उससे अपने बच्चों पर ध्यान देने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा कि कार्रवाई होने की स्थिति में किसी की नहीं सुनी जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा की त्योहारों में सोशल मीडिया में नजर रखी जायेगी भड़काऊ और जाति धर्म से संबंधित पोस्ट करने वालों के ऊपर कड़ी करवाई की जायेगी। वहीं बीडीओ ने शांति समिति की बैठक में हरेक पंचायत से कम से कम चार सदस्यों को उपस्थित रहने को कहा। वहीं बैठक में जलडेगा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी ने उपस्थित अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कही की थाना के जवान भी शराब का सेवन कर के खुले आम घूमते हैं, इसलिए लोगों में भय नहीं है, जो जवान दारू पीते हैं वो कारवाई से पहले ही शराब कारोबारियों को सूचना दे देते हैं, जिससे शराब बंदी सफल नहीं हो रहा है। मौके पर एएसआई धीरज उरांव, वीरेंद्र शर्मा, जयनाथ राम, जिला परिषद सदस्य रोजालिया कंडूलना, प्रमुख जुसाफ लुगुन, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा आदि उपस्थित थे।



## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की प्रखंडस्तरीय बैठक

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित शिक्षक प्रशिक्षण मैदान में शुक्रवार को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष हीरा सिंह ने किया मौके पर जिलाध्यक्ष युगल किशोर ने कहा कि यह बैठक जिला व प्रखंड स्तर के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से रखा गया है। बैठक में संघ के तीन सूत्री मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। मांगों में स्वयंसेवक का नाम बदल कर पंचायत सहायक करने, स्थाई करण व मानदेय दिए जाने की मांग की गई है। संगठन के शंकर कुमार ने बताया कि इन मांगो को लेकर आगामी 20 फरवरी को रांची में धरना प्रदर्शन करेंगे। वही चतरा डीसी को ज्ञापन भी देंगे। बैठक में राजू कुमार, प्रदीप कुमार साहू, गोपाल राम, विकास कुमार चंद्रा सहित दर्जनों पंचायत स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# सभी डाक घरों में खोला जा रहा है खाता : भूषण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
क्षेत्र के डाक निरीक्षक भूषण कुमार ने बताया कि भारत सरकार संचार विभाग के निदेर्शानुसार विशेष अभियान चलाकर देशभर में 0 से 10 वर्ष की कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोला जा रहा है` उन्होंने बताया कि मिनिमम ?250 से खाता खोलने का कार्य किया जा रहा है। लाभुक को मात्र 14 वर्ष 250 रू प्रतिमाह जमा करना है और जब बालिका जब 21 वर्ष की हो जाएगी तब वह उस जमा पैसा को इंटरेस्ट सहित अपने विवाह के लिए या उच्च शिक्षा के लिए निकाल पाएगी। भूषण कुमार ने बताया कि यदि कोई कन्या का खाता ?1000 प्रति माह खाता में जमा किया जाता है तो परिपक्व होने पर उसे 21 वर्ष के बाद कुल 5,10,379 रुपैया मिलेगा ` जबकि 14 वर्ष में उसे सिर्फ ?1,80,000 ही जमा करना पड़ेगा ` भूषण कुमार ने बताया कि यह विशेष अभियान 9 और 10 फरवरी को पूरा देश सहित लोहरदगा जिला के सभी 56 शाखा डाकघर और चार उप डाकघर में खोला जा रहा है और इसके लिए हमारे डाक कर्मी आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों में जाकर संपर्क कर रहे हैं और खाता खोलने का काम कर रहे हैं। इस क्रम में लोहरदगा डाक विभाग सब डिवीजन के अंतर्गत बदला गांव में सुकन्या समृद्धि योजना खाता खोलने हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासी उपस्थित हुए और भारी मात्रा में खाता खोला गया।

# रामगढ़ : फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का डीसी ने किया शुभारंभ

## डीसी, सीएस सहित अन्य अधिकारियों व कर्मियों ने खाई एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की गोली

### 25फरवरी तक चलेगा अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सदर अस्पताल रामगढ़ से किया। इस दौरान उपायुक्त ने दीप प्रज्जवलित कर अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत स्वयं फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु दवाई ली। मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी दवाइयां ली। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन से अभियान के सफल संचालन के लिए की गई तैयारी की जानकारी लेने के उपरांत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए जिले के सभी योग्य बच्चों/लोगों को दवाइयां खिलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने फाइलेरिया रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से सभी जिले वासियों से स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाने की अपील की। गौरतलब है कि फाइलेरिया उन्मूलन अड्डियान के दौरान 25 फरवरी तक जिले में 10 लाख से अधिक लोगों को एल्बेंडाजोल एवं निर्धारित मात्रा में डीईसी की गोली खिलाई जाएगी। 10 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित किए गए बूथों पर स्वास्थ्य सहियाओं, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं आदि के द्वारा योग्य लोगों को दवाई खिलायी गयी जिसके उपरांत 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों चिकित्सकों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।



### एसडीएम फेज दो का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# शिविर में उपस्थित पंजी में मिले फर्जी हस्ताक्षर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गुरुवार को नगर भवन बरही एसडीएम फेज दो का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ । इस प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि शामिल हुए । परंतु डपोक मुखिया इंद्रा देवी और भंडारो मुखिया के प्रशिक्षण शिविर में नहीं होने के बाबजूद भी उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर देखने को मिला । जो पंचायती राज अधिनियम के विरुद्ध है । इसकी जानकारी मिलते ही बीडीओ सीआर इंदीवार ने दोनों प्रखंड के मुखिया को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है । पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि निर्धारित अवधि के अंदर जवाब नहीं दिया गया तो उनके विरुद्ध उच्चाधिकारियों को शिकायत की जायेगी । विदित हो कि इस प्रकार के शिकायत प्रायः लगातार देखने को मिल रहे थे । जिसमें जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या अन्य व्यक्तियों की बैठक अथवा आम सभा में प्रमुखता से उपस्थिती देखने को मिलती है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# छात्रों को दी ईवीएम व वीवीपैट की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा शुक्रवार को गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्वीप के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामान्य प्रेक्षक डॉ हीरा लाल ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई । लोगों को आगामी 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पॉलिटेक्निक कॉलेज के परिसर में हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी कैंपेन, मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसमें बढ़-चढ़कर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सामान्य प्रेक्षक डॉ हीरा लाल विद्यार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों को मतदान के महत्व एवं मतदान से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी विद्यार्थियों से 27 फरवरी को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को मतदान के प्रति विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने की अपील की। मौके पर गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । जिससे प्रभावित होते हुए सामान्य प्रेक्षक ने सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने की विद्यार्थियों से अपील की। मौके पर नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा सामान्य प्रेक्षक को स्वीप के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।

# कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बेडोकला पंचायत निवासी ईश्वर साव के घर एकादशी उद्यापन सह सात दिवसीय श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी से 17 फरवरी तक किया जा रहा है। यज्ञ कार्यक्रम के लिए अयोध्या से आए हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य देवी निधि सारस्वत और पंडितों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा रात्रि में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव के द्वारा फीता काटकर व 501 कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा के दौरान भक्ति भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया तथा जय श्री राम के नारों से क्षेत्र गुंजयमान हो गया। मौके पर विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी,जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव, मुखिया रिंकी देवी, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय,उप प्रमुख सुरजी देवी, बरकट्ठा मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया तुलसी पांडेय, राम जी पांडेय आदि उपस्थित थे।

# जिप सदस्य ने कराया इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
कहते हैं आप यदि किसी गरीब का दिल से सेवा करना चाहें तो हर मुसीबत भी आसानी से दूर हो जायेगी। विदित हो कि ग्राम गैड़ा निवासी मो. रधिया देवी की दाऐं हाथ की हड्डी टूट गई थी। स्थानीय लोगों ने जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी को इसकी जानकारी दी । लोगों ने कहा कि निःसहाय रधिया देवी अकेली है। पत्रकारों से बातचीत में कुमकुम ने बताया रधिया देवी का आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने हेतु दिन भर मेहनत की लेकिन नहीं बन पाया। उसके बाद पीड़िता को लेकर सदर अस्पताल पहूंची और सिविल सर्जन से आग्रह कर इलाज हेतु भर्ती करवाई। लेकिन इलाज हेतु जो राशि खर्च होने थी उसके लिए पीड़िता सक्षम नहीं थी । अंत में सिविल सर्जन के सहयोग और कुमकुम देवी के द्वारा आर्थिक सहयोग के बाद रधिया देवी के हाथ को ठीक करने के लिए रड लगना निश्चित हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि कुमकुम देवी का सेवा भाव इतना प्रबल है कि कई कठिनाईयों के बावजूद वह सेवा में कोई कमी नहीं करती। इस पुनीत कार्य के लिए ग्रामीणों ने कुमकुम के प्रति आभार व्यक्त किया।



### हारमोनियम वादक सह व्यास का निधन पर शोक



**बरही ।** गौरिया करमा पंचायत के प्रसिद्ध हारमोनियम वादक सह कीर्तन व्यास कारू चौधरी का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया । जिनका अंतिम संस्कार गौरियाकरमा मुक्तिधाम में किया गया । अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय समाजसेवी, जनप्रतिंधी और प्रबुद्धजन शामिल हुए । उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक का लहर व्याप्त है । वह इस क्षेत्र के प्रसिद्ध हारमोनियम वादक के साथ साथ गायक भी थे। जो अपने कीर्तन समाज के लिए बतौर व्यास गायन का काम करते थे । उनकी मृत्यु इस क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है । वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा, पंसस गिरधारी लाल यादव, वरिष्ठ समाजसेवी दुलार यादव, अर्जुन यादव, ज्ञानी चौधरी, लखन ठाकुर आदि सहित कई लोगो ने दुख प्रकट करते हुए मृतात्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना किया है ।

### मुखिया प्रतिनिधि ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत ग्राम बन्डासिंगा के जलहिया में बिजली एवं पानी की व्यवस्था को लेकर मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने बैठक की। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई की जलहिया में बिजली व पानी की समस्या गंभीर हो गई है। जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। इस बाबत मुखिया ललिता देवी ने विद्युत आपूर्ति पदाधिकारी हजारीबाग को आवेदन दे कर बिजली जल्द उपल्बध कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने जल विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर समस्या निराकरण के लिए आग्रह किया ।बैठक में रवि गोस्वामी, अर्जुन ठाकुर, मनीष पाण्डेय, नंदू राणा ,बब्लू पाण्डेय, सुनील साव, किसुन मोदी, बैजनाथ ठाकुर, मोहन राणा, मुन्ना नायक, नबी मियां समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने लाभुकों के साथ की बैठक

**बरही ।** रानीचूआ पंचायत में वित्तीय वार्ड 2019-20 में आवंटित इंदिरा आवास का कई लाभुको ने अब तक पूर्ण नही किया है । इसे लेकर बीडीओ सी आर इंदीवार ने शुक्रवार को स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता में लाभुको के साथ बैठक किया । साथ ही सभी को यथाशीघ्र आवास पूरा करने का निर्देश भी दिया । कहा कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी । बैठक में ब्लॉक कॉर्डिनेटर कमलेश तिवारी, रोजगार सेवक शिवू विश्वकर्मा आदि सहित कई लोग उपस्थित थे ।

### रामगढ़ में 27 को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**रामगढ़।** रामगढ़ विस उपचुनाव के मद्देनजर 27 फरवरी को मतदान के दिन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के झारखंड सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों / औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक बैंकों में स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। विदित हो कि 27 फरवरी को रामगढ़ में विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदान होना है। इसी के मद्देनजर 27 फरवरी (सोमवार)को मतदान के दिन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के झारखंड सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों / औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक बैंकों में निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 की धारा -25 के तहत स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र के उरवां पंचायत अंतर्गत तूफान चौक के समीप शुक्रवार की देर शाम टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उरवां के प्रयाग भुइयां (48) के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उसे निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# संतोष महतो को बसपा का मिला समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी 27 फरवरी को होनेवाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में बहुजन पार्टी द्वारा झारखंड पार्टी के प्रत्याशी संतोष महतो को समर्थन का एलान किया गया है। इस संबंध में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव विद्याधर प्रसाद ने प्रेस वार्ता में कहा कि रामगढ़ विधानसड्डा उपचुनाव में झारखंड पार्टी ने संतोष महतो को प्रत्याशी बनाया है। प्रसाद ने कहा कि संतोष महतो शिक्षित एवं योग्य उम्मीदवार हैं। इसलिए बहुजन समाज पार्टी ने उन्हें समर्थन देने का एलान किया है। विद्याधर प्रसाद ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में संतोष महतो को दलित, शोषित, वंचित और युवाओं का भरपूर समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती से इस मुद्दे पर चर्चा कर झारखंड में हमलोग तीसरे मोर्चे के गठन का प्रयास करेंगे। क्योंकि राज्य निर्माण के इतने वर्ष बीत जाने के बाद ड्डी झारखंड वासियों की अपेक्षाएं पूरी नही हो सकी हैं। कहा कि उसी कारण से हमलोग तीसरे मार्चे के गठन का प्रयास कर रहे हैं। ताकि यहां के लोगों की अपेक्षाएं पूरी हो सकें। वहीं, झारखंड पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक भगत ने कहा कि बिहार से अलग होने के 22 वर्ष बाद भी झारखंड के लोग बुनियादी सुविधाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से वंचित हैं। कहा कि राज्य के जन प्रतिनिधियों ने अबतक यहां के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है।

### उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर 10 फरवरी को नामांकन करने वाले प्रत्याशियों को निर्चाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय ने चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। उपचुनाव के लिए मैदान में 18 प्रत्याशी हैं। जिनमें कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को हाथ छाप, आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को केला छाप, नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के युगन कुमार को कंप्यूटर, झारखंड पार्टी के संतोष कुमार महतो को फ लों की टोकरी,निर्दलीय अजित कुमार को हरी मिर्च, इमाम साफी को बैटरी टॉर्च,कामदेव महतो को पानी का जहाज, तुलेश्वर कुमार पासवान को गन्ना किसान, धनंजय कुमार पुटूस को फोन चार्जर,पांडव कुमार महतो को सेव, प्रदीप कुमार को हेलीकॉप्टर,फारूख अंसारी को फु टबॉल, मनोज कुमार बेदिया को ऑटो रिक्शा, महिपाल महतो भिंडी, रंजीत महतो को चारपाई,रामावतार महतो को बाल्टी, सहदेव कुमार को भाला फे क एवं सुलेन्दर महतो को माचिस की डिब्बी चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया है।

# राज्य के पिछड़ों को मिले आरक्षण : आजसू




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आजसू जिला कार्यालय में 10 फ रवरी को अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा के पदाधिकारियों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश संयोजक विजय साहू,गुड्डू यादव , वरीय पदाधिकारी सह नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, जिलाध्यक्ष हरी रत्नम साहू मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रेस कॉन्फ्रें स में प्रदेश संयोजक विजय साहू ने कहा आजसू पार्टी ने हमेशा से सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अपनी बात रखती रही है । उन्होंने कहा कि हमको लगता है कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने जो पिछड़ों के हक अधिकार के लिए अवमानना वाद याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर किया था। जिसमें कहा था कि झारखंड प्रदेश में स्थानीय निकाय के चुनाव बिना ट्रिपल टेस्ट के सरकार कर रही है । उसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार से जवाब मांगा था। साहू ने कहा कि यह बात यह सिद्ध करता है कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी नहीं होते तो फिर से झारखंड सरकार पिछड़ों की हकमारी करने की तैयारी कर रखी थी । लेकिन कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने गलती मानी। श्री साहू ने कहा कि आजसू पार्टी पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने का कार्य हमेशा करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

### कुएं से मिला बच्चे का शव, तीन हिरासत में

**बोकारो।** दुग्दा थाना क्षेत्र के कुरुम्बा गांव में लापता बच्चे का शव कुएं में मिला। बच्चे के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। कुरुम्बा गांव के बबलू देव का पांच वर्षीय पुत्र आर्यन देव बीते गुरुवार के दोपहर से घर से लापता था। बबलू देव ने पुत्र की हत्या का आरोप गांव के ही मानस गोप, भुनेश्वर गोप और चरकु गोप पर लगाया है। बबलू देव ने कहा कि दो दिन पूर्व जमीन को लेकर इन लोगों से विवाद हुआ था। दुग्दा पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### बोकारो में दो बाइक की टक्कर से एक की मौत

**बोकारो।** पेटरवार-तेनु पथ पर ओरदाना के निकट सिसियारी के पास शुक्रवार अपराह्न साढ़े तीन बजे दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ कुंदन राज ने बीरबल चौधरी को मृत घोषित कर दिया। गंभीररूप से घायल सुनील घांसी को सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया गया है।

### झारखंड राज्य पेंशर समाज की बैठक

# अध्यक्ष और संगठन मंत्री का हुआ चयन, 5 को होली मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
शुक्रवार को रत्नेश्वर प्रसाद केसरी की अध्यक्षता में झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक संपन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से राजेंद्र रुखरियार को अध्यक्ष और बजरंग शर्मा को संगठन मंत्री सह मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चचाएं हुई । साथ ही कोषाध्यक्ष ने बीते वर्ष 17 दिसंबर से 10 फरवरी 23 तक का आय विवरणी प्रस्तुत किया । प्रस्तुत लेखा जोखा के आधार पर कुल डोमचांच के पेशनर गिरिजा नंदन प्रसाद के गुमशुदगी पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगो से किसी भी प्रकार की सूचना पेशनर्स रत्नेश्वर प्रसाद केसरी को देने की अपील किया । इसके साथ ही बैठक में 17 दिसंबर 2020 से 10 फरवरी 2023 तक के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया । बताया गया कि इस अवधि में कुल 16200 रुपए की आय जबकि 12290 रुपए खर्च हुए,शेष 3910 रुपए बचे है । इसके साथ ही होली को देखते हुए अगली बैठक की तिथि को 5 मार्च किया गया । उसी दिन होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जायेगा।

### प्रशिक्षण | धनवार में पंचायत स्किल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# रोजगार के लिए युवाओं का स्किल्ड होना जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
झारखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत धनवार पंचायत स्किल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसायटी के प्रशिक्षकों ने ग्रामीण युवाओं को विभिन्न रोजगरोन्मुखी कोर्स की जानकारी दी । बताया गया कि इस योजना के तहत युवाओं को शत प्रतिशत रोजगारोन्मुखी कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही निःशुल्क आवास, भोजन, यूनिफॉर्म और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेंद्र प्रसाद और संचालन प्राचार्य चंदन सिंह ने किया । मुखिया ने युवाओं को बताया कि रोजगार मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को शत प्रतिशत रोजगार मिलेगा। युवा कौशल प्रशिक्षण कर कुशलता का परिचय दें । रोजगार के लिए इधर उधर नही भटकेंगे। कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक जमशेद आलम, सुनील कुमार, जगदीश कुमारी सहित स्थानीय उमेश यादव, बह्मदेव यादव, रवि यादव, विकास यादव, प्रकाश साव, सलोनी कुमारी, शीतल कुमारी, माशूक अंसारी, राजेन्द्र प्रसाद, प्रिंसशंकर यादव, केशो यादव, बिरेन्द्र यादव, दिनेश यादव आदि सहित कई लोग मौजूद रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत लताकेल गांव के पास देर रात सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को चोट लगी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपक नायक अपने दोस्त विवेक नायक के साथ किसी काम को लेकर जा रहा था इसी दौरान नियंत्रण खोकर गिर पड़ा चोट लगने की वजह से रात भर दीपक नायक वहीं पड़ा रहा जिसकी वजह से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही इधर दीपक के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल से सिमडेगा भेजा जहां से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 13 व 14 फरवरी को

**लोहरदगा।** माह फरवरी व मार्च 2023 में विभिन्न पंचायतों में पंचायत भवन और पशु अस्पतालों में दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन 04 फरवरी से किया नियमित रूप से किया जा रहा है। इस कड़ी में अगला पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी 2023 को किया जाएगा। 13 एवं 14 फरवरी 2023 को दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कुडू प्रखंड के लावागाई पंचायत भवन, सुंदरू पंचायत भवन, सदर प्रखंड के तिगरा पंचायत भवन, जोरी पंचायत भवन, सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन, भंडरा प्रखंड के आकाशी पंचायत भवन, प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन भंडरा, किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत भवन, हिसरी स्थित पंचायत भवन और कैरो प्रखंड के सढ़ाबे स्थित पंचायत भवन में किया जाएगा। शिविर में पशुओं में एफएमडी, एलएसडी एवं बाछियों में ब्रूसेलोसिस का टीकाकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार ने दी।

### जिला परिषद मासिक बोर्ड की बैठक 14 को

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद मासिक बोर्ड बैठक का आयोजन 14 फरवरी को जिला परिषद कार्यालय सभागार में दिन के 11:00 बजे आयोजित की गई है। जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अरुण वाल्टर सांगा ने बताया है कि उक्त जिला परिषद बैठक में जिला परिषद द्वारा संचालित कार्य एवं योजना सहित कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी। उन्होंने इस बैठक के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, तोरपा विधायक, सिमडेगा विधायक,कोलेबिरा विधायक, एवं सभी जिला परिषद सदस्य तथा सभी पंचायत समिति के प्रमुख एवं विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है।

### बाइक व स्कूटी के टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से घायल




**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू ग्राम में बाइक एवं स्कूटी के टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों ने दोनो घायल को अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस 108 को कॉल किया परंतु समय से एंबुलेंस नही पहुंचने पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए निजी वाहन से भेजा गया। वहीं घटना में घायल दोनो युवक की पहचान नही हुआ। बताया जाता है कि मोड़ में मोड़ने के दौरान बैलेंस बिगड़ने से सड़क दुर्घटना होने की बात बताई जा रही है। सड़क दुर्घटना में बाइक आर वन 5 जे एच 01 ई एन 7718 एवं स्कूटी जे एच 08 एच 1633 क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दोनो घायलों का इलाज सदर अस्पताल लोहरदगा में चल रहा है।

# अवैध माइनिंग व शराब के धंधेबाजों के खिलाफ धर-पकड़ अभियान तेज करें

## क्राइम मीटिंग में एसडीपीओ बीएन सिंह ने थानेदारों को दिए कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी हाल में क्रिमिनल एक्टिविटी को कम करें। अगर अपराध का ग्राफ बढ़ा, तो संबंधित थाना प्रभारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ ने अपने अपने थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती तेज करने और कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। थाना प्रभारी अपराध नियंत्रण की दिशा में विशेष ध्यान दे। एसडीपीओ ने विभिन्न थाना क्षेत्र में घटित आपराधिक घटनाओं, लूट-पाट, हत्या सहित अन्य घटनाओं में अब तक प्रशासनिक कार्रवाई और उपलब्धि के बारे में जाना। उसके बाद अपराध के पूर्व के रिकार्ड और वर्तमान के बारे में पूछताछ की। सभी थानों के थानेदार से बारी-बारी से पूछताछ हुई। साथ ही लूट-पाट और आपराधिक घटनाओं के लिए पूर्व से चिन्हित स्थलों पर पुलिस बल की तैनात रखने की हिदायत दी। अवैध माइनिंग और शराब धंधेबाजों के खिलाफ धड़-पकड़ अभियान तेज करने का भी निर्देश दिया। कहा कि हर हाल में क्राइम कंट्रोल होनी चाहिए। यदि लापरवाही बरती गई तो मैं किसी को छोडूंगा नहीं। जिस थाना क्षेत्र में मैं पहुंचा और वहां के अधिकारी ड्यूटी पर नहीं दिखाई दिए, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ ने अवैध शराब की मामले पर कहा कि हर हाल में शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। क्राइम मीटिंग में किस्को सर्किल इंस्पेक्टर मंटू कुमार, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल उरांव, किस्को के प्रभारी सुखराम उरांव, कैरो के शंखनाथ उरांव, बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

## उत्पाद विभाग ने की कार्रवाई, तीन पेटी नकली शराब के साथ दो स्टाफ गिरफ्तार

### कुडू के सरकारी शराब दुकान में बेची जा रही थी नकली शराब







**कुडू।** कुडू बाजारताड़ स्थित सरकारी शराब दुकान से बुधवार को तीन पेटी लगभग 140 बोतल डुप्लीकेट शराब पकड़ाया। इस मामले में शराब दुकान के 2 स्टाफ को को उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर अपने साथ लोहरदगा ले गई है। मानव प्रदाता एजेंसी प्राइम वन और उत्पाद विभाग के संयुक्त कार्रवाई में यह खुलासा हुआ। विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कुडू के सरकारी शराब दुकान में जल मिश्रित डुप्लीकेट शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। जिसका जांच में पहुंची उत्पाद विभाग के दरोगा प्रदीप करमाली और राजकुमार महतो पुलिस बल के साथ पहुंचकर दुकान में छापेमारी की।

जहां से बी 7 ब्रांड के 2 कार्टून लगभग 90 सीसी और रॉयल स्टार ब्रांड के 1 पेटी लगभग 50 सीसी डुप्लीकेट शराब बरामद किया गया। शराब बरामदगी दुकान में डुप्लीकेट शराब बिक्री की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण दुकान आ धमके। दुकानदारों के साथ गाली गलौज शुरू किया लेकिन घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंचकर लोगों को हटाया।

जांच में यह भी पता चला कि कोऑर्डिनेटर ने जिले से अनुमोदित स्टाफ को हटाकर बाहर से स्टाफ बहाली डुप्लीकेट शराब बेचने के लिए और कमीशन के लिए किया है। उत्पाद उत्पाद विभाग के दरोगा प्रदीप करमाली ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है और इस मामले में जिन लोगों का नाम आएगा किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।

### डीसी-एसपी ने कि सड़क सुरक्षा विधि व्यवस्था व उत्पाद कारा की समीक्षा बैठक

# बे-हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों पर एक्शन लें: डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, उत्पाद, व कारा मण्डल मामलें से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने वर्ष 2021 एवं 2022 में हुए अब तक की सड़क दुर्घटना की जानकारी लेते हुए यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित कराते हुए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर ओवर स्पीड, ड्रंक एंड ड्राइव तथा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव ने वर्ष 2021-22 में हुए सड़क दुर्घटनाओं एवं उन दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का तुलनात्मक आंकड़ा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक सड़क दुर्घटना बानो प्रखण्ड में हुआ है। जिस पर उपायुक्त ने बानो प्रखण्ड में सड़क दुर्घटना पर अंकुश लागाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जागरूकता अभियान की बात कही। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग को दिये गये निर्देश के प्रति अनुपालन कार्य की जनकारी ली। साथ ही सड़क किनारें की झाड़ियों का कटाई कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कारा मंडल एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उत्पाद विभाग की समीक्षा कर उपायुक्त ने सिमडेगा जिलान्तर्गत सभी खुदरा उत्पाद दुकानों से दिसम्बर एवं जनवरी माह में शराब के बिक्री की समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने हेतु निरन्तर छापामारी अभियान चलाते रहने की बात कही। बैठक में माननीय सांसद लोकसभा क्षेत्र खूंटी प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता राजेंद्र प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी मो० शहजाद परवेज, डीएसपी पतरास बरवा, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल विजय कुमार सिन्हा, उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण पदाधिकारी, असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# गुमला के उपायुक्त ने किया दो विद्यालयों का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरकुंडा गुमला एवं उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय ढिंढौली में बिल्डिंग विभाग द्वारा बनाए गए निर्माण कार्यों एवं पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में हुए कार्यों का निरीक्षण किया। उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय ढिंढौली के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नए बनाए गए क्लासरूम , एवं विद्यालय में हुए अन्य मरम्मती कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक कमरों को भी देखा। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में वन विभाग के जर जर भवन को तोड़ने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने चपाकाल ,नए लगे नल, शौचालय, साइकिल रखने की शेड, साइंस लैब की संरचनाओं को देखकर प्रभावित हुए। उन्होंने सभी कमरों की उपर्युक्त इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। साथ ही आवश्यक मरम्मती कार्य हेतु विद्यालय के प्रिंसिपल से प्रस्तावना की मांग की। उपायुक्त ने एक भवन को सार्वजनिक पुस्तकालय के रूप में परिवर्तित करने का भी निर्देश दिया। पूर्व के मुकाबले विद्यालय में बेहतरीन शौचालय, अतिरिक्त कमरों, साइकिल शेड निर्माण कार्यों को देखकर उपायुक्त ने हर्ष प्रकट की। इसी दौरान राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरकुंडा गुमला में भी उपायुक्त ने सभी कमरों को देखा ।एवं आवश्यक बदलाव करने हेतु दिशा निर्देश दिया। उन्होंने वहां भी सामुदायिक लाइब्रेरी के रूप में कमरे को नामित करते हुए बच्चों एवं उनके परिजनों को लाइब्रेरी का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया । इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के बच्चों से भी बात चीत की एवं पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाने एवं बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ने के प्रति प्रेरित किया गया। दोनों ही विद्यालय में बेहतरीन क्लास रूम, शौचालय, साइंस लैब, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब जैसी हर एक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है ।उपायुक्त ने कहा कि इन विद्यालयों को 5 स्टार विद्यालय के रूप में परिवर्तित किए जाने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से प्रयास की जा रही है।

### पान मसाला के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

# 5 लोगों पर कोटपा एक्ट के तहत लगाया जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

एसडीओ महेन्द्र कुमार के आदेशानुसार सिमडेगा जिला मुख्यालय एवं ठेठईटांगर प्रखंड में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में सिमडेगा जिला खाद्य प्रतिष्ठानों दुकानों में प्रतिबंधित पान मसाला तम्बाकु उत्पाद, फल थोक विक्रेताओं के भण्डार गृह तथा थोक सब्जि विक्रेताओं के भण्डार गृह का औचक छापामारी किया गया। जिससे फलों सब्जियों में मिलाये जा रहे कृत्रिम रंग जांच कि गई। जांच के क्रम में फल कारोबारियों एवं सब्जि कारोबारियों के द्वारा परिणाम संतोषजनक पाया गया। छापेमारी के क्रम में खाद्य कारोबारी के दुकान से कुल पांच दुकानों में तम्बाकू उत्पाद बरामद हुआ जिसे कोटपा एक्ट के तहत प्रत्येक उल्लंघनकर्ता के उपर 200 कर 5 लोगों में कुल 1000 रुपये जुर्माना लगाया गया। एसडीओ सिमडेगा के द्वारा कहा गया कि प्रतिबंधित पान मसाला बिक्री भंडारण, आयात, परिवाहन करना गैरकानुनी है। प्रतिबंधित पान मसाला किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा भंडार/ बिक्री करते पाया गया तो उक्त के विरूध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी टीम में अपूर्वा मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा, राहुल कुमार एफएलसी एनसीडी उपस्थित थे।

# ई-पुलिसिंग व पेट्रोलिंग वाला पहला जिला बना सिमडेगा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा पुलिस अपनी सामुदायिक पुलिसिंग के लिए लगातार कई प्रकार की प्रयास कर रहे हैं और इसी कड़ी में पूरे राज्य भर में रक्षक एप्लीकेशन के माध्यम से ई बीट पुलिसिंग एवं पेट्रोलिंग के लिए बारकोड की शुरूआत करते हुए पूरे जिले भर में इसकी शुरूआत की गई। शुक्रवार को एसपी कार्यालय सभागार में बारकोड का विमोचन करते हुए एसपी सौरभ ने बताया कि जिले के सभी चयनित जगह जहां पर पुलिस की आवश्यकता है वैसे जगहों पर रक्षक एप्लीकेशन की बार कोड लगाया जाएगा जिसमें लगातार पुलिस कर्मियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैंक, हॉस्पिटल, मंदिर मस्जिद, चर्च, स्कूल, कॉलेज एटीएम सहित आसपास के सभी जगहों पर बारकोड लगाया जाएगा ताकि समय-समय पर पुलिसकर्मी वहां पर जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कर बारकोड में स्कैन कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि बारकोड को जैसे ही स्कैन करेंगे पुलिस की उपस्थिति जिला मुख्यालय में पता चलेगी इससे पुलिस की सभी छोटी-बड़ी गतिविधि एवं लोगों को सुरक्षा देने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि 180 अलग-अलग टॉपिक के साथ इस एप्लीकेशन को बनाया गया है जिसमें शहर के हर छोटी-बड़ी सभी प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया गया है। जैसे कि एक क्लिक के साथ पुलिस को उन सभी चीजों की जानकारी मिल सकेगी। एसपी ने कहा पूरे राज्य में पहला जिला सिमडेगा है जहां पर इस प्रकार की पहल की गई है यही पहल पूरे राज्य भर में होगी लेकिन सर्वप्रथम सिमडेगा जिले में पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर शुरू की गई है जिससे कि यहां के लोगों को इसका फायदा होगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे तकनीकी में बदलाव हो रहा है वैसे-वैसे पुलिस भी अपनी कार्यशैली को बदल रही है ताकि अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी ना हो और लोगों को सुरक्षा दी जा सके इसके लिए पुलिस ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की जाएगी एवं थाना को अलग-अलग बीट में बांटकर इस प्रकार किया जाएगा ताकि कार्यों को सही तरीके से किया जा सके। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए ढोढराय, डीएसपी पतरस बरवा, सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश सहित पेट्रोलिंग टीम एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### फलदार पेड़ की कटाई पर दो पक्षों में विवाद

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में आम पेड़ कटाई पर दो पक्षों में विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार बदला ग्राम में घर के समीप लाल वीरेन्द्र नाथ शाहदेव का लगा फलदार आम पेड़ की कटाई बदला निवासी मुन्ना साहु एवं उसके पुत्र परमेश्वर साहु व पवन साहु के द्वारा किया गया। वहीं प्रथम पक्ष के द्वारा मना करने पर पूरे परिवार के लोग संयुक्त रूप से गली गलौज करते हुए मारने पर उतारू हो गये। मामला को बिगडता देख लाल वीरेन्द्र नाथ शाहदेव ने पुलिस प्रशासन का सहारा लेने की सोची और लिखित आवेदन देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को अवगत कराया। कहा की पूरे परिवार लड़ाकू प्रवृति का है। इससे पूर्व भी गांव में कई परिवार से लड़ाई झगड़ा कर धमकी देते रहता है। पुलिस प्रशासन की बात बोलने पर कहता है कि जहां जाना है जाओ किसी का मुझे परवाह नही है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा आवेदन को संज्ञान में लेते हुए अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

### बाइक व टेम्पू के टक्कर में तीन घायल, दो रेफर

**कुडू।** एनएच 75 कुडू रांची रोड पर जिलिंग गांव के पुराना माराडीह मोड़ के नजदीक शुक्रवार को बाइक और टेम्पू के बीच हुए टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जिसमे बाइक सवार लोहरदगा थानाक्षेत्र के हेंदलासो निवासी इसराफिल अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र तौसीक अंसारी का पैर टूट गया। वही टेम्पू सवार खलारी निवासी स्व कुसिया उरांव की 20 वर्षीय पुत्री पुष्पा कुमारी को हेड इंजुरी के कारण रिम्स रेफर किया गया। तीसरा घायल टेम्पू सवार खलारी निवासी 45 वर्षीय सुमित्रा देवी का उपचार कुडू सरकारी अस्पताल में किया गया। सभी घायलों को घटनास्थल से कुडू पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस बाइक और टेम्पू को थानां ले आयी है।

### कैरो में घर के पीछे खड़ी स्कार्पियो की चोरी

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के हनहट गांव से स्कार्पियो वाहन चोरी का मामला प्रकाश में आया है। हनहट निवासी 27 वर्षीय वसीम अकरम पिता खुर्शीद मिंया ने थाने में लिखित आवेद देकर अज्ञात चोरों पर वाहन चोरी का आरोप लगाया है। अपने लिखित आवेदन में कहा है विगत 8 फरवरी को अपने घर के पीछे काला रंग का स्कार्पियो जेएच 01 सी डब्लू 4840 खड़ा किया था। सुबह 9 फरवरी को घर के पीछे गाड़ी खड़ी नही थी तभी आसपास के लोगो से पूछताछ किया तो कुछ लोगों ने बताया कि मदरसा के ओर से बरात से लौटने वक़्त काला स्कार्पियो मदरसा के ओर जाते देखा गया है। वसीम अकरम के लिखित आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 8/23 धारा 379 आईपीसी के तहत मामले की जांच थाना प्रसासन के द्वारा किया जा रहा है। केस का अनुसंधानकर्ता थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली ने शुक्रवार को घटनास्थल पहुंचकर मामला की बारीकी से जांच पड़ताल किया। उन्होंने हनहट व ककरगढ़ रोड किनारे घरों पर लगे कई सीसीटीवी को खंगाला।

### कैरो : ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन एसएलडब्ल्यूएम प्रशिक्षण आयोजित

**कैरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एसएलडब्ल्यूएम प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने चर्चा किया कि प्रखंड ओडीएफ हो चुका है। इसे बरकरार रखने के लिए हमे सतत प्रयास करते रहना है। एसबीएम फेज 2 के अंतर्गत तरल एवं ठोश कचड़ा अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए ग्राम सभा मे सामुदायिक प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने के लिए शेड योजना को ले सामुदायिक एवं व्यक्तिगत सोखता गढ़ा के लिए वैसे ग्रामीण को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर सोखता गढ़ा की सूची बनाएं जिनका घर से पानी सड़क पर बहता है। जिला समन्वयक परवेज आलम ने कहा की हमे शुद्ध पानी तब ही मिलेगा जब हम स्वछता के प्रति जागरूक रहेंगे जब भी शौच के लिए जाएं तो शौचालय में ही जाय जब हम पानी का संरक्षण करेंगे तब ही उसे पुनः इस्तमाल कर सकते हैं मनुष्य के अलावा जानवरों एवं पेड़ पौधों को भी पानी की आवश्यकता होती है इस लिए हम पानी को बचाये तो जिन्दगी बचेगी अन्यथा मानव जीवन की कल्पना करना असंभव हैं। प्रशिक्षण में उपस्थित थे पंचायती राज प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्वयक पेयजल एवं स्वच्छता प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी पंचायत सचिव रोजगार सेवक जल सहिया जेएसएलपीएस की सक्रिय सदस्य इत्यादि उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता** | बीएस कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# जल्द होगा स्पोर्ट्स कंवेंशन : कुलपति

## 25 प्रतियोगिताओं में 300 प्रतिभागी होंगे शामिल, दो दिन चलेगा कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड की धरती खेल प्रतिभाओं से परिपूर्ण है। लोहरदगा जिला झारखंड की हृदय स्थली है, जहां से कई प्रतिभाओं ने देश में अपना और अपने समाज का नाम रोशन किया है। खेल के माध्यम से अपनी पहचान बनाने की यह परम्परा यहां के विद्यार्थी आगे भी निभाते रहेंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। उक्त बातें रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहीं। वे बलदेव साहू महाविद्यालय में आज दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा आए हुए थे। कुलपति डॉ सिन्हा ने कहा कि रांची विवि खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें ज्यादा से ज्यादा अवसर और सम्मान दिलाने के उद्देश्य से जल्द ही स्पोर्ट्स कन्वेंशन का आयोजन करने जा रहा है। इस के माध्यम से लोहरदगा कॉलेज समेत रांची विवि के सभी कॉलेजों के होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बड़ा मंच और अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला राज्य के खेल मानचित्र में उल्लेखनीय स्थान रखता है। यहाँ के खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को और भी समृद्ध करना हम अपनी प्राथमिकता मानते हैं। जल्द ही यहां स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनकर तैयार हो जाएगा, जिस से यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखरने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि रांची विवि के कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद मेहता ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और विवि प्रशासन की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि लोहरदगा के बलदेव साहू महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक आदिवासी तरीके से अतिथियों का स्वागत हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कॉलेज का झंडा फहरा कर व मशाल जलाकर प्रतियोगिता का विधिवत प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों व एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने परेड किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिवकुमार प्रसाद गुप्ता ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात झारखंडी विधि के अनुसार अतिथियों को पौधा, स्मृति चिह्न व शॉल दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहली प्रतियोगिताओं के रूप में महिला और पुरुष श्रेणी की 800 मीटर रेस का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे प्रतिभागियों को स्वयं कुलपति ने पदक दे कर सम्मानित किया। 10 और 11 फरवरी को आयोजित बी एस कॉलेज के वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम में कॉलेज से लगभग 300 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में पुरुष और महिला श्रेणी की एथलेटिक्स की लगभग 25 अलग अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें से 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन पहले दिन होना है। शेष प्रतियोगिताएं आज आयोजित होंगी।

मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार प्रसाद गुप्ता, कॉलेज के शिक्षकगण के अलावा कॉलेज के सभी शिक्षकेत्तर कर्मी व हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### कचहरी परिसर से मोटरसाइकिल की चोरी

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़कागांव निवासी अधिवक्ता समीर चंद्र पांडे का मोटरसाइकिल जेएच 03 पी 7827 गुरुवार को कचहरी परिसर से चोरी हो गई। भुक्तभोगी समीर चंद्र पांडे ने बताया कि वे प्रतिदिन की भांति कचहरी परिसर में एसडीओ ऑफिस गेट के सामने अपना मोटरसाइकिल लगाकर काम के लिए चले जाते थे। गुरुवार को सुबह 11:00 बजे जब वह अपने काम को खत्म कर वहां पहुंचे तो देखा कि उनका मोटरसाइकिल वहां पर नहीं था। मोटरसाइकिल नहीं रहने पर आसपास के सभी जगहों पर उन्होंने अपना मोटरसाइकिल को खोजा लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। इसके बाद थक हार कर उन्होंने अपने मोटरसाइकिल गुम होने से संबंधित आवेदन शहर थाना को दिया । वहीं इस घटना के बाद से पुलिस वाहन की तलाश में जुट गई है। गौरतलब है कि कल सदर अस्पताल से भी एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल गुम हो गयी थी। परंतु बाद में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पता चला कि मोटरसाइकिल की हेराफेरी की गई थी, जो बाद में मिल गया।

### भाकपा जिला परिषद की बैठक 12 को

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला परिषद की बैठक 12 फरवरी दिन शनिवार को 11:00 बजे से रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में निर्धारित किया गया है। बैठक में निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, बंद पड़े बालू के कारण बड़ी बेरोजगारी, एवं पलामू जिला में भूमि से संबंधित जमीन लूट के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया जायेगा । साथ ही पार्टी की सदस्यता एवं नवीकरण का कार्य भी किया जायेगा।

### तानाशाही सोच लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है: शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारीकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा व राज्यसभा के माध्यम से अडानी इंटरप्राइजेज के विभिन्न समुहों के शेयरों में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आई भीषण गिरावट से एलआईसी व एसबीआई के निवेशकों के हजारों करोड़ रुपए डूबने की आशंका पर सीधे जवाब नहीं देकर अपनी कथित उपलब्धियों के जाल में लपेटने को लोकतंत्र की मुल भावना के खिलाफ प्रहसन करार दिया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि क्रोनी कैप्टलिज्म के रास्ते पर चलकर चंद कारपोरेट मित्रों को देश की सारी सम्पदा सौंपने को प्रतिबद्ध पीएम मोदी की सोच सनकी तानाशाह की तरह होती जा रही है। अगर थोड़ी सी भी नैतिकता व निवेशकों के प्रति जवाबदेही होती तो प्रधानमंत्री उपरोक्त मामले की जेपीसी या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में उच्चस्तरीय जांच की घोषणा में देरी नहीं लगाते।

# आदिवासी कुंभ मेला आज से

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू किला पर चेरो राजवंश के राजा मेदिनी राय की याद में लगने वाला सालाना मेला आज से शुरू होगा। इस मेले की शुरूआत 1991 में एकीकृत बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने किया था। बीते साल सरकार के द्वारा मेले को राजकीय मेला का दर्जा दिया गया है। जिसके बाद सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से 21 लाख रुपए आवंटित किये गये। मेले के महत्व को बताते



हुए स्थानीय विधायक ने कहा कि राजा मेदिनी राय की याद में लगने वाला मेला आदिवासियों की पहचान है। उन्होंने कहा कि मेले में

#### मंत्रियों का होगा आगमन

मेला समितियों ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री चंपई सोरेन शामिल होंगे। दूसरे दिन 12 फरवरी को स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

विभिन्न विभाग के दर्जनों स्टॉल लगाए जायेंगे। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, बैंक समेत दर्जनों विभाग के स्टॉल आकर्षण का केंद्र होगा। मेले को लेकर जिला पर्यटन पदाधिकारी उमेश लोहरा ने बताया कि पालमा देवी व राजा मेदिनी राय की पूजा कर मेला की शुरूआत होगी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का संबोधन होगा साथ ही मेले के महत्व पर चर्चा भी होगी।

# एसपी ने कराया मंदिर का जीर्णोद्धार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के द्वारा दो नंबर टाउन स्थित टीओपी टू थाना परिसर में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया । थाना परिसर में बने मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को पलामू एसपी चंदन सिन्हा और टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद सरस के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण कर लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए पुलिस को साधुवाद दिया। मौके पर उपस्थित



एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि मंदिर में दिया दान निष्फल नहीं जाता है। मन की पवित्रता हो तो परमात्मा की कृपा मिल जाती है। पुण्य उदय हो तो छोटा सा व्यक्ति भी भगवान का अभिषेक कर पाता है। भक्ति में कितना पवित्र भाव है इसे मानव समझे। पुण्य पवित्र धार्मिक अनुष्ठान में यदि व्यक्ति क्षमता से बढ़कर भगवान के लिए दान करता है तो उसका फल उसको मिलता है। मौके पर सदर एसडीपीओं ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सुरजीत कुमार सहित पुलिस के कई जवान शामिल थे।

# रक्तदान जीवनदान के समान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वनजा आरोग्य केंद्र में भर्ती रेड़मा निवासी शांति देवी को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के आग्रह पर रोहित सिंह ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान किया। गौरतलब है डॉ. अरुण शुक्ला के क्लिनिक में भर्ती रेड़मा निवासी महिला मरीज को ऑपरेशन के लिए ओ पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने पर महिला के परिजन द्वारा पलामू प्रमंडल में रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क किया। तत्पश्चात सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने हिंदू बजरंगी सेना के सक्रिय सदस्य रोहित सिंह से रक्तदान करवा कर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। धीरज मिश्रा ने रक्तदाता रोहित सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। रक्तदान पुण्य का कार्य है। रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप, अब लोग जागरूक होकर रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदान की एक अपील पर लोग जान बचाने का सराहनीय



कार्य कर रहे हैं। ब्लड बैंक में रक्त समुह की मात्रा की कमी न हो इसके लिए मिश्रा ने सभी निजी, सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर का आयोजन करने की अपील की है।

### एनपीए खाता को लेकर विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बैठक की। इसमे स्थाई लोक अदालत एवं बैंक अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि जितने भी एनपीए खाता हैं उनको जल्द से जल्द नोटिस निर्गत कर बैंक में ही कैंप का आयोजन कर निपटारा किया जायेगा। इसके लिए जल्द ही तिथि निर्धारित की जायेगी । बैठक में स्थाई लोक अदालत के सदस्य व बैंक के लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार

# दो पत्रकार को मिला आर्थिक सहयोग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश



दिया। हुसैनाबाद के पत्रकार और ग्राम नौडीहा के सच्चिदानंद को उपायुक्त ने ईलाज हेतु 20-20 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया। जनता दरबार में उपायुक्त ने हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी को ईलाज हेतु आर्थिक सहायता के रूप में रेड क्रॉस के माध्यम से 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौडीहा के सचिदानंद सिंह ने उपायुक्त से निवेदन किया कि मैं मोटो निरोल नस से संबंधित बीमारी से ग्रसित हूं। जिस पर उपायुक्त ने सचिदानंद को ईलाज हेतु 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से की। इसी तरह जनता दरबार में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कनौदा निवासी धर्मेंद्र उरांव ने सिचाई एवं मछलीपालन करने के लिए भूमि संरक्षण विभाग से तालाब का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध उपायुक्त से किया। इसी तरह विश्रामपुर थाना क्षेत्र के राजन कुमार ने जमीन मोटेशन करवाने की गुहार उपायुक्त से की। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड आदि से सबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# शंशाक जीएलए, तुषार जेएस कॉलेज अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आपसू जिला इकाई की बैठक जनता शिवरात्रि महाविद्यालय मेदिनीनगर में आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय इकाई का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव रंजन व संचालन कुणाल किशोर ने किया । मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ किल करप्शन, क्लिन कैंपस अभियान आपसू चलायेगी और शिक्षण व्यवस्था सुचारू रुप से चले। इसके लिए संघर्ष करेगी। जिसमें जीएलए कॉलेज के शंशाक दुबे अध्यक्ष, दिवाकर तिवारी उपाध्यक्ष, अंकित वर्मा सचिव वहीं जेएस कॉलेज के तुषार कुमार वर्मा को अध्यक्ष, हिमांशु तिवारी उपाध्यक्ष, नंदनी कुमारी सचिव, नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में शशांक दुबे, बिट्टू कुमार, तुषार कुमार वर्मा, शुभम तिवारी, राहुल सिंह, अंकित तिवारी, रजत सिंह, समीर विशवा, आदर्श सिंह, नितीश चंद्रवंशी, आयुष ओझा, बदल कुमार, दिवाकर तिवारी शामिल हैं।

### जेके इंटरप्राइजेज ने की महत्वपूर्ण बैठक

**नावा बाजार।** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत स्थित संचालित होने वाला जेके इंटरप्राइजेज के द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। जिसमें 30 की संख्या में कांट्रेक्टर उपस्थित थे। जेके इंटरप्राइजेज को संचालित करने वाला प्रोपराइटर जनेश्वर यादव ने डालमिया सीमेंट को लेकर विशेष रुप से जानकारी दी एवं गुणवत्ता लेकर विशेष रुप से अपनी बात उपस्थित तमाम लोगों के बीच रखी। वहीं उपस्थित कांट्रेक्टर को जेके इंटरप्राइजेज के द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मीटिंग में मुख्य रूप से गुणवत्ता को लेकर लोगों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए थे। गुड्डू पांडे, विजय यादव, राधेश्याम चौधरी, सरवन गुप्ता, संतोष चौधरी, राजेंद्र सिंह नारायण, साव भूलन साव, पप्पू यादव सभी कांट्रेक्टर उपस्थित थे।

### 14 से 29 मार्च तक दिव्यांग बोर्ड का आयोजन

**रांची।** जिला में 18 वर्ष से अधिक वर्ष के आयु वर्ग के सभी दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने हेतु तिथिवार दिव्यांग बोर्ड का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार सिविल सर्जन कार्यालय, रांची जिला के सभी प्रखंड/अंचल में दिव्यांग बोर्ड आयोजन हेतु तिथि निर्धारित की गई है। दिव्यांग बोर्ड में 18 वर्ष से अधिक वर्ष के आयु वर्ग के सभी दिव्यांगजनों एवं अन्य लाभार्थियों की जांच की जाएगी। संबंधित प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को अनुपालन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया है।

### भाजपा प्रखंड इकाई की हुई बैठक



**जलडेगा।** एस एस +2 हाई स्कूल सभागार में मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी प्रखण्ड इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में अगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं संगठन मजबुती पर चर्चा किया गया। सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा ने कहा कार्यक्रता अगामी होने वाले चुनावी समर के लिए तैयार हो जाए। अपने क्षेत्र में मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी की उपलब्धि को बताएं। कहा बुथ स्तर पर कमेटी को मजबुत एवं 50 सदस्य बुथ कमेटी गठन करने के लिए कहा गया है। सरल एप के सदस्य जोड़ने एवं डाटा प्रबंधन का उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर भोला साहू, रामेश्वर सिंह, बिरेंद्र साहू, लालदेव साहू, बिवश नाथ, प्रेमचंद मांझी, सुनिता देवी, कमल नाग सहीत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आटो-ट्रक में जोरदार भिड़ंत, आटो क्षतिग्रस्त

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत किस्को रिचुघुटा मुख्य पथ के सहेदा मोड़ के समीप देर शाम एक बाक्साइट ट्रक और आटो में जोरदार भिड़ंत हो गया। जिससे आटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार ट्रक ने आटो को अपनी चपेट में ले लिया जिससे आटो ड्राइवर आटो में ही फंस गया था जिससे आटो चालक को काफी गहरी चोट आई है। हालांकि मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बड़ी मुश्किल से आटो चालक को वाहन से बाहर निकाला एवं इलाज हेतु तत्काल अस्पताल भेजा।

### छात्र-छात्राओं की टीम राउरकेला हुए रवाना



**ठेठईटांगर।** शिक्षा की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा बच्चों के अंदर नई नई चीजों की तकनीकी ज्ञान देने के उद्देश्य से एसएस प्लस टू जोराम के छात्र-छात्राओं की टीम को आईटी प्रशिक्षक राहुल कुमार साह,तिरपाल सिंह के सहयोग से इंडस्ट्री विजिट करवाया गया।इस विजिट में क्लास 11वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया ।इस दौरान बच्चे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया राउरकेला एवं यूनिटेक हाउस ,उदितनगर राउरकेला का विजिट किये एवं दोनो जगह पर होने वाले विभिन्न तरह के कार्यो को निकट जा कर देखा। यूनिटेक हाउस के डायरेक्टर हर्ष आर्या ने स्टूडेंट को यहाँ पर होने वाले कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। आईटी प्रशिक्षक ने बताया कि इस प्रकार के इंडस्ट्रीज विजिट का उद्देश्य बच्चों के अंदर उनकी जिज्ञासा को बढ़ाना और नए नए तकनीकी से संबंधित जानकारी हासिल करना और इसी उद्देश्य के साथ उन्हें भेजा गया था।

# पीरामल फाउंडेशन ने किया प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अर्नब कुमार साउ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम का समापन किया गया।यह कार्यक्रम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठेठईटांगर में किया गया। छात्राओं ने साइंस स्ट्रीम की उपयोगिता और कचरा प्रबंधन कम्पोस्टिंग विषय के ऊपर विशेषज्ञों से बातचीत किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भरत सिंह, राकेश प्रसाद ने छात्राओं के सभी सवालों का जवाब दिए। कार्यक्रम में जैविक खेती, कीटनाशकों के न्यूनतम प्रयोग, भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिये फसल चक्र, हरी खाद, कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया, साइंस स्ट्रीम बेहतर क्यों, भविष्य में इससे क्या क्या लाभ होनी वाली है साथ ही सभी को लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने के साथ साथ अनेकों विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं चर्चा भी की गई। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्राओं ने स्कूल कैंपस के अंदर पाया गया गिला कचरे को नीला डस्टबिन और सुखा कचरे को हरा डस्टबिन में अलग किया और बायो-डीग्रेडबल कचरा के प्रयोग से कम्पोस्ट बनाया।

# विकास सोसायटी ने शादी में की आर्थिक मदद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के गरीब बेटियों के लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी सहारा बनकर आगे आ रहा है। सोसाइटी की ओर से शुक्रवार को पलामू जिला अंतर्गत मुर्गीडीह गांव निवासी सर्वजीत परहिया की पुत्री को विवाह सामग्री दिया । सोसाइटी के जिला कोषाध्यक्ष उषा कुमारी ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए संस्था की ओर से लड़कियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवाह सामग्री का वितरण किया जाता है। संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोसक, बक्सा वर वधू के कपड़े और सिंगार




का सामान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी झारखंड बिहार सहित छत्तीसगढ़ में भी हजारों लड़कियों की शादी में सहयोग कर चुका है। संस्था की ओर से सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग सहित गरीबों के बीच कंबल वितरण और बाल विवाह भ्रूण हत्या दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल 2022 से अब तक 40 गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग किया है। जबकि 2022 दिसंबर में सामूहिक विवाह भी सोसाइटी के द्वारा कराया गया था। मौके पर कोषाध्यक्ष के अलावे अमन सागर, ललन साहू, अंचल कुमार, अवध चंद्रवंशी संतोष कुमार, पूनम देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# परशुराम सेना ने गुंबद का निर्माण कराया

**मेंदिनीनगर।** चैनपुर कश्यप मुहल्ला स्थित सिद्धपीठ मनोकामना हनुमान मंदिर का गुंबद निर्माण शुक्रवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ । गुंबद निर्माण के शुभ अवसर पर युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,बिजू बाबा,अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी( पिंकू ),पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,प्रमंडलीय संरक्षक अरविंद पांडेय,राकेश पांडेय,रवि ओझा,प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी व प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय ने विधिवत रुप से पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर निर्माण प्रक्रिया की शुरूआत की। मालूम हो की गत एक सप्ताह पूर्व युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय( गुरु पांडेय )के द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के नेतृत्व में उक्त मंदिर के गुंबद निर्माण की घोषणा की गई थी।

# सरकारी अस्पताल में प्राइवेट एम्बुलेंस संचालकों का कब्जा




#### एम्बुलेंस में नहीं है आवश्यक सुविधाएं

प्रमंडलीय सदर अस्पताल में खड़ी हो रही कुछ निजी एम्बुलेंस में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं । न तो लाइफ सपोर्ट सिस्टम है और न ही पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा है । जिसकी वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक ओर शासन जहां लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली बड़ी एम्बुलेंस सेवा संचालित कर रही है। तो वहीं निजी एम्बुलेंस वाले ज्यादातर ओमनी वैन जैसी छोटी गाडियों के माध्यम से एम्बुलेंस सेवा प्रदान कर रहे हैं । जिसमें मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय सदर अस्पताल के वार्डों के अंदर से लेकर बाहर तक प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों का खेल चल रहा है। एंबुलेंसन चालक केवल अस्पताल परिसर में कब्जा ही नहीं जमा रखा है। बल्कि यहीं से अपने दलालों के माध्यम से मरीजों को मनमाने किराये पर वाहन उपलब्ध करा रहे हैं। नियमानुसार अस्पताल परिसर में केवल सरकारी और 108 एम्बुलेंस ही खड़ी रह सकती हैं । निजी एम्बुलेंस को अस्पताल परिसर के अंदर अपने वाहन खड़े करने और मरीजों को ढूंढने की इजाजत नहीं है । लेकिन काफी समय से यहां निजी एम्बुलेंस वाले सक्रिय हैं ,जो सदर अस्पताल के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से अपना धंधा चला रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जैसे किसी मरीज को बाहर रेफर होने की जरूरत पड़ती है तो अस्पताल के ही कुछ कर्मचारी मरीज के परिजनों को समझा बुझाकर उन्हें प्राइवेट एम्बुलेंस संचालकों के हवाले कर देते हैं। इसके बाद फिर एम्बुलेंस चालक मरीजों के परिजनों से मनमाना किराया वसूलते हैं । जानकारी के अनुसार रांची तक के 180 किलोमीटर के सफर के लिए 6000-7500 तक प्राइवेट एंबुलेंस चालक वसूल लेते हैं । जबकि इससे अधिक दूरी और ले जाने के लिए 10 से 12 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से राशि वसूली जाती है।

**मोक्ष वाहन चालक भी वसूल रहे हैं अवैध पैसे :** मोक्ष वाहन चालक भी अस्पताल से अवैध पैसे वसूल रहे हैं। किसी एक व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि मोक्ष वाहन चालक भी मृत व्यक्ति को ढोने के बजाय रात के अंधेरे में सदर अस्पताल से मरीज को लेकर रांची तक जा रहे हैं । जबकि मोक्ष वाहन का काम सिर्फ मृत पड़े व्यक्तियों को ले जाने का है। अस्पताल में इस तरह के गैर कानूनी धंधे से लोग काफी परेशान हैं।

**क्या कहते हैं अस्पताल अधीक्षक :** इस संबंध में अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह से बात की गई। तो उन्होंने कहा कि जल्द ही प्राइवेट एंबुलेंस चालकों को हटवाया जायेगा। परंतु अब तक इस ओर कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को अधिक पैसे देकर रांची रिम्स जाना पड़ रहा है।

# बोलबा में वन विभाग समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम गटीगढ़ा में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के बैनर तले वनपालन समिति की बैठक सिलबेस्तर केरकेट्टा की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के जिला मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को आमंत्रित किया गया।मौके पर खुशीराम कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत देश में लागू है,लेकिन दुर्भाग्य अपने ही देश और राज्य में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।अभी झारखंड के वर्तमान महागठबंधन की सरकार की उदासीनता रवैया अपनाने के कारण यहां की आदिवासीयों एवं अन्य परंपरागत वन्य निवासीयों ठगा महसूस कर रहे हैं क्योंकि सरकार ने अभी तक जल जंगल जमीन की बात तो कर रही है लेकिन धरातल पर हमारे मालिकाना अधिकार के लिए सामुदायिक वन पट्टा नहीं देना और हमारे दखल की गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है उसे अभी तक निरस्त नहीं करना चिन्तनीय है।आगे अपने वक्तव्य में खुशीराम कुमार ने ये भी कहा कि हमारी अस्मिता, जीविका और संस्कृति से जुड़ी हुई जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा।पेड़ों की कटाई को रोकना होगा और जंगलों में आग न लगे इसका ख्याल रखना होगा।

**ज्ञान की बात**

**मन में यदि राज्य की कामना है तो उसे प्राप्त करने के लिए कर्म करो। कर्म का रूप प्रयत्नमय भी हो सकता है और संघर्षपूर्ण भी। याचक बनकर तुम राज्य की अपनी कामना पूर्ण नहीं कर सकते। यदि तुम राज्य की कामना मन में रखते हुए, त्यागी होने का भ्रम पाल रहे हो, तो सिवाय अपना अहंकार स्फीत करने के और कुछ नहीं कर रहे।**

*- ठाकुरजी*



# लोकसभा में पलामू

***झारखंड*** के पलामू प्रमंडल में जंगली जानवरों के आतंक से हो रही जान-माल की हानि का मामला लोकसभा में सांसद बीडी राम ने उठाया है। पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ,नील गाय और हाथी ग्रामीण क्षेत्रों में आकर तबाही मचा रहे हैं। यह सच भी है कि इससे जान-माल की हानि भी हो रही है। अब सवाल उठता है कि ये बेजुबान जानवर जंगल को छोड़कर इंसानी बसावट में क्यों आ रहे हैं? इसका सीधा सा जवाब है कि उनके घरों को बेवजह उजाड़ा जा रहा है। अतिक्रमण और भोजन की तलाश उन्हें रास्ता भटकने पर मजबूर कर रहे हैं। जिस कारण इस खामियाजे की इस्तक हमारे दरवाजे पर सुनाई पड़ने लगी हैं। अच्छा होता हम इन कारणों की पड़ताल कर इन जानवरों को अपने घरों में रहने के लिए विवश करते। मसलन जंगलों से हमारा सीधा हस्तक्षेप नहीं होता। साथ ही जंगली जानवरों को समुचित भोजन और पानी की व्यवस्था हो जाती। गर्मी ने अभी से दस्तक देना शुरू कर दिया है। पलामू के बेतला नेशनल पार्क में पानी की किल्लत शुरू हो गयी है। बावजूद इस ओर अभी तक कोई सार्थक उपाय होते नहीं दिख रहे हैं। इस स्थिति में जाहिर सी बात है कि जानवर पानी की तलाश में बाहर ग्रामीण बस्तियों में जाने को विवश हो जायेंगे। पलामू सांसद वीडी राम ने लोकसभा में यह मामला उठाकर जनहित का काम किया है। अच्छा होता ..वह इन जानवरों की रक्षा और उनके घरों अर्थात जंगल को बचाने की बात भी करते। यह सही है कि पलामू के गांवों से लोग अपना घर द्वार छोड़कर एक जगह एकत्रित होकर रात गुजारने के लिए विवश हो गये हैं। गढ़वा जिला के रंका, रमकंडा, चिनियां, भंडरिया एवं बड़बड़ प्रखंड में एवं पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड में तेंदुए के कारण लोग सकते में हैं। हालांकि लाखो खर्च के बाद भी तेंदुआ को कोई अता -पता नहीं है। एक वन्यकर्मी की बात सच मानें तो उसके द्वारा किये गये हमले आत्मरक्षा के लिए थे। इसमें उसका कोई कसूर नहीं है। एक खास समुदाय की हुई हानि को लेकर मीडिया को भ्रमित किया गया है। इस मामले में वन विभाग के द्वारा किये गये सारे प्रयास विफल साबित अभी तक हुए हैं। महाराष्ट्र से आया शिकारी लौट गया है। स्थानीय वन विभाग के पदाधिकारियों का यह प्रयास नाकाफी ही रहा। किसानों ने कई प्रकार की फसलों को उपजाना बंद कर दिया है। क्योंकि वन विभाग के द्वारा क्षतिपूर्ति की जो राशि भी यदा-कदा दी जाती है। वह अत्यंत कम होती है। ऐसे में यह मामला काफी संजीदा है। ऐसे में अच्छा होता कि इन जंगली जानवरों के आतंक से मुक्ति के साथ-साथ इन्हें बसाने की दिशा में भी प्रयास होते।

**सांसद वीडी राम ने लोकसभा में यह मामला उठाकर जनहित का काम किया है। यह सही है कि पलामू के गांवों से लोग अपना घर द्वार छोड़कर एक जगह एकत्रित होकर रात गुजारने के लिए विवश हो गये हैं।**

# मूल धर्म में वापसी का स्वागत होना चाहिए





डॉ. मोक्षराज

***मजहबी*** कट्टरवाद ने धरती को नरक बना दिया है। मनमालिन्य से उत्पन्न घृणा एवं वर्चस्व के खोखले लक्ष्य मनुष्य के जीवन में भय, अविश्वास एवं हिंसा के बीज बो रहे हैं। कितना अच्छा हो कि सम्पूर्ण धरती पर रहने वाले सभी मनुष्य एक-दूसरे के प्रति ऐसी दया व सहानुभूति रखें, जैसी कि वे स्वयं के प्रति चाहते हैं। यह धरती सबका पोषण करने में सक्षम है, किंतु मूर्ख, धूर्त, क्रूर, स्वार्थी एवं अदूरदर्शी मुट्ठीभर मजहबी ठेकेदार इस धरती को स्वर्ग बनाने में बहुत-बड़े अवरोध हैं। वसुधैव कुटुम्बकम के उदार वाक्य की समझ विकसित होने में इन पढ़े-लिखे गंवारों को बहुत समय लगेगा। मित्रो ! इस बात को कभी झुठलाया नहीं जा सकता कि विश्व में वेद से पुराना व सार्वभौमिक कोई ज्ञानग्रंथ नहीं है। करोड़ों वर्ष पुराने वैदिक काल में कोई मत-सम्प्रदाय या मजहब नहीं था। इसलिए वेदों में केवल मनुष्य को सच्चा व अच्छा मनुष्य बनने की ही शिक्षा है। मनुष्य हिंसक जानवर की भांति न बने, उसमें पशुता व आसुरी भाव समाप्त हों, वह कल्याणकारी विचारों वाला हो। वेद कहता है 'मनुर्भव' हे मनुष्य ! तू मननशील बन ! अतः मनुष्य को यह विचारना चाहिए कि उसका व सम्पूर्ण धरती का कल्याण किस रीति में है ? वह अदृश्य, कल्पित व परोक्ष स्वर्ग/जन्नत या हैवन के चक्कर में इस प्रत्यक्ष स्वर्गस्वरूप धरती पर सबका जीना दूभर न करे बल्कि धरती की रक्षा के लिए यत्नशील रहे। इन पोंगा-पंडितों, पोप-पुजारियों, मुल्ला-मौलवियों द्वारा बताया गये क्षीरसागर, चौथे या सातवें आसमान पर आज तक किसी रॉकेट या सैटेलाइट से कोई स्वर्ग-जन्नत डिटेक्ट नहीं हुआ है। अतः हम सबको मिलकर ही धरती को स्वर्ग बनाना होगा। यदि हम अहिंसा, सत्य, करुणा, प्रेम, क्षमा जैसे वास्तविक धर्म की बात करें तो सभी मत-सम्प्रदायों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने व अपने पूर्वजों के मंगलकारी सिद्धांतों के पालन के लिए अनेक मनीषियों द्वारा समय-समय पर चलाये गये। सुधार कार्यक्रमों को समझना होगा। भविष्य में परस्पर एकजुट व अविरोधी रहने की पद्धति विकसित करने के लिए हमें उदार व घृणा से मुक्त होने की आवश्यकता है । हम जानते हैं कि सच्चे मानव का हृदय सरल होता है । अतः जब कोई संतान अपने सरल हृदय वाले माता-पिता से पूछे कि हमारे पूर्वज कौन हैं, तो उन्हें सत्य को स्वीकारते हुए उत्तर देने में प्रसन्नता व गौरव अनुभव होना चाहिए। उन्हें तनिक भी संकोच, भय, घृणा, हीन भावना या अहंकार न हो और न ही पुनः अपने पूर्वजों की जीवन शैली को अपनाने में झिझक हो। जिस दिन यह झिझिक व अलगाव समाप्त हो जायेगा, तब सम्पूर्ण धरती एक परिवार बन जायेगी। वस्तुतः मन का मैल धुल जाना ही वास्तविक शुद्धि है। पुनरपि दुष्ट अपराधी को दण्ड से, अज्ञानी को ज्ञान से, भटके हुए को सच्चे

**मनुष्य हिंसक जानवर की भांति न बने, उसमें पशुता व आसुरी भाव समाप्त हों, वह कल्याणकारी विचारों वाला हो। वेद कहता है तू मननशील बन ! अतः मनुष्य को यह विचारना चाहिए कि उसका व सम्पूर्ण धरती का कल्याण किस रीति में है?**

**इन दिनों**

इतिहास व श्रद्धा से, विवेकी को तर्क से, परम्परावादी को उचित सम्मान से शुद्ध कर सम्पूर्ण समाज को सुखमय बनाया जा सकता है। किसी भी उपदेशक के कथन की सीमा भी केवल इतनी ही हो कि उसके वक्तृत्य से धरती पर रहने वाले मनुष्यों व अन्य प्राणियों के जीवन में सुख, शांति व अपने आदि पूर्वजों के प्रति सम्मान उत्पन्न हो, क्योंकि नये-नये पत्ते आने से उन्हें वृक्ष के मूल तने जैसा सामर्थ्य कभी नहीं मिल सकता। किसी भी स्त्री पुरुष को अपने शारीरिक बल, शस्त्रबल व बहकावे से नियंत्रण में रखना न तो पहले कभी धर्म माना जाता था और न आज ही उसे धर्म कहा जायेगा, बल्कि ऐसे पिछड़े आउटडेटेड विचारों से धरती का नुकसान ही हुआ है और होता रहेगा। धरती की रक्षा के लिए इसे रोकना ही होगा । 'शुद्धि', 'शुद्धि आंदोलन', 'घर वापसी' और 'परावर्तन' आदि किसी भी नाम से कहो यह पुनः अपनों से मिलने व पिछड़ों को गले लगाने की परंपरा बहुत पुरानी है । आदि शंकराचार्य ने जैन व बौद्ध बए आर्यों को पुनः मूलधारा से जोड़ा । महाराजा शिवाजी ने मराठा एवं गोवा क्षेत्र के तथा गुरु गोबिन्द सिंह ने सभी वर्गों के बिछड़ों व पिछड़ों को पुनः अपने गौरवशाली पूर्वजों की परम्परा से जोड़ा । महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने अनगिनत जैन एवं मुसलमानों को आर्यपरंपरा में आने के लिए विवेकी बनाया। उनके शिष्य पंडित लेखराम ने कई गांवों को भ्रमित होने से बचाते हुए प्राण गंवा दिये तथा उन्हीं महर्षि दयानंद सरस्वती के महान शिष्य स्वामी श्रद्धानंद ने 11 फरवरी, 1923 को भारतीय हिंदू शुद्धि सभा की स्थापना कर आगरा, सहारनपुर, पंजाब व केरल में रहने वाले लाखों लोगों के द्रवित हृदय में बसे अंधेरे, करुण क्रंदन एवं लाचारी में प्रेम, श्रद्धा तथा निर्भयता के दीप जलाये । इस सभा ने पं. मदनमोहन मालवीय की उदारतापूर्ण सहायता प्राप्त की। भारत के संदर्भ में शुद्धि का स्वरूप राजनीतिक स्वरूप वाला है, क्योंकि धर्म के आधार पर भारत का विभाजन हो गया था। इसलिए अब जो लोग स्वेच्छा से अपने मूल धर्म को स्वीकार करना चाहते हैं, उन्हें सरकार की ओर से सुरक्षा व सम्मान मिलना ही चाहिए । अब भारत न तो अंग्रेजों का गुलाम है और न ही क्रूर मुगलों का। भारत अपने विराट सांस्कृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखने के लिए पहल कर सकता है। एक ओर जहां शुद्धि सभा के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद की हत्या होती है और दूसरी ओर आजादी के बाद भी धर्मांतरण करने वालों पर कोई दूरगामी कार्रवाई नहीं।

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा

*तीसरा अध्याय*

***उस*** राजा की कमल के समान नेत्र वाली, साक्षात सती के समान सती, विदुषी, धर्म, कर्म, व्रत परायण कमला नाम भार्या थी। कभी दैवयोग से उस राजा के शरीर में दारूण कुष्ठ रोग उत्पन्न हो गया। बार-बार चिकित्सा किया हुआ भी वह रोग स्वरूप भी शांत न हुआ। उस रोग की पीडा से पीडित राजा बड़ा व्याकुल होने लगा। ऋषि कहने लगे हे- सुदर्शन। सूत। यह पाप रोग धर्म से पृथ्वी पालन करने वाले महात्मा को कैसे हुआ। यदि इस प्रकार धर्मात्माओं को भी रोग उत्पन्न हो जाता है, तो फिर धर्म-कर्म में कोन विश्वास करेगा । सूतजी कहने लगे- हे ऋषियों । उस राजा ने पूर्वजन्म में स्वार्थान्ध होकर यह उपदेश दिया था कि यह संसार अनादि हैं, इसका कर्त्ता कोई विश्वकर्मा नहीं है यह इस कारण लोंगों की वंचता करता फिरता था और नास्तिक मत का प्रचारक था । आप जानते हो यदि-कर्मो के फल का देने वाला विश्वकर्मा परमात्मा म हो तो उपकार का कर्ता उपकृत मनुष्य द्वारा मृत्यु के अनन्तर दिये आशीर्वादों से उत्पन्न पुण्य फल को कैसे प्राप्त कर सकता है । जब परोपकारी को अपने पुण्य का फल मिल ही न सकेगा तो क्यों कोई किसी का उपकार करेगा और जब कोई किसी का उपकार हीं नही करेगां तो संसार का उच्छेद (नाश) हो जायेगा। इसलिए नास्तिक पाखण्डी की दुर्दशा अवश्य होती है। अनेक जन्मों के पाप-पुण्य कर्म एक जन्म में ही उसका फल नहीं देतें है, अतः उस जन्म मे यह फल प्राप्त हुआ इसमें कोई आश्चर्य नही है।

*(क्रमशः)*

# भ्रष्टाचार का अंत अमृतकाल की सबसे बड़ी सफलता होगी


ललित गर्ग

***हमारे*** देश में भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए समय-समय पर प्रशासनिक सुधार पर बल दिया जाता रहा है। अनेक समितियां बनाई गयीं, जिनकी रिपोर्ट में प्रशासनिक सुधार के महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट सुझाया गया, जिसमें नौकरशाही को पारदर्शी, जवाबदेह तथा मजबूत बनाया जा सके। नरेन्द्र मोदी शासन के जिम्मेदारी भरे बजट-2023 ने समावेशी आर्थिक समृद्धि और वैश्विक महत्वाकांक्षा के साथ उस 'नये भारत' की नींव रखी है, जो अपनी स्वाधीनता के सौवें वर्ष में साकार होगा। यह बजट 'अमृत काल' को सबसे अच्छे ढंग से रेखांकित करता है। निश्चित ही सरकार की नजर अमृतकाल पर है। उसी दृष्टि से रणनीतियां एवं योजनाएं बन रही हैं। पिछले वर्ष भी अमृतकाल बजट चर्चा के केन्द्र में था। भारत का केन्द्रीय बजट एवं मोदी सरकार की नीतियां भी बहुत हद तक साल 2047 को लक्ष्य करके बनायी जा रही हैं। उस समय तक भारत को दुनिया का एक विकसित देश बना देने का विचार है, लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है अनियंत्रित भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार मुक्त नौकरशाही बनाना अत्यावश्यक है क्योंकि नौकरशाही देश के विकास के कार्यों को प्रचालित करने में मेरुदंड का कार्य करती है साथ ही सुदृढ़ समाज की स्थापना भी करती है। अधिकारियों को सार्वजनिक जीवन में शुचिता के मापदंडों पर खरा उतरने के लिए पूरे प्रयास करने चाहिए। भारत के वरिष्ठ नौकरशाह और चीफ विजिलेंस कमिश्नर रहे एन विट्ठल ने कहा था कि राजनीतिज्ञों से ज्यादा नौकरशाह भ्रष्ट हैं, क्योंकि राजनेताओं को तो जनता एक समय बाद हटा सकती है, लेकिन नौकरशाह पूरी सेवा काल तक भ्रष्टाचार करता रहता है। काफी हद तक यह सही भी प्रतीत होता है, क्योंकि राजनेता पर प्रत्येक पांच वर्ष बाद चुने जाने का दबाव होता है, जो नौकरशाह पर नहीं होता है। आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अपेक्षित विकास न हो पाने के कारणों पर आकलन किया जाये तो भ्रष्टाचार सर्वोपरि है। भ्रष्टाचार के कारण एक तो कुछ ही लोगों के पास धन एकत्रित होता है, साथ ही बाजार में कृत्रिम वृद्धि लाता है जिससे वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होती है और वस्तुएं गरीब व्यक्ति की पहुँच से बाहर हो जाती हैं। भारत विश्व में तेजी से उभरती हुयी अर्थव्यवस्था है। लेकिन भारत में काला धन और भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है। वस्तुतः कालाधन अघोषित आय है जिस पर टैक्स की देनदारी बनती है लेकिन उसकी जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को नहीं दी जाती। काले धन के उत्पन्न होने के कई कारण हैं जैसे स्मगलिंग, पोचिंग ड्रग्स, घोटाले, जालसाजी, भ्रष्टाचार आदि से काला धन उत्पन्न होता है। काले धन के कारण भारत में समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी है, जो भारत के समावेशी विकास में बाधा है। काले धन के कारण ही इस उभरती हुई अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार एक गंभीर मुद्दा है। नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले देश का प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया। उन्होंने न खाऊंगा और न खाने दूंगा का शंखनाद किया, उनके दो बार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये अनेक कठोर कदम उठाये गये हैं और उसके परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन भ्रष्टाचार फिर भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने हाल ही में सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि बजट हो या सरकार के संकल्प, या फिर सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र क्या इनका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है ? अमृत की राह में भ्रष्टाचार बड़ा रोड़ा है, देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए। हमारे देश में भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए समय-समय पर प्रशासनिक सुधार पर बल दिया जाता रहा है। अनेक समितियां बनाई गयीं, जिनकी रिपोर्ट में प्रशासनिक सुधार के महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट सुझाया गया, जिसमें नौकरशाही को पारदर्शी, जवाबदेह तथा मजबूत बनाया जा सके। इसी उद्देश्य से वर्ष 2005 में सूचना का अधिकार भी लाया गया, जिसमें जनता, सरकारी कार्यों में सहभागिता को निर्धारित कर सके और जनता तथा सरकार के बीच नजदीकियां बढ़ें, ताकि पारदर्शिता को बढ़ावा मिल सके और भ्रष्टाचार कम हो सके।

**मोदी सरकार की नीतियां भी बहुत हद तक साल 2047 को लक्ष्य करके बनायी जा रही हैं। उस समय तक भारत को दुनिया का एक विकसित देश बना देने का विचार है लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया


**अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन से बात करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। दिशोम गुरु को रांची के मेदांता अस्पताल में सांस में तकलीफ की शिकायत के बाद दाखिल कराया गया था।**

## ट्वीट-ट्वीट


Office of Amit Shah
@AmitShahOffice
आज देश देख रहा है, कि एक अकेला ही कितनों पर भारी पड़ रहा है। मैं देश के लिए जीता हूं, देश के लिए कुछ करने के लिए निकला हुआ हूं, इसलिए ये राजनीतिक खेल खेलने वाले अपनी जमीन बचाने का रास्ता ढूंढ रहे हैं: प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी

## फेसबुक वॉल से


एक तौलिया से पूरा घर नहाता था।
दूध का नम्बर बारी-बारी आता था।
छोटा माँ के पास सो कर इठलाता था।
पिताजी से मार का डर सबको सताता था।
बुआ के आने से माहौल शान्त हो जाता था।
पूड़ी खीर से पूरा घर रविवार मनाता था।
बड़े भाई के कपड़े छोटे होने का इन्तजार रहता था।
स्कूल मे बड़े की ताकत से छोटा रौब जमाता था।
बहन-भाई के प्यार का सबसे बड़ा नाता था।
धन का महत्व कभी सोच भी न पाता था।
बड़े का बस्ता किताबें साईकिल कपड़े खिलोने पेन्सिल स्लेट स्टाईल चप्पल सब से मेरा नाता था।
मामा-मामी नाना-नानी पर हक जताता था।
एक छोटी से सन्दूक को अपनी जान से ज्यादा प्यारी तिजोरी बताता था।
~~ अब ~~
तौलिया अलग हुआ, दूध अधिक हुआ,
माँ तरसने लगी, पिता जी डरने लगे,
बुआ से कट गये, खीर की जगह पिज्जा बर्गर मोमो आ गये,
कपड़े भी व्यक्तिगत हो गये, भाईयो से दूर हो गये,
बहन के प्रेम की जगह गर्लफ्रेण्ड आ गई,
धन प्रमुख हो गया,अब सब नया चाहिये,
नाना आदि औपचारिक हो गये।
बटुऐ में नोट हो गये।
कई भाषायें तो सीखे मगर संस्कार भूल गये।
बहुत पाया पर कुछ खो गये।
रिश्तो के अर्थ बदल गये,
हम जीते तो लगते है

# मेनका गांधी की नाराजगी कहीं भाजपा को भारी न पड़ जाये


रमेश सर्राफ धमोरा

***आठवीं*** बार की सांसद मेनका गांधी भी भाजपा आलाकमान से बहुत खफा नजर आ रही हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मेनका गांधी व उनके सांसद पुत्र वरूण गांधी में से किसी को भी मंत्री नहीं बनाया गया। इतना ही नहीं उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से भी हटा दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अगले लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष पद का कार्य विस्तार मिल चुका है। अगले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नड्डा ने अपने संगठन को पुनर्गठित और चुस्त-दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व जम्मू-कश्मीर सहित दस प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। जिनके नतीजों से पता चल जायेगा कि अगले लोकसभा चुनाव में कौन-सी पार्टी केंद्र में सरकार बना सकेगी। चुनावों वाले दस राज्यों से लोकसभा की कुल 121 सीटें आती हैं। ऐसे में जिस पार्टी की भी सरकार इन प्रदेशों में बनेगी स्वाभाविक ही है कि लोकसभा चुनाव में भी उसी पार्टी का अधिक प्रभाव दिखेगा। हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद अपने गृह प्रदेश हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार को नहीं बचा सके और वहां पर कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने में कामयाब हो गई। इससे लगता है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नड्डा शायद ही कुछ करिश्मा दिखा पाय। पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द ही रहता लग रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता अभी से अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट चुके हैं। अगले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भी ही पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर किसी नये नेता को लाने की बजाय जेपी नड्डा को ही रखने का फैसला किया है। भाजपा का मानना है कि नड्डा की पूरी टीम का सेटअप बना हुआ है। ऐसे में नये सिरे से संगठन बनाने में काफी समय निकल जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशभर में अपने दौरे करने शुरू कर दिये हैं। भाजपा के नेता पूरी तरह चुनावी मूड में नजर आने लगे हैं। पार्टी तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का सपना देख रही है। ऐसे में भाजपा की ही कुछ बड़ी महिला नेताओं की नाराजगी आने वाले चुनाव में भाजपा को भारी पड़ सकती है। राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे सिंधिया पिछले लंबे समय से राजस्थान में खुद को नेता घोषित करने की मांग करती आ रही हैं। वसुंधरा राजे चाहती हैं कि दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी उन्हें नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़े। मगर भाजपा आलाकमान ऐसा करने के मूड में नहीं लगता है। वर्तमान में वसुंधरा राजे भाजपा की राजनीति में हाशिए पर हैं। कहने को तो उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। मगर सक्रिय राजनीति में उनकी कोई भूमिका नजर नहीं आ रही है। राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे का कद बहुत बड़ा माना जाता है। विशेषकर भाजपा में तो वसुंधरा राजे के कद का कोई दूसरा नेता नहीं है। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में लगातार दूसरी बार कांग्रेस की सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राज्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश देकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर्मचारी वर्ग में खासे लोकप्रिय हो रहे हैं। माना जा रहा है कि गहलोत द्वारा पेश किये जाने वाला राजस्थान का अगला बजट भी काफी लोक लुभावना होगा। ऐसे में गहलोत का मुकाबला करने में वसुंधरा राजे ही सबसे उपयुक्त नेता हैं। राजस्थान भाजपा का संगठन पूरी तरह वसुंधरा विरोधी नेताओं से भरा पड़ा है। वर्तमान परिस्थितियों में तो वसुंधरा समर्थक कई मौजूदा विधायकों को भी टिकट मिलना संदिग्ध नजर आ रहा है। अंदर खाने चर्चा है कि वसुंधरा समर्थक अपने नेता पर अलग दल बनाकर चुनाव में उतरने का दबाव डाल रहे हैं। हालांकि वसुंधरा राजे देखो और इंतजार करो की नीति पर चल कर आलाकमान का मूड भांपने का प्रयास कर रही हैं। उधर, मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शिवराज सिंह चौहान सरकार पर लगातार हमलावर हो रही हैं। शराबबंदी के बहाने उमा भारती लगातार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेर रही हैं। राजनीति में खुद को हाशिए पर डाले जाने से नाराज उमा भारती भाजपा आलाकमान से बहुत नाराज हैं। उमा भारती का मानना है कि उन्होंने ही मेहनत कर दस साल से मध्य प्रदेश में शासन कर रही कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार को उखाड़ फेंका था।

**पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश देकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर्मचारी वर्ग में खासे लोकप्रिय हो रहे हैं। माना जा रहा है कि गहलोत द्वारा पेश किये जाने वाला राजस्थान का अगला बजट भी काफी लोक लुभावना होगा।**

**भाजपा की बात**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का शुभारंभ

# दुनिया के बड़े देशों से अधिक सामर्थ्य यूपी में : पीएम मोदी





पीएम को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को भेंट करते सीएम योगी व अन्य



## एक तरफ डबल इंजन सरकार का इरादा और दूसरी तरफ संभावनाओं से भरा उत्तर प्रदेश

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 32 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव जुटाने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपी जीआईएस)-2023 का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज देश-दुनिया के उद्यमी और निवेशक जिस राज्य (यूपी) में बैठे हैं, उसकी आबादी करीब-करीब 25 करोड़ है। दुनिया के बड़े-बड़े देशों से भी ज्यादा सामर्थ्य अकेले उत्तर प्रदेश में है। एक तरफ डबल इंजन सरकार का इरादा है और दूसरी तरफ संभावनाओं से भरा उत्तर प्रदेश इससे बेहतर पार्टनरशिप हो ही नहीं सकती। भारत अगर आज दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो यूपी भारत के ग्रोथ को ड्राइव करने में अहम नेतृत्व दे रहा है। कार्यक्रम स्थल लखनऊ के वृंदावन योजना स्थित वाल्मीकि मुख्य हॉल में यूपी जीआईएस-2023 के उद्घाटन सत्र में मौजूद देश-दुनिया के दिग्गज उद्यमियों-निवेशकों से मुखातिब पीएम मोदी ने सबको उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की आज की सरकार और ब्यूरोक्रेसी प्रगति की राह पर दृढ़ संकल्प के साथ चल पड़ी है। वह आपके (निवेशकों व उद्यमियों) सपनों को साकार करने के लिए, आपके संकल्पों को सिद्ध करने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ अग्रदूत बनकर आपके साथ खड़ी है। पीएम ने कहा कि आज जो समय है इसको हमें गंवाना नहीं चाहिए। भारत की समृद्धि में दुनिया की समृद्धि निहित है। भारत के उज्जवल भविष्य में दुनिया के उज्जवल भविष्य की गारंटी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का रिमोट से बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने देश का ग्रोथ इंजन बन रहे उत्तर प्रदेश की शानदार प्रगति यात्रा पर प्रदर्शित शॉर्ट फिल्म का भी अवलोकन किया।

### सांसद के रूप में निवेशकों व उद्यमियों का स्वागत किया प्रधानमंत्री ने

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सांसद के रूप में खुद सभी उद्यमियों व निवेशकों का स्वागत भी किया। साथ ही उन्होंने बतौर सांसद प्रदेश सरकार की तरफ से यह आश्वस्त किया कि उनके साथ सरकार हर पल खड़ी मिलेगी।



### पहले यूपी में इन्वेस्टमेंट 'वेस्ट' समझा जाता था, अब 'बेस्ट' समझा जाता है : राजनाथ सिंह

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के उद्घाटन सत्र में अपनी बात रखते हुए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नेतृत्व बदल जाने से परिदृश्य कैसे बदल जाता है, देश और उत्तर प्रदेश इसके उदाहरण हैं। पहले यूपी में इन्वेस्टमेंट को वेस्ट (व्यर्थ) समझा जाता था, आज बेस्ट (सबसे अच्छा) समझा जाता है। आज यूपी अपने नाम 'अप' को साकार कर रहा है। आज यूपी का मतलब 'हेल्थअप' है, 'एजुकेशनअप' है, 'इंफ्रास्ट्रक्चरअप' है, 'इन्वेस्टमेंटअप' है और इन्वेस्टमेंट का 'रिटर्नअप' है। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश ने ऐसा भी समय देखा है जब लोग व्यवसाय के क्षेत्र में आने से कतराते थे। पर, विगत कुछ सालों से व्यवसाय समुदाय के प्रति एक नई सोच पैदा हुई है। अब बिजनेस कम्युनिटी के लिए 'रेड टेप' नहीं बल्कि 'रेड कारपेट' दिखता है। आज बिजनेस कम्युनिटी को वेल्थ क्रिएटर और सामाजिक विकास में कंट्रीब्यूटर माना जाता है।

### डंके की चोट पर नई पहचान बनाई यूपी ने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश दुनिया से आए निवेशकों, उद्यमियों, नीति निमार्ताओं, विचारकों के सामने उत्तर प्रदेश की पूर्व और वर्तमान छवि का शाब्दिक चित्रण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती अपने सांस्कृतिक वैभव, गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत के लिए जानी जाती है। इतना सामर्थ्य होने के बावजूद यूपी के साथ कुछ बातें जुड़ गई थीं। लोग कहते थे कि यूपी में विकास होना मुश्किल है। यहां कानून व्यवस्था सुधरना नामुमकिन है। उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य कहलाता था। यहां आए दिन हजारों करोड़ के घोटाले होते थे। हर कोई यूपी से अपनी उम्मीदें छोड़ चुका था। लेकिन, सिर्फ पांच-छह साल के भीतर यूपी ने अपनी एक नई पहचान स्थापित कर ली है और डंके की चोट पर स्थापित कर ली है। अब यूपी को सुशासन से और गुड गवर्नेंस से पहचाना जा रहा है। अब यूपी की पहचान बेहतर कानून व्यवस्था, शांति और स्थिरता के लिए है। अब यहां वेल्थ क्रिएटर्स के लिए नित नए अवसर बन रहे हैं।

### सरकारी सोच और अप्रोच में आया बदलाव

पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ यूपी में सरकारी सोच और एप्रोच में, ईज आफ डूइंग बिजनेस के लिए सार्थक बदलाव आया है। आज यूपी एक आशा, एक उम्मीद बन चुका है।

### यूपी में एजुकेशन व स्किल डेवलपमेंट पर प्रशंसनीय कार्य

पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक और विषय पर बहुत प्रशंसनीय काम हुआ है। यह काम एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट से जुड़ा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी हेल्थ यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी, मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऐसे अनेक संस्थान अलग-अलग स्किल्स के लिए युवाओं को तैयार करेंगे। स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत अभी तक यूपी के 16 लाख से अधिक युवाओं को अलग-अलग स्किल्स में प्रशिक्षित किया गया है। यूपी सरकार ने पीजीआई लखनऊ, आईआईटी कानपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े कोर्स भी शुरू किए हैं। उत्तर प्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात है कि नैक मूल्यांकन में इस बार उत्तर प्रदेश के चार विश्वविद्यालयों ने हिंदुस्तान को अपना लोहा मनवा दिया। इस उपलब्धि के लिए राज्यपाल और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को बधाई दी। साथ ही कहा कि देश के स्टार्टअप रिवैल्युएशन में यूपी की भूमिका लगातार बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में 100 इनक्यूबेटर और 33 स्टेट ऑफ द आर्ट सेंटर को स्थापित करने का लक्ष्य यूपी सरकार ने रखा है। यानी यहां आने वाले निवेशक को कुशल व योग्य युवाओं का बहुत बड़ा पूल भी मिलने जा रहा है।

### पैंडेमिक व वार के शॉक से बाहर निकल फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी बना भारत

मोदी ने कहा कि आज सभी इंडस्ट्री के दिग्गज यहां हैं। इनमें से अधिकतर को एक लंबा अनुभव भी है। दुनिया की वर्तमान स्थिति भी इन सभी से छुपी नहीं है। वे भारत की इकोनॉमी, आज के सामर्थ्य, यहां के माइक्रो इकोनॉमिक फंडामेंटल को भी बहुत बारीकी से देख रहे हैं। 'पैंडेमिक' और 'वार' के शॉक से बाहर निकलकर भारत फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनामी बना है। आज दुनिया की हर क्रेडिबल वॉयस यह मानती है कि भारत की अर्थव्यवस्था ऐसे ही तेजी से आगे बढ़ते रहेगी। वैश्विक संकट के इस दौर में भारत ने न सिर्फ रेडीनेस दिखाया बल्कि रिकवरी भी उतनी ही तेजी से की। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है भारतीयों का खुद पर बढ़ता भरोसा, खुद पर आत्मविश्वास।

### नागरिकों की आकांक्षा, जल्द से जल्द विकसित हो भारत

पीएम ने कहा कि आज भारत के युवाओं की सोच में, भारत के समाज की सोच और एस्पिरेशंस में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आज भारत का हर नागरिक ज्यादा से ज्यादा विकास होते देखना चाहता है। वह अब वह भारत को जल्द से जल्द विकसित होते देखना चाहता है। भारत के समाज की आकांक्षाएं आज सरकारों को भी पुश रही है, आगे बढ़ा रही है। और यही आकांक्षा विकास के कार्यों में भी गति ला रही है।

### यूपी का आकांक्षात्मक समाज कर रहा निवेशकों का इंतजार

पीएम मोदी ने सभी उद्यमियों, निवेशको का आह्वान करते हुए कहा कि पूरे भारत की तरह ही आज यूपी में एक बहुत बड़ी एस्पिरेशनल सोसाइटी (आकांक्षात्मक समाज) आपका इंतजार कर रही है। आज भारत में सोशल, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो काम हुआ है, उसका बड़ा लाभ यूपी को भी मिला है। इस कारण आज यहां समाज सामाजिक और वित्तीय रूप से बहुत अधिक समावेशी हो चुका है, कनेक्टेड हो चुका है।

### आउट ऑफ कंपल्शन' नहीं बल्कि 'आउट आफ कनविक्शन' रिफॉर्म

पीएम मोदी ने कहा कि एक मार्केट के रूप में भारत अब गंभीर हो रहा है। सरकारी प्रक्रियाएं भी सरल हो रही हैं। आज भारत 'आउट ऑफ कंपल्शन' नहीं बल्कि 'आउट आफ कनविक्शन' रिफॉर्म करता है। यही कारण है कि भारत 40 हजार से अधिक कम्प्लायंसेज को खत्म कर चुका है। दर्जनों पुराने कानूनों को खत्म कर चुका है। भारत सही मायने में 'स्पीड' और 'स्केल' के रास्ते पर चल पड़ा है। एक बहुत बड़े वर्ग की बुनियादी जरूरतों को हमने पूरा कर लिया है। इसलिए वह एक लेवल ऊपर की सोचने लगा है, आगे की सोचने लगा है। यही भारत पर भरोसे का सबसे बड़ा कारण है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ और एजुकेशन में इन्वेस्टमेंट के अनेक अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले भारत सरकार का जो बजट आया है उसमें भी आपको कमिटमेंट साफ-साफ दिखेगा। आज इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड खर्च सरकार कर रही है और हर वर्ष इसको हम बढ़ा रहे हैं। इसलिए आज आपके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट के नए मौके बन रहे हैं। आज आपके लिए हेल्थ, एजुकेशन, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट के अनेक अवसर हैं।

### ग्रीन ग्रोथ के रास्ते पर भारत, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन बुलंद इरादा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा ग्रीन ग्रोथ के जिस रास्ते पर भारत चल पड़ा है उसमें तो वह निवेशकों, उद्यमियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर रहे हैं। इस वर्ष के बजट में 35000 करोड़ रुपये सिर्फ एनर्जी ट्रांजिशन के लिए रखे गए हैं। यह दिखाता है कि भारत का इरादा क्या है। मिशन ग्रीन हाइड्रोजन इसी इरादे को बुलंद करता है।

### नई वैल्यू और सप्लाई चेन का चैंपियन बनकर उभरा यूपी

पीएम ने बताया कि इस बजट में ग्रीन ग्रोथ से जुड़ा पूरा इकोसिस्टम विकसित करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ट्रांसफॉरमेशन के लिए एक नई सप्लाई और वैल्यू चेन विकसित कर रहे हैं। नई वैल्यू और सप्लाई चेन विकसित करने के लिए यूपी आज एक नया चैंपियन बनकर उभर रहा है।

### यूपी में पारंपरिक, आधुनिक उद्योगों व एमएसएमई का सशक्त नेटवर्क

प्रधानमंत्री ने कहा कि परंपरा और आधुनिकता से जुड़े उद्योगों का, एमएसएमई का एक बहुत ही सशक्त नेटवर्क आज उत्तर प्रदेश में वाइब्रेंट है। यहां भदोही के कालीन और बनारसी सिल्क है। भदोही कारपेट क्लस्टर और वाराणसी सिल्क क्लस्टर भी है और उसकी वजह से यूपी भारत का टेक्सटाइल हब है। आज भारत के कुल मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 60 प्रतिशत से भी ज्यादा मोबाइल अकेले उत्तर प्रदेश में होता है। मोबाइल कम्पोनेंट की सबसे ज्यादा मैन्युफैक्चरिंग भी यूपी में ही होती है।

### मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट की निरंतर बढ़ रही मांग

पीएम ने कहा कि आज देश के दो डिफेंस कॉरिडोर में से एक यूपी है। यहां डिफेंस कॉरिडोर पर तेजी से काम चल रहा है। आज मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट की मांग निरंतर बढ़ रही है। भारतीय सेना को भी हम अधिक से अधिक मेड इन इंडिया डिफेंस सिस्टम, डिफेंस प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस महान काम का नेतृत्व इसी लखनऊ की धरती के हमारे ऐसे कर्मवीर राजनाथ सिंह जी कर रहे हैं। ऐसे समय में जब भारत एक वायब्रेंट डिफेंस इंडस्ट्री का विकास कर रहा है तो फर्स्ट मूवर एडवांटेज आपको जरूर लेना चाहिए।

### देश के ग्रोथ इंजन की भूमिका निभाने को तैयार है 'नया उत्तर प्रदेश' : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के ग्रोथ इंजन की भूमिका निभाने को यूपी तैयार है।



मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को यहां तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफार्म' के मंत्र को आत्मसात कर यूपी ने जो प्रयास किए, उसी का परिणाम है कि आज इस निवेश के महाकुंभ के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 32 लाख 92 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, रियल एस्टेट, शिक्षा, पर्यटन, इलेक्ट्रॉनिक वाहन मैन्युफैक्च रिंग, हाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग जैसे अनेक सेक्टरों में अब तक हुए 18645 एमओयू के जरिये होने जा रहा यह निवेश प्रदेश में 92 लाख 50 हजार से अधिक नौकरी व रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला होगा। तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल, अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विश्व स्तर के नीति निर्धारकों, कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों, एकेडेमिया, विचार मंच एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति के उत्साहजनक माहौल के बीच मुख्यमंत्री ने सभी को उत्तर प्रदेश के विकास में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया।

## इतिहास सृजन के साक्षी बने वैश्विक ख्याति के उद्यमी

वैश्विक ख्याति के कई प्रमुख उद्यमी यूपी जीआईएस-2023 में योगी सरकार द्वारा निवेश और उद्योग जगत में सृजित नए इतिहास के साक्षी बने। चार प्रमुख उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर अपने अनुभव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष साझा किए।

### 75 हजार करोड़ का निवेश करेगी रिलायंस इंडस्ट्रीज : मुकेश अंबानी



देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने अगले चाल वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इस निवेश से करीब एक लाख नए रोजगार पैदा होने का अनुमान है। लखनऊ में आयोजित 'यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में बोलते हुए मुकेश अंबानी ने दावा किया कि 5 वर्षों के भीतर ही उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिलायंस उत्तर प्रदेश में 10 गीगावॉट की रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को स्थापित करेगा। यह उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। कंपनी ने यूपी में बायो-गैस एनर्जी बिजनेस में उतरने की घोषणा भी की। इस पर मुकेश अंबानी ने कहा कि बायो-गैस से पर्यावरण में सुधार तो होगा ही किसानों को भी बड़ा लाभ होगा। हमारे किसान अन्नदाता तो हैं ही, अब ऊजार्दाता भी बनेंगे। मुकेश अंबानी ने कहा कि नए भारत के लिए उत्तर प्रदेश आशा का केंद्र बन गया है। नोएडा से गोरखपुर तक, लोगों में जोश और उत्साह दिख रहा है। हम सब साथ मिलकर भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य को भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक में बदल देंगे।

### यूपी में 25 हजार करोड़ निवेश करेगा आदित्य बिड़ला समूह



उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिहाज से उत्तम प्रदेश बन चुका है। आदित्य बिड़ला समूह यूपी में 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। उक्त बातें आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन डॉ कुमार मंगलम बिड़ला ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के उद्घाटन सत्र में कही। कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि भारत दुनिया की सर्वाधिक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। जिसमें यूपी का अहम योगदान है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। यूपी में हाईवे का जाल बिछ रहा है। मेट्रो और एयरपोर्ट बन रहे हैं। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी दूसरे स्थान पर है। उन्होंने यूपी सरकार के निवेश मित्र पहल की जमकर तारीफ की। कहा कि यूपी ने निवेश के लिए नई नीति जारी की है। पिछले तीन साल की अवधि में सितंबर 2022 तक यूपी में 1.1 बिलियन डॉलर एफडीआई आया। यह पिछले दो दशकों में सर्वाधिक है। बिड़ला ने कहा कि आदित्य बिड़ला समूह यूपी में सीमेंट, मेटल, केमिकल, फाइनेंस सर्विस और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 25000 करोड़ रुपये निवेश करेगा।

### यूपी जीआईएस में आना सौभाग्य की बात : एन चन्द्रशेखरन



टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था और मजबूत बुनियादी ढांचे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की मौजूदगी का लंबा इतिहास रहा है। आज यूपी में टाटा संस में 50,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में था विकसित हुए निवेश फ्रेंडली माहौल के बाद हम यूपी में अपनी सभी कंपनियों में भारी विस्तार कर रहे हैं। टीसीएस के माध्यम से नोएडा में हम भारी निवेश कर रहे हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम नए जेवर हवाई अड्डे में ज्यूरिख के अपने भागीदारों के साथ एक एकीकृत मल्टी मोडल एयर कार्गो का निर्माण करने जा रहे हैं।

**कार्यक्रम** भारतीय जन संचार संस्थान में 'शुक्रवार संवाद' का आयोजन

# पारंपरिक शिक्षा से आएगा सुराज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'शुक्रवार संवाद' को संबोधित करते हुए पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं भटके विमुक्त विकास परिषद, पुणे के संस्थापक गिरीश प्रभुणे ने कहा कि हमने स्वतंत्रता हासिल कर ली है और अब हम सुराज की तरफ बढ़ रहे हैं। यह तब होगा, जब हम हमारी परंपरागत शिक्षा पद्धति की ओर लौटेंगे। महान जनजातीय परंपराओं में शताब्दियों से मौजूद अथाह ज्ञान भंडार से सीखेंगे। कार्यक्रम में आईआईएमसी के डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह सहित संस्थान के सभी केंद्रों के




संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

'भारत की घुमंतू जनजातियां' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए प्रभुणे ने कहा कि भारत में दौ सौ से ज्यादा विश्वविद्यालय हैं, लेकिन आज जितने भी महत्वपूर्ण आविष्कार या प्रौद्योगिकियां हैं, सब विदेशों से यहां आई हैं, क्योंकि, हमने अपनी पारंपरिक शिक्षा की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि जब हम अपनी शिक्षा पद्धति से पढ़ते थे, तो हमने शून्य से आकाश तक, दुनिया को एक से बढ़कर एक सौगातें दीं। हमारे यहां अनेक कौशल विकास संस्थान हैं, लेकिन सभी में आधुनिक कौशल पढ़ाया जाता है। अब समय आ गया है जब इन संस्थानों में पारंपरिक कौशल की पढ़ाई शुरू की जाए।

भारत में घुमंतु जनजातियों के प्रति समाज और सरकार की सोच के बारे में उन्होंने बताया कि 1991 तक इनके साथ अंग्रेजों द्वारा बनाये 'क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट, 1871' के अनुसार व्यवहार किया जाता था। कहीं भी चोरी या डकैती जैसा कोई भी अपराध होता, तो पुलिस सबसे पहले उन्हें ही पकड़कर जेल में डाल देती थी। न कोई जांच, न कोई एफआईआर, सालों तक वे कालकोठरी में बंद रहकर पुलिस की यातनाएं झेलते रहते थे।

# बिहारः दो सीनियर आईपीएस आमने-सामने

**एजेंसी। पटना**

बिहार में अपनी दमदार छवि और कार्यों के प्रति संवेदनशील अधिकारी के रूप में चर्चित बिहार पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी विकास वैभव के एक ट्वीट ने न केवल बिहार की सियासत को गर्म कर दिया, बल्कि अपने ही वरिष्ठ अधिकारी पर गाली देने का आरोप लगाया है। इधर, वैभव ने लंबी छुट्टी पर जाने के लिए आवेदन दिया तो उनसे ही स्पष्टीकरण मांग लिया गया। दरअसल, होमगार्ड और अग्निशमन विभाग में आईजी के पद पर तैनात विकास वैभव ने अपनी डीजी शोभा अहोतकर पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने फोन पर उन्हें गाली दी और बिहारी होने पर भी अपशब्द कहे। विकास वैभव ने हालांकि वह ट्वीट डिलीट कर दिया है लेकिन अब यह मुद्दा काफी गर्म हो चुका है। अपने डीजी



के व्यवहार से दुखी विकास वैभव ने 60 दिनों की छुट्टी का आवेदन किया था, जिसे महानिदेशक (डीजी) शोभा अहोतकर ने रद्द कर उनसे स्पष्टीकरण की मांग की है। होम गार्ड और अग्निशमन सेवाएं के महानिदेशक शोभा अहोतकर की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि विकास वैभव द्वारा किया गया ट्वीट वायरल हो रहा है, इसमें उन्होंने डीजी से गाली सुनने की बात कही है। नोटिस में कहा है कि आईजी ने अपने वरीय अधिकारी पर बेबुनियाद आरोप लगा कर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की है।

उनकी ये हरकत अखिल भारतीय सेवा आचार नियमावली 1968 के नियमों का उल्लंघन है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि वायरल मैसेज में आपके द्वारा रिकॉर्डिंग की भी बात कही गई है, जो यह बताता है कि बैठकों में की गई गोपनीय बातों की भी रिकॉर्डिंग की गई, जो गलत मंशा का द्योतक है।

नोटिस के अंत में कहा गया है कि क्यों नही आप पर अनुशासनिक कारवाई करने की अनुशंसा सरकार से की जाए। इधर, आईजी वैभव भी पीछे हटने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने शुक्रवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा कि कभी-कभी सर्प भी मित्र बन सकता है, किन्तु दुष्ट को कभी मित्र नहीं बनाया जा सकता। शेषनाग पर शयन करने वाले हरि का भी दुर्योधन मित्र न बन सका!

इस बीच, दो आईपीएस अधिकारियों में खींचतान को लेकर अब सियासत गर्म हो गई है।

### नीतीश ने विकास वैभव को चेतावनी दी

इस मामले में नीतीश कुमार ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए विकास वैभव को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये सब फालतू की बात है। इस पर मेरा कुछ भी बोलना उचित नहीं है। इस मामले की पूरी जांच हो जानी चाहिए। कोई भी अधिकारी नौकरी करता है तो उसका काम सोशल मीडिया पर ट्वीट करना नहीं है। ये सबसे गंदी चीज है। उसको अगर कोई समस्या है तो अपने सीनियर को निजी तौर पर बताना चाहिए। सार्वजनिक तौर पर ऐसा नहीं करना चाहिए। ये कानून भी है। बड़ी विचित्र चीज है कि आजकल कोई भी ट्वीट कर देता है। अधिकारियों को निर्देश दे दिया है कि मामले की जांच कर जानकारी दीजिए।

## NEWS इन ब्रीफ

### वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप रूस से सिंगापुर शिफ्ट

**सिंगापुर।** वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 सिंगापुर में आयोजित की जाएगी। रूस के कजान ने 2025 विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली जीती थी, लेकिन रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण अब सिंगापुर इसकी मेजबानी करेगा। वर्ल्ड एक्वेटिक्स के अध्यक्ष हुसैन अल-मुसल्लम ने गुरुवार को कहा : वर्ल्ड एक्वेटिक्स को यह जानकर खुशी है कि 2025 के लिए हमारे मुख्य कार्यक्रम की मेजबानी इतने अच्छे हाथों में है, सिंगापुर में, धन्यवाद।

### शीर्ष वरीयता प्राप्त श्वार्जमैन कॉडरेबा ओपन से बाहर

**कॉडोर्बा/अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी डिएगो श्वार्जमैन राउंड ऑफ 16 में हमवतन जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हारकर कॉडरेबा ओपन से बाहर हो गए। वर्ल्ड नंबर 28 श्वाट्र्जमैन ने गुरुवार को अपने पहले सर्विस पॉइंट्स में से सिर्फ 61 प्रतिशत अंक जीते और कॉडोर्बा में पोलो डेपोर्टिवो केम्प्स कॉम्प्लेक्स के आउटडोर क्ले पर चार ब्रेक प्वाइंट प्रयासों में से केवल एक को बदला।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने लीग स्तर पर पूरे किये 500 गोल



**रियाद।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गुरुवार को सऊदी प्रो लीग में अल नस्त्र के लिए 4 गोल किये। इसी के साथ उन्होंने क्लब स्तर पर अपने 500 गोल भी पूरे कर लिए। सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो ने अल-वेहदा के खिलाफ अपने करियर का 500वां लीग गोल किया। यह मैच अल नस्त्र ने 4-0 से जीता। रोनाल्डो ने मैच के 21वें, 40वें, 53वें और 61वें मिनट में गोल किया। पांच क्लबों के लिए पांच अलग-अलग शीर्ष लीगों में रोनाल्डो के नाम अब 503 लीग गोल हैं।

### भारतीय टीम प्रबंधन ने मैच रैफरी को भेजा संदेश

**नागपुर।** भारतीय टीम प्रबंधन ने आईसीसी मैच रैफरी एंडी



पाइक्रॉफ्ट को सूचित किया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर टेस्ट के पहले दिन सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो रिकॉर्डिंग में स्टार स्पिनर रवींद्र जडेजा अपने गेंदबाजी हाथ की उंगली पर दर्द निवारक क्रीम का इस्तेमाल कर रहे थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पहले टेस्ट के पहले दिन जडेजा मो. सिराज से कुछ पदार्थ लेकर अपनी गेंदबाजी की उंगली पर रगड़ रहे थे, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# ढाबा चलानेवाले की बेटी ने जीता स्वर्ण

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स : भारोत्तोलन में स्वर्ण जीतनेवाली पंचमी असम की है रहनेवाली**

**असम के सबसे पिछड़े जिलों में से एक धेमाजी में ढाबा चलाते हैं पंचमी के पिता**



**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश में जारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भारोत्तोलन की 49 किग्रा भार वर्ग का स्वर्ण पदक जीतनेवाली पंचमी सोनोवाल असम के धेमाजी जिले से ताल्लुक रखती हैं। यह असम के सबसे पिछड़े इलाकों में एक है। परिवार चलाने के लिए पंचमी के पिता धेमाजी में ही ढाबा चलाते हैं और भाई परिवार की आय में बढ़ोत्तरी के लिए आटो चलाता है। पंचमी के जीवन में तमाम दुश्वारियां हैं लेकिन इनसे बेखबर वह अपने खेल पर ध्यान लगाए हुए हैं क्योंकि परिवार का उनको पूरा सपोर्ट है। भारत के लिए ओलंपिक पदक जीत चुकीं मीराबाई चानू को अपना प्रेरणास्रोत माननेवाली पंचमी का इंदौर में सोना जीतने के बाद अब लक्ष्य देश के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतना है। एशियाई विकास बैंक के अनुसार धेमाजी असम का सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित जिला है। आलम यह है कि अप्रैल से सितम्बर तक छह महीने तक यहां बाढ़ की स्थिति बनी रहती है। पंचमी का परिवार इन्हीं दुश्वारियों के बीच जी रहा है। पंचमी धेमाजी में ही अभ्यास करती हैं तथा सिर्फ और सिर्फ आगे की ओर देखती हैं।

17 साल की हंसमुख पंचमी ने कहा: मेरे पापा ढाबा चलाते हैं और मेरा भाई ऑटो चलाता है, लेकिन ये लोग खेल में मेरे लिए कोई कमी नहीं आने देते। मैं नियमित तौर पर अभ्यास करती हूं और आनेवाले समय में देश के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतना मेरा सपना है। पंचमी ने बताया कि इससे पहले उन्होंने तमिलनाडु के नागरकोइल में आयोजित नेशनल्स में हिस्सा लिया।



# मार्टिना की आदर्श हैं भारोत्तोलक कुंजारानी

**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश में इन दिनों खेलों के महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स में देशभर के खिलाड़ियों का जमावड़ा है। इस दौरान हर खिलाड़ी अपने स्तर पर नया कीर्तिमान गढ़ने को आतुर है बल्कि उनकी सफलता की कहानी भी सामने आ रही है। ऐसी ही एक भारोत्तोलक खिलाड़ी हैं मार्टिना देवी जिनके लिए कुंजारानी आदर्श हैं। मार्टिना देवी पहले ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स के इतिहास की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनकर सामने आ चुकी हैं। पिछले साल पंचकुला में इस मणिपुरी भारोत्तोलक ने कुल आठ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

मध्य प्रदेश में जारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मार्टिना लगातार चौथी बार भाग लेने के लिए तैयार हैं और इस बार और अधिक रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा है। लखनऊ में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण लेने वाली मार्टिना ने कहा कि मैं इस बार केआईवीजी में और बेहतर करना चाहती हूं और अधिक रिकॉर्ड बनाना चाहती हूं। खेलो इंडिया पंचकुला में एक शानदार अभियान के बाद, मार्टिना ने पिछले साल हिमाचल प्रदेश के साथ मोदी नगर में खेलो इंडिया यूथ एंड वूमेन नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने नागरकोइल तमिलनाडु में वेटलिफ्टिंग नेशनल दौरान नए रिकॉर्ड भी स्थापित किए।

मार्टिना अपने पिता, जो मणिपुर के एक गांव में दुकान चलाते हैं और कुंजारानी देवी को भारोत्तोलन में उनके लिए मार्ग प्रशस्त करने का श्रेय देती हैं। मार्टिना ने कहा कि जब मैं भारोत्तोलन में जाना चाहती थी, तब मैं चौथी कक्षा में थी। कुंजरानी देवी से मुझे बचपन से ही काफी प्रेरणा मिलती थी। मेरे पापा ने मेरी इच्छा का सम्मान किया और जब मैं कक्षा पांचवीं में थी, तो उन्होंने मुझे एक वेटलिफ्टिंग स्कूल में दाखिला दिला दिया था। मैं उसके बाद से खेल और पढ़ाई में संतुलन बनाते हुए यहां तक पहुंची हूं।

**पहला टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया पर भारत को 144 रनों की बढ़त**

# जडेजा, अक्षर के अर्धशतक से भारत की स्थिति मजबूत

**ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉड मर्फी ने झटके पांच विकेट**

**नाथन लियोन और पैट कमिंस ने को मिला एक-एक विकेट**

**एजेंसी। नागपुर**

कप्तान रोहित शर्मा (120), रवींद्र जडेजा (66 नाबाद) और अक्षर पटेल (52 नाबाद) की शानदार बल्लेबाजी के कारण भारत ने विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम में शुक्रवार को पहले टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 114 ओवरों में 321/7 रन बनाए, जिससे भारत को 144 रनों की बढ़त मिल गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉड मर्फी ने पांच विकेट लिए, जबकि नाथन लियोन और पैट कमिंस ने एक-एक विकेट लिया।

तीसरे सत्र में 226/5 से आगे खेलते हुए भारत को जल्द ही दो झटके लगे, जिसमें पहले ही ओवर में कप्तान रोहित (120) रन बनाकर बोल्ड हो गए। इसके बाद, डेब्यू कर रहे केएस भरत (8) को मर्फी ने एलबीडब्ल्यू कर अपना पहला पंजा हासिल किया। नौवें नंबर पर आए अक्षर पटेल ने जडेजा का अच्छा साथ दिया। इस बीच, दोनों ने टर्निंग पिच पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर सामना किया और धर्य से बल्लेबाजी करते हुए कुछ शानदार शॉट लगाए। वहीं, दोनों को ऑस्ट्रेलिया की खराब फिल्डिंग के कारण जीवनदान भी मिला। इसके बाद, ऑस्ट्रेलिया पर 144 रनों की बढ़त बनाने के लिए दोनों ने अपने-अपने अर्धशतक भी पूरे किए और आखिरी तक जडेजा 66 और अक्षर 52 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 114 ओवर में 321/7 रन बनाए।

इससे पहले, दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चाय तक 226/5 स्कोर तक पहुंचने में मदद करने के लिए रोहित शर्मा ने टेस्ट में अपना नौवां शतक लगाया। यह सितम्बर 2021 के बाद उनका पहला शतक है। भारतीय कप्तान को कई जीवनदान भी मिले, जिसमें एलबीडब्ल्यू अपील और कुछ अपीलों पर डीआरएस समीक्षा शामिल थी। लेकिन उन्होंने कुछ शानदार शॉट खेले। यह रोहित का उनके जन्म स्थान नागपुर में दूसरा शतक था। 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 2017 में वीसीए स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ 102 रन बनाए थे। रोहित और जडेजा ने मिलकर छठे विकेट की साझेदारी के लिए महत्वपूर्ण 61 रन जोड़े, जिससे भारत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 177 रन के स्कोर से आगे निकल गया।

हालांकि, मेजबान टीम ने इस सत्र में दो महत्वपूर्ण विकेट खो दिए, विराट कोहली लंच के बाद पहली गेंद पर आउट हो गए, जबकि सूर्यकुमार यादव ने अपने डेब्यू टेस्ट में लगभग 20 गेंदें खेली और नाथन लियोन द्वारा बोल्ड किए जाने से पहले उन्होंने 8 रन बनाए। कोहली का विकेट ऑस्ट्रेलिया के लिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह और शर्मा मैच को उनसे दूर ले जा सकते थे। लेकिन लंच के तुरंत बाद, कोहली (12) टॉड मर्फी की गेंद पर विकेटकीपर कैरी द्वारा कैच आउट हो गए। भारत तीसरे दिन अपनी बढ़त को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहा होगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी कि बढ़त को कम से कम सीमित किया जाएगा।



**क्रिकेट के तीनों प्रारुप में शतक बनानेवाले पहले भारतीय कप्तान बने रोहित शर्मा**

रोहित शर्मा खेल के तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन हासिल की। रोहित 120 रन बनाकर आउट हुए। रोहित का यह सबसे लंबे प्रारूप में अपना 9वां शतक है। रोहित ने सितम्बर 2021 में ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला शतक लगाया था। दूसरे दिन, आर अश्विन, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव बल्ले से ज्यादा योगदान दिए बिना पवेलियन लौट गए।

## रेनशॉ को घुटने में लगी चोट, स्कैन के लिए भेजा



**एजेंसी। नागपुर**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को यहां के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन अस्पताल ले जाया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा : रेनशॉ को दूसरे दिन के खेल से पहले वार्म-अप के दौरान घुटने में चोट लग गई है। 26 वर्षीय रेनशॉ को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका स्कैन किया गया है। मैदान पर उनकी जगह एश्टन एगर ने ली है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिचेल स्टार्क उंगली की चोट के कारण पहले ही बाहर हो चुके हैं और जोश हेजलवुड भी चोटिल होने के कारण खेलने में असमर्थ हैं।

बता दें कि यह दूसरी बार है, जब किसी टेस्ट मैच के दौरान रेनशॉ के लिए समस्याएं खड़ी हुई हैं। इसके पहले पिछले महीने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले रेनशॉ कोरोना संक्रमित हो गए थे। 2017 में ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के दौरान पेट की बीमारी का कारण पुणे में उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि ग्रीन और स्टार्क इस दौरे पर दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## शून्य पर आउट होने के लिए रेनशॉ को माफ कर दूंगा : पोंटिंग

**एजेंसी। नागपुर**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को नागपुर टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट होने के लिए माफ कर देंगे। रेनशॉ, रवींद्र जडेजा की बायें हाथ की स्पिन पर गोल्डन डक पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए, उससे पहले स्पिनर ने मार्नस लाबुसेन को ड्रेसिंग रूम में वापस भेजा था। यह उस पहेली का एक हिस्सा था जिसके बारे में मैं बात कर रहा था कि ट्रैविस इस टेस्ट मैच में क्यों नहीं थे। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने मैट रेनशॉ को चुना है, उनका मानना है कि वह स्पिन गेंदबाजी के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, पोंटिंग ने कहा। जब आप ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे हों तो एक अच्छे स्पिन गेंदबाजी खिलाड़ी के रूप में जाना और पहचाना जाना एक बात है। लेकिन जब आप भारत आते हैं और आप ऐसी विदेशी परिस्थितियों के खिलाफ खेल रहे हैं, तो ये अलग बात है। आज भी, आप जानते हैं यह टेस्ट मैच का पहला दिन है और आप ऐसी स्थिति देख रहे हैं, जो हमारे अधिकांश खिलाड़ियों ने शायद पहले दिन पहले कभी नहीं देखी होगी।

**बांग्लादेश और श्रीलंका का ऐतिहासिक दौरा**

# आयरलैंड की पांच टीमें घोषित

**एजेंसी। डबलिन**

क्रिकेट आयरलैंड ने बांग्लादेश और श्रीलंका के ऐतिहासिक दौरों के लिए पांच टीमों की घोषणा की है। बांग्लादेश में तीनों प्रारूपों में खेलने के बाद, एंडी बालबर्नी की टीम दो और टेस्ट मैच के लिए श्रीलंका का रुख करेगी। जिम्बाब्वे के पूर्व अंतरराष्ट्रीय विकेटकीपर बल्लेबाज पीटर मूर, को दोनों टेस्ट टीमों के लिए चुना गया है। मूर को बांग्लादेश में खेलने का पिछला अनुभव है, उन्होंने नवंबर 2018 में वहां के दौरे पर नाबाद 63 और 83 रन बनाए थे। सभी पांच टीमों में विकेटकीपर बल्लेबाज लोरकन टकर को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने पिछले साल टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

क्रिकेट आयरलैंड द्वारा जारी एक बयान में मुख्य कोच हेनरिक मालन ने कहा : हम किसी और की तरह खेलने की कोशिश नहीं करने जा रहे हैं, हम अपने तरीके से खेलेंगे और इस समय हमारे लिए यही महत्वपूर्ण संदेश है। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी बाहर जाएं और यह पता लगाएं कि हम टेस्ट में अच्छा कैसे खेलते हैं। आयरलैंड की टीम बांग्लादेश के अपने अब तक का पहले पूर्ण दौरे पर तीन एक दिवसीय, तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेलेगी। आयरलैंड की टीम 15 मार्च को वार्म-अप मैच खेलेगी, फिर तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय, तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच होगा। यह दोनों पक्षों के बीच खेला जाने वाला पहला टेस्ट मैच होगा। इसके बाद आयरलैंड की टीम श्रीलंका के दूसरे दौरे पर एक टेस्ट मैच और दो एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। टीम 11 मार्च को डबलिन से रवाना होगी।

**केआईयूजी** **जम्मू-कश्मीर के साइकिलिस्ट का सफर नहीं रहा आसान**

# सपनों को पर देना चाहते हैं आदिल अल्ताफ

**एजेंसी। भोपाल**

जबलपुर में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 मध्य प्रदेश में गुरुवार को व्यक्तिगत रोड रेस (100 किमी) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले जम्मू-कश्मीर के दुर्लभ साइकिलिस्ट आदिल अल्ताफ का यह सफर आसान नहीं रहा है। घाटी राज्य के किशोर साइकिल चालक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के मांग वाले खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक बार फिर इस मंच का उपयोग करना चाहते हैं।

हरियाणा के पंचकुला में पिछले साल केआईयूजी में 70 किमी रोड रेस में स्वर्ण और 28 किमी टाइम ट्रायल में रजत पदक जीतकर तहलका मचाने वाले एक दर्जी के 19 वर्षीय बेटे, ट्रैक साइकिलिंग सेगमेंट में भाग लेने के लिए दिल्ली में थे और फिर रविवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में रोड साइकलिंग लेग पूरा करने के लिए यात्रा की। अल्ताफ, जो अब 19 वर्ष के हैं और 2019 से खेलो इंडिया का एथलीट हैं, वहां अपने कार्यक्रम के शीर्ष पांच में समाप्त होने के बाद, वह वर्ष के कुछ महीनों के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के पटियाला परिसर में प्रशिक्षण लेते हैं।



उन्होंने निवेदन किया : समस्या, हालांकि, जम्मू-कश्मीर में वापस आने के बाद मेरे कार्यक्रम को जारी रखने की है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि वहां एक अच्छा साइकिलिंग कोच स्वीकृत किया जाए। एक बच्चे के रूप में अल्ताफ श्रीनगर के लालबाजार इलाके की भीड़-भाड़ वाली गलियों में पैडल मारते थे, अपने पिता की दुकान के लिए काम चलाते थे। बमुश्किल 15 साल की उम्र में उन्होंने कश्मीर हावर्ड में अपने स्कूल के कार्यक्रम में भाग लिया और तीसरे स्थान पर रहे। इसने उन्हें खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और जैसे ही उन्होंने स्थानीय प्रतियोगिताओं में लगातार जीतना शुरू किया, श्रीनगर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया उनकी सहायता के लिए आया, उनकी एमटीबी बाइक को प्रायोजित किया, जिसकी कीमत 4.5 लाख रुपये थी। ऐसा अक्सर नहीं होता है कि कोई जम्मू-कश्मीर के एथलीट को साइकिलिंग के खेल से जोड़ता है, लेकिन अल्ताफ का कहना है कि थोड़ी सी मदद से इस खेल को आगे बढ़ाने के लिए काफी युवा तैयार हैं। उन्होंने कहा : वहां की परिस्थितियां वास्तव में इस खेल के अनुकूल हैं क्योंकि यह यूरोप के कुछ हिस्सों की तरह है, जो अधिकांश प्रमुख दौरों की मेजबानी करता है। यहां मैदानी, चढ़ाई वाली उतार-चढ़ाव हैं, जबकि हवा पतली होने के कारण आपका दिल ऑक्सीजन के सेवन के लिए अधिक धड़कता है... यह सहनशक्ति के स्तर को बनाने में मदद करता है। अल्ताफ के अनुसार, खेल की महंगी प्रकृति कश्मीर के युवाओं को इसे लेने से मना करती है। उन्होंने कहा : यह क्रिकेट या फुटबॉल जैसा नहीं है क्योंकि एक बुनियादी रेसिंग साइकिल की कीमत 2 से 2.5 लाख रुपये से शुरू होती है और उच्चतम मॉडल के लिए आकाश सीमा है।



**NEWS इन ब्रीफ**

### तांबा की कीमतों में आई गिरावट

**नयी दिल्ली।** कमजोर घरेलू हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को तांबे की कीमत 3.60 रुपये की गिरावट के साथ 772.30 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में तांबे का फरवरी महीने में आपूर्ति वाला अनुबंध 3.60 रुपये या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 772.30 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इसमें 3,979 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### धनिया के भाव में आई गिरावट

**नयी दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों द्वारा अपने सौदों के आकार घटाने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को धनिया की कीमत 132 रुपये की गिरावट के साथ 7,464 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के अप्रैल महीने में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 132 रुपये या 1.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,464 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। इसमें 9,490 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण मुख्यतः धनिया वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### रियलमी 10 प्रो का कोका-कोला एडिशन भारत में लॉन्च

नई दिल्ली। चाइनीज ब्रांड रियलमी ने अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन रियलमी 10 प्रो का कोका-कोला एडिशन भारत में लॉन्च कर दिया है। फोन के स्पेसिफिकेशन्स हाल ही में लॉन्च किए गए स्टैंडर्ड रियलमी 10 प्रो की तरह ही हैं। फोन के सिर्फ एक्सटीरियर को चेंज किया गया है।

# अब देश को रेलवे का एक नया रूप देखने को मिलेगा

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आने वाले वर्षों में देश को रेलवे का एक नया रूप देखने को मिलेगा। भारतीय रेलवे शुक्रवार को देश की 9वीं और 10वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत कर रहा है। इस मौके पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आगे आने वाले वर्षों में देश की जनता को रेलवे का एक नया रूप देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर वंदे भारत ट्रेन की फ्लाइट्स से तुलना की जाए तो वंदे भारत ट्रेन में फ्लाइट से करीब 100 गुना कम ध्वनि प्रदूषण होता है। यह यात्रियों के लिए बेहद आरामदायक और सुखद सफर है। इस ट्रेन में झटकों का आभास नहीं होता है, साथ ही पिकअप भी बहुत अच्छा है। 52 सेकंड में ट्रेन अपनी रफ्तार पकड़ लेती है। दुनियाभर में जो बेहतरीन ट्रेन मानी जाती है उसके मुकाबले में वंदे भारत है और कई मायनों में उनसे बेहतर भी है। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी का जो भरोसा देश के इंजीनियर पर, टेक्नीशियन, वेल्डर्स और फिनिशर्स पर है, वह साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि मुंबई-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस और मुंबई-शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने के बाद हजारों यात्रियों को रोज फायदा होगा। इससे मुंबई, सोलापुर, शिरडी, दादर, ठाणे, लोनावाला, पुणे और कुदूवार्डी के आसपास के यात्रियों का सफर सुलभ होगा। गौरतलब है कि पीएम मोदी शुक्रवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे के अनुसार 160 किलोमीटर प्रतिघंटा क्षमता वाली वंदे भारत की मुंबई-शिरडी के बीच औसत स्पीड करीब 60 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। मुंबई से सोलापुर के बीच इस ट्रेन की औसत स्पीड करीब 70 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी।

# टॉप-20 अमीरों की लिस्ट से अडाणी बाहर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के दिग्गज कारोबारी और अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी एक बार फिर दुनिया के टॉप-20 अमीरों की लिस्ट से बाहर हो गए हैं। फोर्ब्स के रियल टाइम बिलिनियर्स लिस्ट के मुताबिक शुक्रवार को गौतम अडाणी टॉप-20 अमीरों की लिस्ट से नीचे फिसल गए। उनकी नेटवर्थ में कुल 5.7 बिलियन डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। इसका कारण हैं आडानी शेयर्स में दर्ज की जा रही गिरावट। शुक्रवार को बाजार खुलने के साथ ही अडाणी समूह के सभी शेयर गिरावट के साथ कारोबार करते दिखाई दे रहे हैं। फोर्ब्स के रियल टाइम बिलिनियर्स लिस्ट के मुताबिक गौतम अडाणी अमीरों की लिस्ट में फिसलकर 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी कुल नेट वर्थ 59.3 बिलियन डॉलर की रह गई है। वहीं दुनिया के ल्यूस वाईटन के सीईओ और मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट दुनिया के सबसे अमीर शख्स है।उनकी कुल नेट वर्थ हैं 213.5 बिलियन डॉलर। वहीं दूसरे नंबर पर हैं टेस्ला और ट्विटर के मालिक एलन मस्क। उनकी कुल नेट वर्थ हैं 195.3 बिलियन डॉलर। वहीं तीसरे नंबर पर हैं अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस। उनकी कुल नेटवर्थ 121.4 बिलियन डॉलर की है। शुक्रवार को मार्केट खुलते ही अडानी एंटरप्राइजेज में के शेयरों में पूरे 10 फीसदी की गिरावट दिखी है। इसके अलावा अडानी पावर, अडाणी विल्मर, अडानी ट्रांसमिशन और अडानी टोटल गैस के शेयरों में 5-5 फीसदी की गिरावट आई है। अडानी एंटरप्राइजेज में 10 फीसदी गिरावट का लोअर सर्किट लगा है। ऐसे में अडाणी ग्रुप के शेयरों में दर्ज की गई गिरावट के कारण उनकी नेटवर्थ में भी कमी आई हैं। उनकी कुल नेट वर्थ 59.3 बिलियन डॉलर की रह गई है। अडाणी शेयर्स की लगातार गिरावट के कारण गौतम अडाणी दुनिया के टॉप-3 अमीरों की लिस्ट से फिसलकर 21वें नंबर पर आ गए हैं।

## भारतीय इकोनॉमी का करीब 1 फीसदी है कुल कर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अडाणी समूह को लेकर सुर्खियों के बाजार में रोजाना ऐसी खबरें आ रही हैं जिनसे इस ग्रुप के शेयरों के दाम में भारी उतार-चढ़ाव देखा जाता है। आज भी ऐसी ही एक खबर आई है जिससे समूह को लेकर लोगों के मन में सवाल उठ सकते हैं। दरअसल निक्केई एशिया का एक विश्लेषण ये दिखाता है कि अडाणी समूह के ऊपर जितना कर्ज है, वो भारत की कुल इकोनॉमी का कम से कम 1 फीसदी है। अडानी समूह के ऊपर लगे फ्रॉड के आरोप और मौजूदा आर्थिक दिक्कतों के बीच निक्केई एशिया की ये रिपोर्ट अडानी समूह के लिए चिंता भरी हो सकती है। अडाणी समूह की लिस्टेड 10 कंपनियों के ऊपर कुल देनदारी 3.39 खरब डॉलर (41.1 अरब डॉलर) के करीब आ गई है। निक्केई ने क्वीक फैक्ट सेट के एक डेटा का इस्तेमाल करते हुए ये कैलकुलेशन किया है। इन कंपनियों में एसीसी, अंबुजा सीमेंट्स और न्यू दिल्ली टेलीविजन के शेयर भी शामिल हैं, जिन्हें अडानी ने पिछले साल खरीदा है। अडानी समूह और क्वीक फैक्ट सेट के दिए हुए आंकड़ों में तालमेल नहीं था तो निक्केई ने आर्थिक डेटा से तुलना करके इसको साबित करने की कोशिश की। इसी के तहत अक्टूबर अंत तक के आंकड़ों को देखा गया है। अक्टूबर अंत तक के आंकड़ों में भारत की जीडीपी 293 खरब डॉलर की थी-इसके बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जानकारी दी थी। वहीं इसी समय तक अडानी के कर्ज को भारतीय इकोनॉमी के कुल 1.2 फीसदी पर पाया गया है। इक्विटी रेश्यो को देखें तो अडानी समूह की 10 कंपनियों का सम्मिलित इक्विटी रेश्यो 25 फीसदी पर था। वहीं मार्च 2022 तक अडाणी ग्रीन एनर्जी का इक्विटी रेश्यो केवल 2 फीसदी पर था। कुल मिलाकर अडाणी की 10 कंपनियों के टोटल ऐसेट्स 4.8 खरब डॉलर पर है।

## टॉप मैनेजमेंट को बुलाकर करेंगे बात : चेयरमैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अडाणी समूह के स्टॉक्स में निवेश को लेकर विवादों में चल रही देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी की टॉप मैनेजमेंट जल्द ही अडाणी समूह के टॉप मैनेजमेंट को बुलाकर हिंडनबर्ग के आरोपों और उसके बाद पैदा हुए हालात को लेकर बातचीत करेगी। एलआईसी के चेयरमैन एम आर कुमार ने ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एलआईसी की निवेश डिपार्टमेंट पहले ही अडाणी समूह से संपर्क कर चुकी है। एलआईसी के चेयरमैन ने कहा कि हम अडाणी समूह के टॉप मैनेजमेंट को बुलाकर बात करेंगे और हालात का जाएजा लेंगे। साथ ही भविष्य में उनकी योजनाओं के बारे में जानने का प्रयास करेंगे। एलआईसी ने कहा कि 31 दिसंबर 2022 तक उसका एसेट एंडर मैनेजमेंट 44.34 लाख करोड़ रुपये है और अडाणी समूह में उसका एक्सपोजर कुल एयूएम का 0.97 फीसदी है। इससे पहले मंगलवार 9 फरवरी को अडानी समूह के शेयरों में निवेश की चिंताओं के बीच केंद्र सरकार ने संसद में सफाई पेश की थी। सरकार ने संसद को बताया कि बीमा कंपनी एलआईसी ने सरकार को बताया है कि निवेश करते समय सभी नियमों का सख्ती से पालन करती है। वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड ने कहा कि एलआईसी ने सूचित किया है।

# किस्ट ऐप्स से हटा बैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक आदेश जारी करके इंटरनेट सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों को किस्ट, प्यूज का लेजीपे समेत कई ऐप्स पर लगे बैन को हटाने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद अब कई ऑनलाइन लोन देने वाली ऐप पर से बैन हट जाएगा। इससे पहले 8 फरवरी को केंद्र सरकार के सूचना मंत्रालय ने देशभर में ऑपरेट होने वाले कम से कम 232 ऐप्स पर बैन लगा दिया था। ईटी में छपी रिपोर्ट इसमें से कई ऑनलाइन ऐप्स ने सरकार के पास अपने डॉक्यूमेंट्स जमा कर यह सिद्ध कर दिया है कि यह रेगुलेटर ऐप्स हैं। ऐसे में सरकार ने अब कुछ ऐप्स पर से बैन हटाने का फैसला किया है। इकोनॉमिक्स टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक इन ऐप्स के द्वारा डॉक्यूमेंट्स जमा करने के बाद सरकार ने प्यूज के लेजीपे ऐप और किस्ट पर लगी रोक को हटाने का फैसला किया है। इस मामले पर सरकार एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर ईटी से कहा कि इस ऐप्स पर बैन लगाने के बाद से कई ऐप्स ने अपने डॉक्यूमेंट्स सरकार के पास जमा करवाए हैं। इसके बाद सरकार इन सभी डॉक्यूमेंट्स की जांच पड़ताल के काम में लगी है। ऐसे में जिन ऐप्स के कामकाज को सही पाया जा रहा है उन पर से बैन हटाए जाने का आदेश दिया जा रहा है। भारत में कई ऐप्स गैरकानूनी तरीके से ऑनलाइन सट्टे का कारोबार कर रहे थे। इसके साथ ही कई ऐसे ऐप्स भी ऑपरेट कर रहे थे जिनके तार चीन से जुड़े हैं। इसके अलावा कई ऐसे लोन ऐप्स थे जो आरबीआई के नियमों के अनदेखी करके लोगों ने मनमाने तरीके से ब्याज वसूल रहे थे। ऐसे में इन ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप्स से आम लोगों को बचाने के लिए बुधवार को सरकार ने कुल 232 ऐप्स को बैन कर दिया था।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से मांगा जवाब

# 13 को होगी सुनवाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार, 13 फरवरी तक सेबी से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने सेबी से कोर्ट को यह बताने के लिए कहा है कि भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए और मौजूदा ढांचा क्या है। कोर्ट ने यह भी कहा कि सेबी बताए कि नियामक ढांचे को कैसे मजबूत किया जाए। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि सेबी की प्रतिक्रिया में मौजूदा नियामक ढांचा शामिल है और निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है। बता दें, हिंडनबर्ग-अदाणी मामले में शीर्ष अदालत ने भारतीय निवेशकों को हुए लाखों करोड़ रुपये के नुकसान पर चिंता जताई है। अदालत ने भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए व्यवस्था में सुधार के लिए सेबी से सुझाव मांगे हैं। उसने एक विशेषज्ञ कमिटी बनाने का भी संकेत दिया। अगली सुनवाई सोमवार, 13 फरवरी को होगी।

# मैसी फर्ग्यूसन का ट्रैक्टर लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी और भारत में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर्स के निर्माता, टैफे - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, ने 'मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2023 के पहले सीजन की शुरूआत की है। ओरिजिनल और रचनात्मक आइडिया वाले किसानों, उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, व्यक्ति विशेष या संस्था के लिए यह भारत की अपनी तरह की पहली ऑनलाइन खोज है, जो मैसी फर्ग्यूसन डायनाट्रैक ट्रैक्टर का उपयोग करके जीवन में प्रभावशाली ढंग से सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता को रु. 7.5 लाख तक की कीमत का मैसी फर्ग्यूसन 241 डायनाट्रैक ट्रैक्टर भेंट किया जाएगा। इसके अलावा, पहले दो उपविजेताओं में से प्रत्येक को 8-ग्राम सोने का सिक्का, वहीं शीर्ष 20 चयनित प्रतिभागियों में से प्रत्येक को रु. 5000 मूल्य के गिफ्ट हैंपर्स दिए जाएँगे। इतना ही नहीं, पहली 100 वैध अर्लीबर्ड एंट्रीज में से प्रत्येक को रु. 500 मूल्य के गिफ्ट वाउचर्स और प्रतियोगिता के बारे में सर्वश्रेष्ठ 3 सोशल मीडिया पोस्ट्स को रु. 2000 के गिफ्ट वाउचर्स भी दिए जाएंगे। प्रतिभागी जाकर अपनी कॉन्टेस्ट एंट्री अपलोड कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन्स 27 फरवरी, 2023 तक खुले हैं। मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2023 के पहले सीजन के साथ, टैफे का उद्देश्य भारतीय कृषि और ग्रामीण उद्यमी समुदाय के बीच रचनात्मकता और नवाचार की भावना को पहचान देना है, ताकि उन्हें अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने का अवसर और मंच प्रदान किया जा सके। वर्तमान में, मैसी फर्ग्यूसन 20 लाख से अधिक प्रगतिशील ग्राहकों के मजबूत आधार के साथ भारत का सबसे पसंदीदा ट्रैक्टर ब्रांड है, जो अपने मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर्स की बेहतर तकनीक, अद्भुत प्रदर्शन और बेजोड़ बहुमुखी उपयोगिता के साथ ग्रामीण भारत के परिदृश्य को एक नया आकार दे रहे हैं।

**छंटनी** 1600 कर्मचारियों की छंटनी को लेकर कंपनी तैयार

# याहूः 6 माह के अंदर करेगी फैसला

एजेंसी। नई दिल्ली



दुनियाभर में बड़ी कंपनियों में छंटनी का सिलसिला जारी है। अब इस लिस्ट में बड़ी टेक कंपनी याहू का नाम भी जुड़ गया है। कंपनी ने अपने कुल वर्कफोर्ट के 20 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी का फैसला किया है। इस फैसले का असर कम से कम 1,600 कर्मचारियों पर पड़ेगा। विगत गुरुवार को कंपनी ने अपने 12 फीसदी कर्मचारियों को मेल करके जानकारी दी है कि दिन खत्म होने तक कम से कम 12 फीसदी यानी 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की जाएंगी। वहीं बाकी बचे 8 फीसदी कर्मचारी यानी 600 लोगों को अगले 6 महीने में निकाला जाएगा। याहू ने यह साफ कर दिया है कि वह अपने कुल वर्कफोर्स के 20 फीसदी लोगों की छंटनी करेगा। ऐसे में कुल 1,600 लोगों की नौकरी पर इसकी सीधा असर पड़ेगा। वहीं याहू के टेक कर्मचारियों में से करीब 50 फीसदी से अधिक लोगों पर इस छंटनी का प्रभाव पड़ेगा। इस छंटनी के याहु के सीईओ जीमलेंजोन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि यह छंटनी वैश्विक मंदी के कारण नहीं की जा रही है बल्कि याहू के नुकसान यूनिट्स की भरपाई के लिए की जा रही है। याहु के अलावा बड़ी मनोरंजन कंपनी डिजनी ने भी अपने 7,000 कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है। इस छंटनी का ऐलान कंपनी के सीईओ बॉब इगर ने किया है। उन्होंवे पिछले ही साल दिसंबर नृमें कंपनी के सीईओ पद को संभाला है। इसके अलावा आर्थिक मंदी के कारण कई बड़ी कंपनियों जैसे मेटा अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, सैप, ओएलएक्स व कुछ अन्य बड़ी कंपनियों ने अपने यहां बड़े स्तर पर स्टाफ को नौकरी से निकाला है।

## पेज एक के शेष

### सख्त शिकंजा...

उसका ओहदा बढ़ता गया। 2001 में उसे माओवादी संगठन में झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बना दिया गया। इस बीच दुर्योधन एक बार गिरफ्तार होकर जेल गया। जेल से साल 2013 में बाहर निकलने के बाद वह दोबारा नक्सली संगठन में शामिल हो गया था। साल 2018 में उसे फिर से झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बनाया गया।

मूलरूप से धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड अंतर्गत गेंदनावाडीह के रहनेवाले मिथिलेश सिंह का नाम झुमरा पहाड़ पर बने सीआरपीएफ कैंप पर हमला और खासमहल के सीआईएसएफ बैरक पर हमला कर हथियार लूट की घटना में सुर्खियों में आया था। वर्ष 2003 में चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर स्थित पुलिस थाने पर हमला कर उसने करीब दो दर्जन हथियार लूट लिए थे। मिथिलेश पर बोकारो में 58, चतरा में पांच, सरायकेला खरसावां में चार, खूंटी में 3 चाईबासा में 2, हजारीबाग में 26, धनबाद में एक और गिरिडीह जिले में पांच मामले दर्ज हैं। गौरतलब है कि इसके पहले गुरुवार को भी झारखंड के चतरा जिला निवासी 15 लाख के इनामी माओवादी नक्सली अभ्यास भुइयां उर्फ प्रेम भुइयां ने बिहार की गया पुलिस के समक्ष हथियार के साथ सरेंडर किया था। उसपर बिहार की पुलिस ने भी 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

**दुर्योधन को माओवादियों ने बताया गद्दार :** उधर, संगठन ने आत्मसमर्पण करनेवाले दुर्योधन महतो को गद्दार घोषित कर दिया है। बोकारो, गिरिडीह के उत्तरी छोटानागपुर कमेटी के रीजनल कमांडर रहे दुर्योधन उर्फ मिथलेश और उसकी पत्नी सुजाता को माओवादियों ने गद्दार करार दिया है। इसके बाद संगठन ने उत्तरी छोटानागपुर इलाके में दुर्योधन के स्थान पर रघुनाथ हेंब्रम उर्फ बीरसेन को रीजनल कमांडर बनाया गया। बीरसेन पर भी झारखंड पुलिस ने पूर्व से 25 लाख का ईनाम रखा है। मिथलेश के संगठन से अलग होने के बाद उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी ने एक पर्चा जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि दुर्योधन ने भाकपा माओवादी से गद्दारी करते हुए अपनी पत्नी ननकी कोड़ा उर्फ सुजाता को लेकर 15 जनवरी की रात आठ बजे भाग गया है। उसपर माओवादी पार्टी से 52.7 लाख रुपये नकद, एक टेबलेट, 83 हजार का एक मोबाइल फोन सहित कई डिजिटल उपकरण अपने साथ ले जाने का आरोप भी लगाया है।

### कोलकाता पुलिस को...

पदाधिकारी को आनन फानन में गिरफ्तार न किया जाए। कोलकाता पुलिस ने यह सवाल उठाया था कि बंगाल सरकार ने सीबीआई को दिया जानेवाला समान्य कंसेंट रद्द कर दिया है, ऐसे में बंगाल से जुड़े केस को सीधे सीबीआई नहीं जांच सकती। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि जांच पूरी नहीं होने तक कोलकाता पुलिस के किसी पदाधिकारी को गिरफ्तार नहीं किया जाए। कोलकाता पुलिस ने याचिका में दावा किया था कि ईडी और सीबीआई के द्वारा कोलकाता पुलिस के पदाधिकारियों पर गलत आरोप लगाया जा रहा है कि अमित अग्रवाल से मिलीभगत कर अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया। कोलकाता पुलिस ने याचिका में लिखा है कि ईडी या सीबीआई ने अपनी जांच में कोलकाता पुलिस के किसी पदाधिकारी की भूमिका पर कुछ नहीं कहा, लेकिन कानूनी तौर पर पूरे कोलकाता पुलिस पर भी उंगली उठा दी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

## दक्षिण कन्नड़ जिले में शाह का रोड शो रद्द

**कर्नाटक।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कर्नाटक के



सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील दक्षिण कन्नड़ जिले में शनिवार को होनेवाला रोड शो सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। शाह, केरल से शनिवार सुबह कर्नाटक पहुंचेंगे, विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और पुत्तूर शहर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अमित शाह की जिले की यात्रा के दौरान, उनकी सुरक्षा के लिए लगभग 3,500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रद्द किया गया रोड शो शनिवार शाम को मेंगलुरु शहर में होना था।

## भारत के विदेश सचिव नेपाल का करेंगे दौरा

**काठमांडू/नई दिल्ली।** नई दिल्ली और काठमांडू ने संयुक्त रूप से 13 फरवरी को भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा



की नेपाल की आगामी यात्रा की घोषणा की है। शुक्रवार को काठमांडू में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि क्वात्रा की दो दिवसीय यात्रा उनके नेपाली समकक्ष भरत राज पौडयाल के निमंत्रण पर हो रही है। पिछले साल 25 दिसम्बर को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल के पद संभालने के बाद भारत की ओर से यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा होगी।

## बोइंग ने पांच लाख डॉलर का दिया दान

**वाशिंगटन।** विमानन कंपनी बोइंग ने तुर्की में विनाशकारी भूकंप से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कंपनी के चेरिटेबल ट्रस्ट से 500,000 डॉलर के दान की घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कंपनी के हवाले से कहा कि बोइंग का दान अमेरिकन रेड क्रॉस के माध्यम से निर्देशित किया जाएगा और वैश्विक रेड क्रॉस और रेड क्रीसेंट नेटवर्क द्वारा भूकंप से बचाव और राहत प्रयासों के लिए नामित किया जाएगा। बोइंग इंटरनेशनल के अध्यक्ष ब्रेंडन नेल्सन ने कहाः इस भूकंप से भारी तबाही हुई है और इसके लिए वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता होगी।

# पीएम ने मुंबई में दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई झंडी

### पीएम ने इस दौरान मुंबई में कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

### 17 राज्यों के 108 जिले वंदे भारत एक्सप्रेस से हो चुके हैं कनेक्ट



**एजेंसी। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई-सोलापुर और मुंबई-साईंनगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस मौजूद रहे। पीएम ने इस दौरान मुंबई में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन से सबको सुविधा मिलेगी। रेलवे के लिए यह क्रांति है। वंदे भारत ट्रेन आज के आधुनिक होते भारत की बहुत ही शानदार तस्वीर है। यह भारत की स्पीड और स्केल दोनों का प्रतिबिंब है। अभी तक 10 ऐसी ट्रेनें शुरू हो चुकी हैं और 17 राज्यों के 108 जिले वंदे भारत एक्सप्रेस से कनेक्ट हो चुके हैं।

पीएम ने कहा कि आज देश में आधुनिक ट्रेनें चलाई जा रही हैं, मेट्रो का विस्तार हो रहा है, नए-नए एयरपोर्ट्स और पोर्ट्स बनाए जा रहे हैं। भारत के इतिहास में पहली बार 10 लाख करोड़ रुपये भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए रखे गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश किया गया हर रुपया नए रोजगार की संभावना बनाता है। यहां के लोग एलिवेटेड कॉरिडोर का इंतजार कर रहे थे। इस कॉरिडोर से जल्द ही 2 लाख से ज्यादा ट्रेनें चलेंगी। इससे लोगों का जीवन सुगम होगा। पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा।

### मुंबई और पुणे जैसे वित्तीय केंद्रों को जोड़ेंगी

**पीएम** ने कहा कि आज एक साथ दो वंदे भारत ट्रेनें शुरू हुई हैं। ये मुंबई और पुणे जैसे वित्तीय केंद्रों को हमारी भक्ति के केंद्रों से जोड़ेंगी। इससे कॉलेज जानेवाले और ऑफिस जानेवाले लोगों, किसानों और भक्तों को लाभ होगा। आज का दिन भारतीय रेल और विशेष रूप से मुंबई और महाराष्ट्र की कनेक्टिविटी के लिए बहुत बड़ा है। इससे सभी को सुविधा मिलेगी और यह महाराष्ट्र में पर्यटन और तीर्थ यात्रा को बहुत अधिक बढ़ावा देने वाली है।

# तीन साल बाद फिलीपींस लौटे अंतरराष्ट्रीय जहाज

**एजेंसी। मनीला**

कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल के निलंबन के बाद पहली बार फिलीपींस में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज जहाज संचालन फिर से शुरू हो गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने फिलीपीन पोर्ट्स अथॉरिटी (पीपीए) के महाप्रबंधक जे सैंटियागो के हवाले से एक बयान में कहा : गुरुवार को देश के विभिन्न हिस्सों में परिचालन फिर से शुरू होने के साथ ही क्रूज जहाज अब पर्यटन परिदृश्य में वापस आ गए हैं। सैंटियागो ने कहा कि इलोकोस सुर, पलावन और बोहोल के प्रांतों में पर्यटक स्थल 1,400 से अधिक यात्रियों के साथ तीन क्रूज जहाजों के गंतव्यों में से हैं और दक्षिण पूर्व एशियाई देश इन अंतर्राष्ट्रीय लक्जरी जहाजों का स्वागत करने में गर्व महसूस कर रहे हैं।



# विक्टोरिया गौरी की जांच नहीं की जा सकती : उच्चतम न्यायालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति एल. विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति की उपयुक्तता की जांच नहीं कर सकता। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बी. आर. गवई की पीठ ने कहा कि अदालत ने संविधान पीठ के फैसलों का अध्ययन किया है, हम उम्मीदवार की उपयुक्तता पर विचार नहीं कर सकते हैं। 7 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इसकी काफी मजबूत जांच प्रक्रिया है और याचिकाकर्ता इसे बहुत अधिक खींच सकते हैं, क्योंकि उनके वकील ने लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश पर सवाल उठाया था।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति गौरी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन से कहा था कि पात्रता और उपयुक्तता के बीच अंतर है, जहां तक उपयुक्तता का संबंध है, कोई कह सकता है कि इसे रिट याचिका का विषय बनाया जा सकता है और पात्रता का पहलू केवल संविधान के तहत आवश्यक मुद्दा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा था कि जब कॉलेजियम कोई फैसला लेता है तो वह उस विशेष उच्च न्यायालय से आए सलाहकार न्यायाधीशों की भी राय लेता है और आप यह नहीं मान सकते कि विशेष उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी इन सभी बातों से अवगत नहीं हैं। रामचंद्रन ने कहा कि परामर्शदाता न्यायाधीश सोशल मीडिया पोस्ट से अवगत नहीं हो सकते और यह नहीं मान सकते कि प्रत्येक न्यायाधीश सार्वजनिक डोमेन में प्रत्येक ट्वीट को पढ़ता है। जस्टिस गवई ने कहा : हम भी परामर्शी न्यायाधीश रहे हैं और जब हम अपनी राय देते हैं, तो यह सभी कारकों पर आधारित होती है, मेरी भी राजनीतिक पृष्ठभूमि है और मैं 20 वर्षों से न्यायाधीश हूं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी समय मेरे राजनीतिक विचार आड़े आए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने एआईबीई को बताया वैध



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) की वैधता की पुष्टि करते हुए कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के पास परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त शक्तियां हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि अधिवक्ता अधिनियम बीसीआई को मानदंड निर्धारित करने के लिए पर्याप्त अधिकार प्रदान करता है। पीठ में शामिल जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस ए.एस. ओका, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस जे. के. महेश्वरी ने कहा कि नामांकन से पहले या बाद में परीक्षा आयोजित करने का फैसला बीसीआई को करना है। पीठ ने जोर देकर कहा कि एक नामांकित अधिवक्ता, जो कम से कम पांच साल के लिए गैर-कानूनी नौकरी करता है, को प्रैक्टिस करने के लिए फिर से एआईबीई परीक्षा में बैठना होगा। एक वकील के रूप में अनुभव की गणना बाद में की जाएगी।

### बीबीसी पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 2002 के गुजरात दंगों पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन' के प्रसारण पर बीबीसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली हिंदू सेना की जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत सेंसरशिप नहीं लगा सकती है, याचिका गलत है। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश ने याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद से पूछा, आप चाहते हैं कि हम पूरी तरह से सेंसरशिप लगा दें। वकील ने पीठ से याचिकाकर्ता को सुनने का आग्रह किया। पीठ ने कहा : यह (याचिका) क्या है? अधिवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि मामले की सुनवाई की जानी चाहिए।

# खेल गतिविधियों के लिए जाना जा रहा कश्मीर : अनुराग ठाकुर

### जो पहले करते थे पत्थरबाजी अब वो खेल में दिखा रहे दम



**एजेंसी। श्रीनगर**

केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि घाटी पहले पथराव के लिए जानी जाती थी, लेकिन अब यह खेल गतिविधियों के लिए जानी जाती है। गुलमर्ग स्की रिजॉर्ट में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले पथराव के लिए जाने जाने वाले स्थानीय युवा अब खेलों में दम दिखा रहे हैं, जिससे देश को उन पर गर्व है। जम्मू-कश्मीर में 3 साल में स्थिति बदल गई है जो 75 साल में नहीं किया जा सका था। यह वास्तव में हम सभी के लिए गर्व की बात है कि जम्मू और कश्मीर तीसरी बार खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी कर रहा है। उन्होंने कहा : जम्मू और कश्मीर में जल्द ही कई स्टार एथलीट होंगे, क्योंकि युवा खेलों पर ध्यान दे रहे हैं, चाहे वह फुटबॉल हो या वुशु, क्रिकेट, स्कीइंग या अन्य खेल गतिविधियां। जम्मू-कश्मीर के हर जिले में अब एक इनडोर स्टेडियम और हर गांव में एक खेल का मैदान है, जो खुद बताता है कि स्थिति कैसे बदली है।

FILMY हलचल

## गोरी कैसे हुई, पूछने वाले ट्रोलर्स को काजोल का जवाब



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस काजोल स्किन टोन को लेकर अक्सर ट्रोल होती हैं। ऐसे में एक्ट्रेस ने एक फोटो शेयर कर ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। काजोल की सोशल मीडिया पर यह फोटो तेजी से वायरल हो रही है। काजोल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फुल फेस ब्लैक मास्क और सन ग्लासेज पहनी हुई फोटो शेयर की हैं। फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- ये उन लोगों के लिए है जो ये पूछते हैं कि मैं गोरी कैसे हुई। एक्ट्रेस ने पोस्ट में हैशटैग सन ब्लॉक्ड और एसपी फन बीटेबल का भी इस्तेमाल किया है। बॉलीवुड की बात करें तो काजोल आखिरी बार फैमिली एंटरटेनर फिल्म 'सलाम वेंकी' में नजर आई थीं।

## राजा, डिवाइन, किंग ट्रैविस के साथ वायरलेस 2023 में देंगी प्रस्तुति



भारतीय रैपर राजा कुमारी अबू धाबी में वायरलेस 2023 म्यूजिक फेस्ट में परफॉर्म करेंगी। 11 मार्च, 2023 के उत्सव में राजा कुमारी के 'सिटी स्लम्स' के सह-रैपर डिवाइन और भारतीय रैपर किंग के साथ हेडलाइनर के रूप में ट्रैविस स्कॉट भी हैं। राजा कुमारी वर्तमान में 'कीप वॉकिंग' गाने पर जॉन लीजेंड के साथ अपने नवीनतम सहयोग की सफलता का जश्न मना रही हैं। उत्सव के बारे में बात करते हुए, राजा कुमारी ने कहा : मैं धीरे-धीरे अपनी बकेट लिस्ट से चीजों को पार कर रही हूं। इस बड़ी खबर को साझा करने के लिए मेरा दिल खुशी से भर गया है, क्योंकि हम सभी संगीत का जश्न मनाने के लिए एक साथ हैं। मैं सभी की बहुत आभारी हूं। वायरलेस संगीत समारोह यूके में सबसे प्रसिद्ध संगीत समारोहों में से एक है और यह मध्य पूर्व की पहली यात्रा होगी। इस फेस्टिवल में लिल उजी वर्ट, वेग्ज, ब्लैक शेरिफ और अली गेटी जैसे अन्य वैश्विक संगीत सितारे भी शामिल होंगे।

आक्रोश | चीनी उइगरों में सरकार के खिलाफ गुस्सा

# गवर्नर को गिरफ्तार करने की मांग

**एजेंसी। लंदन**

लंदन स्थित एक असंतुष्ट समूह वर्ल्ड उइघर कांग्रेस (डब्ल्यूयूसी) ने ब्रिटिश अटॉर्नी जनरल से अनुरोध किया है कि अगर चीन के स्वायत्तशासी क्षेत्र शिनजियांग के गवर्नर अगले सप्ताह लंदन का दौरा करते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार करने और उन पर मुकदमा चलाने की अनुमति दें। एक बयान में, डब्ल्यूयूसी ने कहा कि झिंजियांग के गवर्नर एरकिन तुनियाज, चीन के उत्तर-पश्चिम में उइगर लोगों और अन्य तुर्क समूहों के खिलाफ गंभीर मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार हैं। यह उइगरों, जो ज्यादातर मुस्लिम हैं, के खिलाफ चीन की अपरिपक्वीकरण नीति का एक हिस्सा है। इसमें कहा गया है,



(लंदन) मेट्रोपॉलिटन पुलिस की युद्ध अपराध टीम, एसओ 15 को जांच के लिए सबूत दिए गए हैं, जिससे तुनियाज की गिरफ्तारी हो सकती है। चीन वर्षों से उइगर क्षेत्र में यातना शिविरों का एक विशाल नेटवर्क चला रहा है। डब्ल्यूयूसी द्वारा एक शिविर के उत्तरजीवी के रूप में वर्णित एक व्यक्ति, ईरबाकिट ओटारबे का प्रतिनिधित्व, एक पुरस्कार विजेता मानवाधिकार वकील माइकल पोलाक द्वारा किया जाता है। पोलाक को द गार्जियन ने यह कहते हुए उद्धृत किया था, चूंकि मुवक्किल अमेरिका में है और यातना का कथित शिकार है, इसलिए वह तुनियाज के खिलाफ मामला दर्ज करने का हकदार है। तुनियाज ऋषि सुनक सरकार के निमंत्रण पर लंदन जाएंगे।

झिंजियांग के राजनीतिक शरणार्थी समूहों ने उन्हें आमंत्रित करने के ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त किया। उनमें से एक ने इसे समझ से बाहर कहा। ब्रिटिश सांसदों का एक वर्ग भी नाराज था। उन्होंने आरोप लगाया कि तुनियाज ने उइगरों के उत्पीड़न में एक केंद्रीय भूमिका निभाई थी। दो साल पहले, ब्रिटिश संसद ने उइगर मुसलमानों के इलाज को नरसंहार घोषित किया था।

## वैलेंटाइन के मौके पर 'प्यार होता कई बार है' गाना रिलीज

**रणबीर** कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म का पहला गाना 'तेरे प्यार में' रिलीज किया गया, जिसे काफी पसंद



किया गया और अब नया गाना 'प्यार होता कई बार है' रिलीज किया गया है। गाने में रणबीर कपूर सोलो परफॉर्म कर रहे हैं। यह गाना वैलेंटाइन स्पेशल है। 'प्यार होता कई बार है' गाना सिंगल्स को डेडिकेटेड है। गाने में ये मैसेज दिया गया है कि प्यार एक नहीं बल्कि कई बार हो सकता है, तो निराश होने के बजाए दूसरे प्यार की तलाश कीजिए जो आपकी जिंदगी में फिर से खुशियां ले आए। गाने को देख आपको रणबीर के सुपरहिट गाने 'बदतमीज दिल' की याद आ जाएगी। गाने को दो अलग-अलग पार्टी के सेटअप में शूट किया गया हैः एक नाइट क्लब और दूसरा एक ओपन टैरेस पार्टी। गाने में कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी भी हैं। गाने का म्यूजिक हिट मशीन प्रीतम द्वारा तैयार किया गया है, अरिजीत सिंह द्वारा गाने को गाया गया है और अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखे गए हैं। 'तू झूठा मैं मक्कार' लव रंजन द्वारा निर्देशित, लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित और टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत है।

## मोहनलाल से मिले करण जौहर

**बॉलीवुड** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में मलयालम के सुपरस्टार मोहनलाल से मुलाकात की और इस मुलाकात को 'फैन मोमेंट' करार दिया। शुक्रवार को करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर प्राइवेट जेट में क्लिक की गई मोहनलाल के साथ अपनी एक फोटो शेयर की। फोटो में करण फंकी लुक में नजर आ रहे है। वहीं सुपरस्टार मोहनलाल ने ब्लैक डेनिम पैंट के साथ हरे रंग की शर्ट पहनी हुई है। कैप्शन में, केजेओ ने अपनी आइडल के लिए एक प्यारा सा नोट लिखा, कुछ दिनों पहले जब मैं मोहन लाल सर से पहली बार मिला, तो वह मेरा सबसे बड़ा फैन मोमेंट था। हम एक परिवार की शादी के लिए एक साथ एक फ्लाइट पर थे और मैं पूरी तरह से चकित रह गया।